खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 07 अक्टूबर 2025 । वर्ष – 69 । अंक – 322 पृष्ठ – 12 मूल्य – 3.00 रु.

■ मुख्य न्यायाधीश... ■ संघ के सौ बरस... 04
■ भारत के खिलाफ बांग्लादेश में एक्टिव... ■ उत्तर कोरिया ने की घातक हथियारों की... 09
■ सोना एक दिन में 9,700 रुपए उछलकर... ■ त्योहारी सीजन में भारी बढ़ोत्तरी से राहत... 11
■ टीम कल्चर के ... ■ पाक को पीटकर... 10

सार संक्षेप

## चिकित्सा क्षेत्र में मैरी, फ्रेड और शिमोन को नोबल पुरस्कार



**स्टॉकहोम, (एजेंसियां)।** वर्ष 2025 के चिकित्सा क्षेत्र के नोबेल पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को मेडिसिन के नोबेल पुरस्कार विजेताओं को नाम का ऐलान किया है। इस साल तीन वैज्ञानिकों- मैरी ई. ब्रुनको, फ्रेड रामस्डेल और शिमोन सकागुची को चिकित्सा क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार शरीर की रक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) को बेहतर समझने की खोज- पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस के लिए मिला है। इन खोजों ने अनुसंधान की नई राह खोल दी है। इससे कैंसर तथा ऑटोइम्यून रोगों के उपचारों को और प्रभावी बनाने में मदद मिल सकती है। ब्रुनको सिएटल स्थित इंस्टीट्यूट फॉर सिस्टम्स बायोलॉजी में वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक हैं। रामस्डेल सैन फ्रांसिस्को स्थित सोनोमा बायोथेरेप्यूटिक्स के वैज्ञानिक सलाहकार हैं। साकागुची जापान के ओसाका विश्वविद्यालय के इम्यूनोलॉजी फ्रंटियर रिसर्च सेंटर में एक प्रतिष्ठित प्रोफेसर हैं।

## 42 प्रतिशत आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तेलंगाना सरकार के स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ा वर्ग (बीसी) के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के फैसले को चुनौती देने वाली वंगा गोपाल रेड्डी की याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने मामले की सुनवाई की और हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता को सुझाव दिया कि वे उचित राहत के लिए तेलंगाना उच्च न्यायालय का रुख करें।

बिरादरी की बात

**चूहा–सुनती हो**– बेतहाशा बढ़े बिजली बिलों को लेकर कई जिलों से लोग भोपाल प्रदर्शन करने पहुंचे हैं।
**चुहिया– हां प्रिये**– बिलों के करंट ने रसोई का हिसाब–किताब तक बिगाड़ दिया है।





जयपुर की अस्पताल में भीषण आग

# 6 मरीज जिन्दा जले

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में रविवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग लगने से 6 मरीजों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य मरीज गंभीर रूप से घायल हैं। यह हादसा रविवार रात करीब 12.30 बजे ट्रॉमा सेंटर की दूसरी मंजिल स्थित आईसीयू में हुआ, जब अधिकांश मरीज वेंटिलेटर और अन्य लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर थे।



अस्पताल प्रशासन के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है। ट्रॉमा सेंटर प्रभारी डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि- हादसे के वक्त आईसीयू और सेमी-आईसीयू में कुल 18 मरीज भर्ती थे। इनमें से 11 मरीज उसी वार्ड में थे, जहां आग लगी थी। आग लगते ही वहां मौजूद मशीनों से उठे धुएं और जहरीली गैसों ने स्थिति और गंभीर बना दी। कई मरीज पहले से ही गंभीर हालत में थे या कोमा में थे, जिससे उनका रेस्पॉन्स कमजोर था। जब तक मरीजों को नीचे शिफ्ट किया गया, तब तक 6 मरीजों ने दम तोड़ दिया। मृतकों में 4 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। दमकल विभाग द्वारा करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। 18 मरीजों को तुरंत दूसरे वार्डों और अस्पताल के सुरक्षित हिस्सों में शिफ्ट किया गया। इनमें से 5 की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है।

कफ सिरप से बच्चों की मौत पर राज्य शासन ने उठाए कड़े कदम

# सभी दोषियों पर होगी कठोर कार्रवाई : मुख्यमंत्री

## दो औषधि निरीक्षकों और उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन को किया निलंबित, ड्रग कंट्रोलर स्थानांतरित

***भोपाल, देशबन्धु।*** *कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामले में जहां चौतरफा हड़कंप है वहीं राज्य शासन ने कठोर कदम उठाना शुरू कर दिया है। अपने सभी कार्यक्रम छोड़कर छिंदवाड़ा पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि छिंदवाड़ा प्रकरण में सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार सजग और संवेदनशील है, मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।*

*इस क्रम में औषधि निरीक्षक छिंदवाड़ा गौरव शर्मा, औषधि निरीक्षक जबलपुर शरद कुमार जैन, उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन शोभित कोस्टा को निलंबित और ड्रग कंट्रोलर दिनेश मौर्य को अन्यत्र स्थानांतरित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा प्रकरण के संबंध में सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर उच्च स्तरीय बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैडियाट्रिक्स सहित चिकित्सकों के विभिन्न संगठनों और केमिस्ट एसोसिएशन के सहयोग से आवश्यक सावधानियां अपनाने और जागरूकता फैलाने के लिए कदम उठाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी स्थिति दोबारा न बने इसके लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरती जाएं।*



छिंदवाड़ा पहुंचे मुख्यमंत्री मिले पीड़ित परिवारों से, ली उच्च स्तरीय बैठक

### दवा कंपनी का सच तलाशने तमिलनाडु जाएगा विशेष जांच दल

मध्यप्रदेश में कफ सिरप 'कोल्ड्रिफ़' पीने से 16 बच्चों की मौत के मामले की जांच अब एसआईटी करेगी। पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए 12 सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है।

**कब्र से निकाला गया शव**–मामले की सच्चाई तक जाने के लिए शव पोस्टमार्टम भी किया जाएगा। इसके लिए इस अंतिम पीड़िता दो वर्षीय योगिता ठाकरे के शव को कब्र से बाहर निकाला गया है। अब हुई 16 मौतों में ये पहला पोस्टमार्टम होने जा रहा है। छिंदवाड़ा कलेक्टर ने बताया कि 8 बच्चे अभी नागपुर में इलाजरत हैं, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### उप्र ने भी कफ सिरप पर लगाई रोक

मध्यप्रदेश में खांसी की संक्रमित दवा से बच्चों की मौत की खबरों के बाद यूपी में संबंधित कंपनी की खांसी की दवा न बेचने को लेकर आदेश जारी किए गए हैं। उत्तर प्रदेश की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने आदेश में कहा है कि M/S Sresan Pharmaceutical कंपनी की खांसी की दवा या कंपनी की बनी कोई और खांसी की दवा अब राज्य में बेची नहीं जाएगी। दवा दुकानों से यह सिरप हटाने के लिए कहा गया है।

**गिरफ्तार डॉक्टर ने कहा- मिलावट के लिए मैं जिम्मेदार नहीं**

गिरफ्तार किए गए डॉक्टर प्रवीण सोनी ने कहा कि मैं पिछले 40 वर्षों से प्रैक्टिस कर रहा हूं, जिसमें से 15 साल बच्चों को सर्दी, जुकाम और बुखार की दवाइयां देने में बीते हैं। उन्होंने दावा किया कि अगर दवा में कोई मिलावट है तो इसके लिए वह जिम्मेदार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि दवाओं में वास्तविक गड़बड़ी क्या थी।

### अभियान चलाकर घर-घर से रिकवर करें प्रतिबंधित दवा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कोल्ड्रिफ सिरप के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही दुकानों में विद्यमान स्टॉक जप्त किया जाए। छिंदवाड़ा और आसपास के जिलों में जिन परिवारों ने यह दवा ली है, उनके घरों से दवा रिकवर करने के लिए सघन अभियान चलाया जाए। आशा-ऊषा कार्यकर्ताओं के साथ ही सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों का सहयोग लिया जाए। कोल्ड्रिफ सिरप दवा के अलावा पिछले दिनों क्षेत्र में बिकने वाली अन्य दवाओं की प्रभावशीलता का भी आकलन कराया जाए। दवाओं पर जो चेतावनी और सावधानियां लिखी जानी चाहिए, वह लिखी जा रही हैं या नहीं इसकी जांच के लिए अभियान आरंभ किया जाए।

## सीजेआई से अभद्रता करने वाले पर नहीं होगी कानूनी कार्रवाई, पुलिस ने रिहा किया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के अंदर मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर कथित तौर पर जूता फेंकने वाले 71 वर्षीय वकील से पूछताछ के तीन घंटे बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। इसकी वजह यह रही कि क्योंकि शीर्ष अदालत के रजिस्ट्रार जनरल ने उनके खिलाफ आरोप लगाने से इनकार कर दिया।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने दिल्ली पुलिस से जूते और दस्तावेज वकील राकेश किशोर को सौंपने को भी कहा। सूत्रों के मुताबिक उच्चतम न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल से मंजूरी लेने के बाद दिल्ली पुलिस की सुरक्षा इकाई और नई दिल्ली जिला पुलिस के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की।

**बार काउंसिल ने कर दिया निलंबित**

बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने अधिवक्ता राकेश किशोर को भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने का प्रयास करने के बाद तत्काल प्रभाव से अदालतों में प्रैक्टिस करने से निलंबित कर दिया है। भाजपा सांसद और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने कहा कि यह बेहद दुखद और शर्मनाक है।

### बरेली हिंसा में अब तक 83 गिरफ्तार

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली हिंसा मामले में पुलिस प्रशासन की लगातार कार्रवाई जारी है। इस मामले में अब तक 83 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। मौलाना तौकीर रजा के करीबी और बरेली हिंसा में आरोपी डॉक्टर नफीस और नदीम पर एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। तौकीर रजा के करीबियों पर बरेली कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है।

## प्रधान के पति की हत्या में 23 लोगों को आजीवन कारावास

**रामपुर।** आठ वर्ष पूर्व जमीन के विवाद में महिला प्रधान के पति की गोली मारकर हत्या करने व दो लोगों को घायल करने के मामले में जनपद न्यायाधीश भानु देव शर्मा ने 23 लोगों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियुक्तों पर 19.55 लाख रुपये का जुर्माना भी डाला है।

अभियोजन के अनुसार हत्या की वारदात मिलक कोतवाली क्षेत्र में वर्ष 2017 में हुई थी। गंगापुर शर्की गांव निवासी संजीव पांडेय की पत्नी सोनू देवी प्रधान थीं। पड़ोस के गांव घोसीपुरा के कुछ लोग सरकारी जमीन पर कब्जा करना चाहते थे, जिसका प्रधान पक्ष विरोध कर रहा था। इसी को लेकर दूसरा पक्ष प्रधान व उसके परिवार से रंजिश मानता था। 22 जुलाई 2017 की शाम को प्रधान के पति संजीव पांडेय अपने भाई राजीव,

**आठ साल पहले जमीनी विवाद में हुई थी हत्या**

ताराचंद्र व गांव के बाबूराम, अखिलेश आदि के साथ ट्रैक्टर व कार से गांव के जंगल में विवादित जमीन पर पहुंचे। वहां पहले से घात लगाए बैठे दूसरे पक्ष के लोगों ने उन पर फायरिंग कर दी। वे जान बचाने को भागे तो लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। इस हमले में संजीव ताराचंद्र और अखिलेश गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए बरेली ले जाया गया था। वहां उपचार के दौरान प्रधान के पति संजीव पांडेय की मौत हो गई थी। इस मामले में बाबूराम की ओर से 26 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसमें 25 लोगों को नामजद किया गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद 23 लोगों के खिलाफ बलवा, हत्या, जानलेवा हमला करने की धारा में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था।

## बिहार में 6 और 11 नवम्बर को मतदान

### 10 को जारी होगी अधिसूचना, 14 नवम्बर को आएंगे नतीजे

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** बिहार में विधानसभा चुनाव दो चरणों- छह और 11 नवंबर को कराया जाएगा तथा मतगणना 14 नवम्बर को होगी। राज्य की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि छह नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए अधिसूचना 10 अक्टूबर को जारी की जाएगी।



नामांकन 17 अक्टूबर तक कराए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 18 अक्टूबर को होगी और नाम 20 अक्टूबर तक वापस लिए जा सकेंगे। दूसरे चरण में 11 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी की जाएगी और नामांकन 20 अक्टूबर तक किया जा सकेगा। नामांकन पत्रों की जांच 21 अक्टूबर को होगी तथा 23 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

- ♦ राज्य की 243 सीटों के लिए 7.42 करोड़ हैं कुल मतदाता
- ♦ 14लाख पहली बार मतदान करेंगे

श्री कुमार ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया 16 नवंबर तक पूरी कर ली जाएगी। इस चुनाव में राज्य के कुल 7.42 करोड़ मतदाता 90712 मतदान केंद्रों पर मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। आयोग ने चुनाव व्यवस्था संभालने के लिए साढे आठ लाख कर्मियों की व्यवस्था की है। मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयुक्त डॉ विवेक जोशी तथा सुखबीर सिंह संधु के लावा आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का भी ऐलान**–चुनाव आयोग ने 7 राज्यों में 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीख का भी घोषणा की है. इन चुनावों के मतदान 11 नवंबर, 2025 को डाले जाएंगे। जिन सीटों पर उपचुनाव होंगे, उनमें राजस्थान की अंटा, जम्मू-कश्मीर की बडगाम और नागरोटा, पंजाब की तरनतारन, झारखंड की घाटशिला, तेलंगाना की जुबली हिल्स, मिजोरम की डांपा और ओडिशा की नुआपाड़ा सीट शामिल हैं। इन सीटों पर भी चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को ही आएंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि बिहार में इस बार 90,712 पोलिंग बूथ होंगे। शहरी क्षेत्रों में 13,911 और ग्रामीण क्षेत्रों में 76,801 बूथ होंगे। 1,044 पोलिंग बूथों की जिम्मेदारी महिलाओं के पास होगी।

अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
JAN JYOTI SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur



Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

शिकायत | प्रदेश के अलग-अलग जिलों से उपभोक्ता पहुंचे भोपाल, बताया दर्द

# 200 की जगह आ रहा 2000 का बिजली बिल

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में सोमवार को प्रदेशभर से आए सैकड़ों बिजली उपभोक्ताओं ने एकजुट होकर अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाई। विरोध प्रदर्शन में महिला और पुरुष दोनों बड़ी संख्या में शामिल हुए। इन उपभोक्ताओं ने कहा कि- जिन घरों में पहले 200 रुपये के आसपास बिजली बिल आता था, अब वहां 2000 रुपये या उससे अधिक का बिल भेजा जा रहा है।

**स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों को लेकर सामने आई जन-पीड़ा**–प्रदर्शन में शामिल उपभोक्ताओं ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिजली बिलों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। कोई 10 हजार का बिल दिखा रहा है, तो किसी के घर में दो बार 6-6 हजार का बिल आया। कई लोगों ने बताया कि उन्होंने बिजली का उतना इस्तेमाल ही नहीं किया, फिर भी बिल हजारों में आ रहा है।

**महिलाएं बोलीं- बजट बिगड़ गया** –इस प्रदर्शन में शामिल गृहिणियों ने कहा कि रसोई, बच्चों की




पढ़ाई और घरेलू खर्च के बीच बिजली का इतना बड़ा बिल अब असहनीय होता जा रहा है। वहीं, पुरुष उपभोक्ताओं ने कहा कि अब मीटर की रीडिंग नहीं, ऐप और रीचार्ज सिस्टम का झंझट है। हर महीने डर लगा रहता है कि अब कितना बिल आएगा।

**स्मार्ट मीटरों ने आम उपभोक्ताओं की आर्थिक कमर तोड़ दी**–एसोसिएशन की संयोजक रचना अग्रवाल और पदाधिकारी लोकेश शर्मा के अनुसार, स्मार्ट मीटरों ने आम उपभोक्ताओं की आर्थिक कमर तोड़ दी है। जगह-जगह से लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही हैं, जिनमें उपभोक्ताओं के बिल दस गुना तक बढ़े हुए मिले हैं। भोपाल, ग्वालियर, गुना, सीहोर, सतना, ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

**प्रमुख मांगें**

1. बिजली क्षेत्र के निजीकरण की नीति रद्द हो।
2. बिजली संशोधन विधेयक 2022 को खारिज किया जाए।
3. स्मार्ट मीटर लगाने की योजना को तुरंत रोका जाए।
4. बिजली बिल की हार्ड कॉपी फिर से जारी की जाए।
5. स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने डिजिटल मीटर लगाए जाएं।
6. स्मार्ट मीटर विरोधियों पर दर्ज एफआईआर वापस हों।
7. गलत और बढ़े हुए बिजली बिल तत्काल रद्द किए जाएं।
8. उपभोक्ताओं को सिर्फ उचित और पारदर्शी बिल दिए जाएं।
9. बिजली दरें गरीबों की पहुंच में हों, न्यूनतम स्तर पर तय की जाएं। (इनके साथ अन्य मांगें भी शामिल हैं)

# देश-विदेश

## भारतीय नौसेना में शामिल हुआ आईएनएस एंड्रोथ

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने सोमवार को अपने बेड़े में आईएनएस एंड्रोथ को औपचारिक रूप से शामिल कर लिया। यह भारतीय नौसेना का दूसरा एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट है, जिसे एक नेवल डॉकयार्ड, विशाखापत्तनम में कमीशन किया गया है। नौसेना का कहना है कि आईएनएस एंड्रोथ भारत की समुद्री आत्मनिर्भरता का एक शानदार प्रतीक है।



### नेपाल में बारिश से भारी तबाही

## 51 लोगों की मौत, भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ



**काठमांडू।** नेपाल में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। बारिश के कारण कई जगहों पर बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाएं आई हैं, जिससे अब तक 51 लोगों की जान चली गई है और 20 से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। नेपाल पुलिस द्वारा रविवार दोपहर तक जारी आंकड़ों के अनुसार, सबसे ज्यादा नुकसान कोशी प्रदेश में हुआ है। खासकर इलाम जिले में हालात बेहद गंभीर हैं, जहां अकेले 37 लोगों की मौत हो चुकी है। राहत और बचाव कार्य जारी है, लेकिन खराब मौसम के कारण दिक्कतें आ रही हैं।

लगातार बारिश के कारण काठमांडू आने-जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों पर भूस्खलन और जलभराव की स्थिति बनी रही। शनिवार को पूरे दिन यातायात पर रोक रही। हालांकि रविवार को मौसम थोड़ा साफ हुआ, जिसके बाद कुछ जरूरी सेवाओं जैसे आपातकालीन वाहन और सामान लाने-ले जाने वाले ट्रकों को दिन में चलने की इजाजत दी गई। लेकिन रात में अब भी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लागू है।

खराब मौसम की वजह से हवाई सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से काठमांडू, पोखरा, जनकपुर, भरतपुर और भद्रपुर के लिए उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**भारत ने जताया दुख, मदद का भरोसा**-नेपाल में हुई इस प्राकृतिक आपदा पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि नेपाल में भारी बारिश से हुई जनहानि बेहद दुखद है और इस कठिन समय में भारत नेपाल के साथ खड़ा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भारत, एक मित्र देश और पहले उत्तरदाता के रूप में, हर संभव मदद देने को तैयार है।

**पांच प्रांतों में सक्रिय है मानसून**-नेपाल के मौसम विभाग के अनुसार, इस समय देश के सात में से पांच प्रांतों—कोशी, मधेश, बागमती, गंडकी और लुंबिनी—में मानसून सक्रिय है। लगातार बारिश के कारण कई इलाकों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। सरकार और आपदा प्रबंधन टीमें पूरी तरह अलर्ट पर हैं।

**राहत कार्य जारी, प्रशासन अलर्ट**-सरकारी एजेंसियां और बचाव दल राहत कार्यों में जुटे हुए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। साथ ही, प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे खराब मौसम के दौरान यात्रा से बचें और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

## इमैनुएल मैक्रों को बड़ा झटका, एक महीने भी कुर्सी पर क्यों नहीं टिक पाए फ्रांस के प्रधानमंत्री

**फ्रांस।** फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नु ने एक महीने में ही इस्तीफा दे दिया है। बजट पेश न कर पाने और राजनीतिक गतिरोध में नाकाम रहने के बाद लोकोर्नु ने अपना इस्तीफा दिया है। लोकोर्नु के इस्तीफा देते ही पेरिस स्टॉक एक्सचेंज में 1.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक लोकोर्नु ने यह इस्तीफा कैबिनेट गठन के कुछ ही घंटे बाद दिया। लोकोर्नु के खिलाफ विपक्षी दलों ने संसद में अविश्वास प्रस्ताव भी पेश किया था, जिसका वे सामना नहीं कर पाए।

रिपोर्ट के मुताबिक कैबिनेट गठन के बाद कैबिनेट की बैठक बुलाई गई थी, लेकिन बैठक से पहले ही लोकोर्नु ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। दरअसल, लोकोर्नु को यह अंदेशा हो गया था कि उन्हें अब संसद में एक्सेप्ट नहीं किया जाएगा। किरकिरी से बचने के लिए उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया है।

### एक महीने में ही क्यों छोड़ी कुर्सी?

करीब एक महीने पहले लोकोर्नु को मैक्रों ने प्रधानमंत्री नियुक्त किया था, लेकिन विपक्षी पार्टियों ने उनकी नियुक्ति



का विरोध करना शुरू कर दिया। 2 मुख्य कारणों से लोकोर्नु का विरोध हो रहा था।

1. 2024 में जब आम चुनाव कराए गए, तब किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिली, लेकिन राष्ट्रपति मैक्रों ने अपने करीबी नेताओं को प्रधानमंत्री की कुर्सी सौंप दी। इस कड़ी में फ्रांस बायरु को पीएम की कुर्सी दी गई। उस वक्त मैक्रों पर अपने करीबियों के लिए संविधान पर अतिक्रमण का आरोप लगा। हालांकि बायरु ज्यादा दिनों तक कुर्सी पर टिक नहीं पाए। लेकोर्नु को पीएम की कुर्सी सौंपी गई। लेकोर्नु भी सदन का विश्वास हासिल नहीं कर पाए।

2. फ्रांस की आर्थिक हालात काफी खराब है। सरकार पर लगातार कर्ज बढ़ रहा है। लोग इसे खत्म करने के लिए लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार ने बजट कटौती का प्रस्ताव रखा, जिसका लोगों ने जमकर विरोध किया। इस बजट को पास कराना सदन से आसान नहीं है। बायरु इसे पास नहीं करा पाए। अब लोकोर्नु इसको लेकर बैकफुट पर चले गए।

### अब आगे क्या होगा?

फ्रांस में द रैली ग्रुप के पास सदन की सबसे ज्यादा सीटें हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों संविधान के जरिए इस पार्टी को सरकार बनाने का न्यौता दे सकते हैं। क्योंकि पिछला 2 एक्सपीरिएंस काफी खराब रहा है। मैक्रों 2027 तक फ्रांस के राष्ट्रपति पद पर रहेंगे। हालांकि, द रैली ग्रुप ने मांग की है कि नेशनल असेंबली को तुरंत भंग किया जाए। ग्रुप की मांग है कि सरकार नए सिरे से चुनाव कराए। फ्रांस की नेशलन असेंबली में 577 सीटें हैं, जहां सरकार बनाने के लिए कम से कम 279 सीटों की जरूरत होती है।

## फेल हुआ टैरिफ कार्ड तो भारतीय छात्रों पर निकाली ट्रंप ने खुन्नस

**वाशिंगटन।** वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, इसमें यूनिवर्सिटीज से कहा गया है कि वे विदेशी छात्रों की संख्या घटाएं। ऐसे विभागों में सुधार करें जो %रूढ़िवादी विचारों को दबाते या उनका मजाक उड़ाते हैं।

अमेरिकी सरकार की ओर से 9 यूनिवर्सिटी को भेजे गए एक मेमो से भारतीय छात्रों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इस मेमो में यूनिवर्सिटीज से कहा गया है कि अगर वे फेडरल फंड हासिल करना चाहते है तो उन्हें कई शर्तें पूरी करनी होंगी। ट्रंप प्रशासन की ओर से जारी मेमो के अनुसार, अब अमेरिकी कॉलेजों में इंडरनैशनल अंडरग्रैजुएट छात्रों की संख्या कुल दाखिले का अधिकतम 15त्न ही हो सकती है। साथ ही, किसी एक देश से आने वाले छात्रों की संख्या 5त्न से अधिक नहीं होगी। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, इसमें यूनिवर्सिटीज से कहा गया है कि वे विदेशी छात्रों की संख्या



घटाएं। ऐसे विभागों में सुधार करें जो %रूढ़िवादी विचारों को दबाते या उनका मजाक उड़ाते हैं।% हालांकि, कॉलेज अब भी 15त्न तक अंतरराष्ट्रीय छात्रों को दाखिला दे सकते हैं, लेकिन किसी एक देश से सिर्फ 5त्न सीमा होने के कारण कई भारतीय छात्रों को दाखिला पाना मुश्किल होगा। खासकर वे छात्र जो सस्ती यूनिवर्सिटीज को चुनते हैं, अब उन्हें महंगे विकल्प तलाशने पड़ सकते हैं।

**इसका भारतीय छात्रों पर क्या प्रभाव पड़ेगा**-नए नियम विशेष रूप से

### जारी किया 5 प्रतिशत वाला फरमान

भारतीय छात्रों के लिए चिंताजनक हैं, जो अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की आबादी का एक बड़ा हिस्सा हैं। हालाँकि अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की सीमा 15त्न निर्धारित की गई है, लेकिन किसी भी एक देश से 5त्न से अधिक छात्रों के प्रवेश पर अतिरिक्त प्रतिबंध भारतीय छात्रों को सबसे ज़्यादा प्रभावित कर सकता है, क्योंकि भारत और चीन, सभी विदेशी नामांकनों में लगभग 35त्न का योगदान करते हैं। नए नियमों के कारण, कुछ भारतीय छात्रों को इन विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने में कठिनाई हो सकती है, खासकर उन विश्वविद्यालयों में जहाँ भारत से बड़ी संख्या में आवेदक आते हैं।

**आगे क्या**-फ़िलहाल, नए नियमों के चलते भारतीय छात्रों के लिए कुछ

### मेमो से प्रभावित विश्वविद्यालय

एरिज़ोना विश्वविद्यालय
ब्राउन विश्वविद्यालय
डार्टमाउथ कॉलेज
मैसाचुसेट्स प्रौद्योगिकी संस्थान
पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय
दक्षिणी कैलिफ़ोर्निया विश्वविद्यालय
टेक्सास विश्वविद्यालय
वर्जीनिया विश्वविद्यालय
वेंडरबिल्ट विश्वविद्यालय

अमेरिकी विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाना मुश्किल हो सकता है। प्रति देश 5त्न की सीमा भारतीय आवेदकों के लिए इन संस्थानों में, खासकर प्रतिस्पर्धी कार्यक्रमों में, जगह पाना मुश्किल बना सकती है। छात्रों को ज़्यादा महंगे विकल्पों पर विचार करना पड़ सकता है या प्रभावित नौ संस्थानों के बाहर के विश्वविद्यालयों में दाखिला लेना पड़ सकता है।

### अबू धाबी एयरपोर्ट पर शाही जलवा

## 15 पत्नियों, 30 बच्चों और 100 नौकरों के साथ पहुंचा राजा

**अबू धाबी।** सोशल मीडिया पर अबू धाबी एयरपोर्ट का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें अफ्रीका के इस्वातिनी (पूर्व स्वाजीलैंड) के राजा मस्वाती-III दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में राजा अपने 15 पत्नियों, 30 बच्चों और करीब 100 नौकरों के साथ प्राइवेट जेट से उतरते नजर आए।वीडियो में राजा मस्वाती-III को लियोपर्ड प्रिंट की पारंपरिक पोशाक में देखा जा सकता है, जबकि उनकी पत्नियाँ रंग-बिरंगे अफ्रीकी परिधानों में चमक रही हैं। नौकरों का जत्था राजा और रानियों के सामान संभालते नजर आया। इस विशाल शाही काफिले के कारण एयरपोर्ट के तीन टर्मिनल अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए और सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा करना पड़ा।

राजा मस्वाती-III 1986 से इस्वातिनी के राजा हैं और दुनिया के सबसे अमीर शासकों में गिने जाते हैं। उनके पास 15 पत्नियां और 35 से अधिक बच्चे हैं, जबकि उनके पिता की 125 पत्नियां और 210 से अधिक बच्चे थे।

राजा हर साल 'रीड डांस' समारोह में नई दुल्हन चुनते हैं, लेकिन उनका यह वैभव देश में गरीबी और सामाजिक असमानता के सवालों को भी उजागर करता है। इस्वातिनी की लगभग 60 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करती है। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई। लोग मजाक में कह रहे हैं, राजा का काफिला तो पूरा गांव लग रहा है! वहीं कई लोग शाही जीवन और आम जनता की हालत में भारी अंतर पर भी टिप्पणी कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, राजा मस्वाती-III आर्थिक समझौतों और निवेश के लिए यूएई दौरे पर आए थे, लेकिन सोशल मीडिया ने इस शाही आगमन को वायरल बनाकर ग्लोबल ध्यान खींचा।

## इंडोनेशिया में स्कूल की दीवार गिरने से अब तक 53 लोगों की मौत

**जकार्ता, (आईएएनएस)।** इंडोनेशिया में स्कूल की इमारत गिरने की घटना में मौत का आंकड़ा 53 तक पहुंच चुका है। पूर्वी जावा प्रांत के सिदोअर्जो में स्कूल की इमारत ढह गई, जिससे मलबे में कई लोग फंस गए। अब तक 53 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि पीड़ितों का रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है। क्षेत्रीय बचाव अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पूर्वी जावा खोज एवं बचाव कार्यालय के प्रमुख नानंग सिगिट के अनुसार, ज्वाइंट रेस्क्यू टीम ने रविवार शाम सिदोअर्जो रीजेंसी के अल खोजिनी इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल परिसर के मलबे के नीचे से आठ शव बरामद किए।

बता दें कि घटना के बाद लगातार आठवें दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और अब तक कुल 157 पीड़ितों के बारे में जानकारी मिली। पीड़ितों में 104 जीवित बचे हैं और 53 की मौत हो गई। शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, स्कूल की यह इमारत 29 सितंबर को ढह गई थी। घटना के दौरान सैकड़ों छात्र वहां नमाज पढ़ रहे थे। घटना किस वजह से हुई, उसे लेकर जांच की जा रही है। सिदोअर्जो के जिला प्रमुख सुबांडी ने पुलिस के पूर्व बयानों की पुष्टि की। पुलिस की ओर से कहा गया था कि स्कूल प्रबंधन परियोजना शुरू करने से पहले आवश्यक निर्माण परमिट प्राप्त करने में विफल रहा था। इंडोनेशिया के 2002 भवन निर्माण संहिता के अनुसार, किसी भी निर्माण गतिविधि से पहले संबंधित अधिकारियों से परमिट प्राप्त करना जरूरी है। नियमों का पालन न करने पर जुर्माना या कारावास हो सकता है। इसके अलावा, यदि उल्लंघन के कारण मृत्यु हो जाती है, तो दंड में 15 साल तक की जेल और 8 अरब रुपिया (लगभग 500,000 डॉलर) तक का जुर्माना शामिल हो सकता है।

मलबे में फंसे स्कूली छात्रों में ज्यादातर बच्चे 12 से 19 साल के बीच के बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद नोटिस बोर्ड पर दी गई जानकारी के अनुसार करीब 65 छात्रों का कुछ पता नहीं चल पाया था। घटना की चपेट में आए छात्रों के परिजनों का बुरा हाल हो रहा है।

इनमें से सभी स्टूडेंट्स सातवीं से बारहवीं क्लास के लड़के थे। जीवित बचे लोगों ने बताया कि छात्राएं इमारत के दूसरे हिस्से में प्रार्थना कर रही थीं और हादसे के वक्त किसी तरह बच निकलीं। इससे पहले अधिकारियों ने बताया था कि स्कूल में दो मंजिलें थीं, लेकिन बिना अनुमति के और मंजिलें बनाई जा रही थीं। पुलिस ने कहा था कि पुरानी इमारत की नींव कंक्रीट की दो मंजिलें नहीं संभाल पाएगी और ढलाई के दौरान ढह गई।

## सोनम वांगचुक की हिरासत पर हुई सुनवाई

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को जारी किया नोटिस, 14 को अगली सुनवाई

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और लद्दाख प्रशासन को नोटिस जारी किया। यह याचिका वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने दाखिल की है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख प्रशासन को सोनम वांगचुक की कथित रूप से गैर-कानूनी हिरासत के खिलाफ दाखिल याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने आदेश दिया कि हिरासत से संबंधित दस्तावेज और आदेश की कॉपी याचिकाकर्ता यानी वांगचुक की पत्नी को मुहैया कराई जाए। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि सोनम वांगचुक को जेल में उचित चिकित्सा सुविधा दी जाए।

कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख 14 अक्टूबर (मंगलवार) तय की है। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने अपनी याचिका में कहा था कि सोनम वांगचुक को गैरकानूनी तरीके से हिरासत में रखा गया है और उन्हें किसी वैधानिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार नहीं किया गया। उन्होंने अपील की कि सुप्रीम कोर्ट तुरंत हस्तक्षेप करते हुए सोनम वांगचुक को अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देश दे, ताकि उनकी सुरक्षा और कानूनी अधिकार सुनिश्चित किए जा सकें।

राष्ट्रपति को भावुक पत्र लिखा था-इससे पहले, गीतांजलि अंगमो ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक भावुक पत्र लिखा था। उन्होंने पत्र में लिखा, मेरे पति को पिछले 4 साल से लोगों के हितों के लिए काम करने की वजह से बदनाम किया जा रहा है। वह कभी भी किसी के लिए खतरा नहीं बन सकते।सोनम वांगचुक को 26 सितंबर को लद्दाख में हिंसक विरोध प्रदर्शन भड़काने के आरोप में हिरासत में लिया गया था।

### मुर्मु ने राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में 2022-23 के लिए 'माई भारत - राष्ट्रीय सेवा योजना' पुरस्कार प्रदान किए। युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा 1993-94 में स्थापित यह पुरस्कार, समाज सेवा, सामुदायिक विकास और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने वाले देश के प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

#### 200 की जगह .....

इंदौर, देवास, दमोह, जबलपुर जैसे जिलों में उपभोक्ता परेशान हैं। गुना में एक किसान को 2 लाख रुपए तक का बिल थमा दिया गया। कई उपभोक्ता गहने और घरेलू सामान बेचकर बिल भरने को मजबूर हैं। **स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याएं**- ये प्रीपेड सिस्टम पर काम करते हैं, मोबाइल रिचार्ज की तरह पहले भुगतान करो, फिर बिजली पाओ। बिल बढने की शिकायत आम है, कई लोगों के बिल हजारों में आ रहे हैं, जबकि पहले कुछ सौ रुपए में निपटते थे। बिजली तुरंत काट दी जाती है, अगर भुगतान में थोड़ी भी देरी हो, तो सप्लाई बंद कर दी जाती है। बिल की हार्ड कॉपी नहीं दी जा रही, इससे अशिक्षित और तकनीक से दूर उपभोक्ता बेहद परेशान हैं। स्मार्टफोन न होने पर बिल भरने में दिक्कत, कई लोगों को सिर्फ बिल भरने के लिए नया मोबाइल लेना पड़ रहा है।


निविदा / नियुक्ति / जाहिरात

कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय, जबलपुर (म.प्र.)
क्रमांक JBPLP05082522198 / दिनांक / 06/OCT/2025
क्र./1818 दिनांक 06/OCT/2025
म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14 (3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपांतरण की दशा में आपत्तियाँ आमंत्रित करने हेतु
जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है श्री/श्रीमती/ मेसर्स (ASHISH SAHU)-Shri Ashish Sahu S/O Late Shri Rajendra Prasad Sahu, 2. Shri Neklal Patel S/O Late Shri Horilal Patel 3. Shri Shazi Abraham S/O Shri C.A. Papachan, Developers- Shri Ashish Sahu S/O Late Shri Rajendra Prasad Sahu द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है :-
(क) परियोजना का नाम : SHIV ARADHAYA VIHAR
(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक) - पूर्व स्वीकृत ग्राम Andhuwa तहसील Gorakhpur, जिला Jabalpur की भूमि सर्वे क्रमांक/ खसरा क्रमांक 37/3(S),38/2(S), 38/3 (S) (शामिल खसरा- ) कुल रकबा 2.47 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, RESIDENTIAL-PLOTTED DEVELOPMENT विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।
(ग) विकास का प्रयोजन - RESIDENTIAL, RESIDENTIAL-PLOTTED DEVELOPMENT
(घ) स्वीकृति क्रमांक 529/narani/18/JBLLP4071/L/07/21.03.2017 दिनांक 2018.02.15
पूर्व स्वीकृति अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता है, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति / संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://alpass.mp.gov.in/web/objection.aspx?RefApp=8wCbQe4J91818 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/web/ulogin.aspx पर किया जा सकता है।
संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश जिला जबलपुर (म.प्र.)
र.नं. 2153

नाम सुधार सूचना
मैं सागर देव दुबे उम्र 23 वर्ष पिता मदन देव निवासी म.नं. 237, सिविल लाईन पाटन, पोस्ट पाटन, तहसील पाटन जिला जबलपुर म.प्र. पिन 483113 का निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि-
1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं।
2. यह कि मेरे समस्त दस्तावेजों जैसे शैक्षणिक दस्तावेज एवं आधार कार्ड में मेरा नाम सागर देव दर्ज है, जबकि मैं अपना नाम पूर्ण नाम सागर देव दुबे समस्त दस्तावेजों में दर्ज कराना चाहता हूं, अब मुझे मेरे पूर्ण नाम सागर देव दुबे (SAGAR DEV DUBEY) के नाम से लिखा पढ़ा एवं दर्ज किया जाये, जिस हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।
नया नाम- सागर देव दुबे
(SAGAR DEV DUBEY)
पुराना नाम- सागर देव
र.नं. 2148

PUBLIC NOTICE
I Mahesh Kumar Multani S/O Gyan Dev Multani, R/o 1459/2, Behind Indore Sev Bhandar, Labour Chowk, Kamla Nehru Nagar Ward, Jay Nagar, Jabalpur, PO: Jabalpur, DIST: Jabalpur, Madhya Pradesh - 482001 owner of property bearing No. J.D.A. Scheme No. 11 Plot No. 239. Jai Nagar, Khasra No. 131/2, 131/3,132/1, Chavanpur and Nazul Block No. 106, PL. No. 156/2 Rakwa 421 SQR Ft. 0102/A-20-1, Jabalpur do hereby declare that my son Mukesh Multani has been disowned from all my moveable and immovable property due to his misconduct and disobedience. He has no right, title interest or claim in my above mentioned property. I further inform the public at large that I will not be responsible for any dealing, transaction or liability made by him in respect of the said.
Signature
Name-Mahesh Kumar Multani
Date -
र.नं. 2147

न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर
आम इश्तहार
रा.प्र.क्र. 511/ अ-6/2025 -26
आवेदक अमेना खान पिता शेख मोहम्मद इब्राहिम निवासी:- 250 कैपिटल लाज के पास बड़ी ओमती द्वारा पंजीकृत क्र./ वसीयत क्रमांक.... दिनांक ..... के माध्यम से मौजा/नजूल ब्लाक ...... प.ह.न. .... स्थित भूमि खसरा नं./ प्लाट नं. 88/1 रकवा 702 वर्गफुट पर / वसीयतकर्ता जैनब बेगम पति शेख मोहम्मद इब्राहिम से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/ दानपत्र एवं फार्म पी-।। खसरा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक ...... तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक ......... इश्तहार किया गया।
जारी दिनांक- 19/09/2025
पेशी दिनांक- 03/10/2025
नायब तहसीलदार,
तहसील अधारताल जबलपुर
र.नं. 2146

नाम सुधार सूचना
मैं नसीम खान पिता रहीम खान शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम पासपोर्ट में मोहम्मद गानिम गुशैरिब रजा खान (Mohammad Ganim Goushaib Raza Khan Hai) जबकि बाकी सभी दस्तावेज में इनका नाम गानिम गुशैरिब रजा (Ganim Goushaib Raza) है जो कि सही भी है।
अतः मेरे पुत्र को भविष्य में गानिम गुशैरिब रजा (Ganim Goushaib Raza) नाम से ही जाना व पहचाना जाये।
र.नं. 2150

नाम सुधार सूचना
मैं मोहम्मद नदीम मकरानी पिता करीम बक्श निवासी-214/4, अजीम किराना के सामने, भानतलैया जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक ये कथन करता हूं कि मेरा नाम पासपोर्ट में मोहम्मद नदीम (Mohammad Nadeem) जबकि बाकी सभी दस्तावेज में मेरा नाम मोहम्मद नदीम मकरानी (Mohammad Nadeem Makrani) है जो कि सही भी है।
अतः मुझे भविष्य में मोहम्मद नदीम मकरानी (Mohammad Nadeem Makrani) नाम से ही जाना जाये।
र.नं. 2125
शपथकर्ता
मोहम्मद नदीम मकरानी

# देश-प्रदेश

उवाच

## 14 नवंबर को बिहार में परिवर्तन की शुरुआत : तेजस्वी

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार को एक भावनात्मक संदेश साझा किया। इस संदेश में उन्होंने 14 नवंबर 2025 को बिहार के सुनहरे भविष्य, परिवर्तन और विकास की शुरुआत की तारीख बताया। उन्होंने इस पोस्ट के जरिए बिहार की जनता से अपील की कि आने वाले विधानसभा चुनाव में पूरा राज्य महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए एकजुट होकर काम करे।



### मुख्यमंत्री ने 52 उद्यमियों को किया सम्मानित, कहा-

## उद्योग जगत के सहयोग से मध्यप्रदेश बनेगा अव्वल राज्य



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को विकास की दृष्टि से सबसे अव्वल राज्य बनाने में उद्योग जगत की महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्य सरकार और प्रदेश के नागरिकों के साथ उद्योग जगत के प्रयास आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में सहयोगी होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र का नेतृत्व करते हुए वर्ष 2014 के बाद दृश्य बदल दिया है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए ऐसी नीतियों का निर्माण किया गया है जो विकास के द्वार खोलती हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार की शाम कैप्टन्स ऑफ इंडस्ट्री कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों के 52 उद्यमियों को सम्मानित कर रहे थे। कार्यक्रम में उद्योग, व्यापार, रियल स्टेट और सेवा क्षेत्र में कार्य करने वाले उत्कृष्ट लीडर सम्मानित किए गए। यह कार्यक्रम दैनिक जागरण समूह ने आयोजित किया, जो संस्थान के आयोजन का 13वां संस्करण था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी सम्मानित उद्यमियों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज पूरे विश्व के समक्ष यह स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की कार्य दक्षता, सजगता, नवाचार और कदम से कदम मिलाकर चलने की विशेषताओं से भारत की नई पहचान बन रही है। प्रधानमंत्री जी के चिंतन का दायरा व्यापक है। उन्होंने जीएसटी में कमी करने के साथ ही कर व्यवस्थाओं को सरल बनाने का ठोस कार्य किया है। यही कारण है कि आयकर का विवरण देने में उद्यामियों से लेकर आम नागरिकों तक सभी को बेहतर नीतियों का लाभ मिल रहा है। तकनीक का आवश्यक उपयोग भी हो रहा है। उद्यमशील लोगों को प्रोत्साहन मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग जगत के बिना राष्ट्र के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। प्रारंभ में जागरण समूह के कार्यकारी अध्यक्ष श्री देवेश गुप्त और सीईओ संजय शुक्ल ने मुख्यमंत्री डॉ.यादव का स्वागत किया। राज्य संपादक सद्गुरु शरण अवस्थी ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर नाद युग गुरूकुल इंदौर के कलाकारों ने नृत्य गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जनसम्पर्क आयुक्त दीपक सक्सेना उपस्थित थे।

## भावांतर योजना में करीब 62 हजार किसानों ने कराया पंजीयन

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में सोयाबीन उत्पादक किसानों के हित में प्रारंभ की गई भावांतर योजना के पंजीयन में किसान पूरे उत्साह से सहभागिता कर रहे हैं। अभी तक प्रदेश भर में 61 हजार 970 किसानों ने पोर्टल पर अपना पंजीयन कराया है। भावांतर योजना को लागू करने के लिए जिला स्तर पर प्रशासनिक अमले को दायित्व सौंपा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्नदाताओं की चिंता कर सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। प्रदेश सरकार किसानों को उनके उत्पादन का मूल्य दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिस तरह धान और गेहूं पर किसानों को उनके परिश्रम की कीमत दिलवाने का कार्य किया गया है, उसी तरह सोयाबीन उत्पादक किसानों को भी लाभ दिलवाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी कलेक्टर को निर्देश दिए हैं कि सोयाबीन उत्पादक किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलवाने के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें और हितग्राही को सीधा लाभ मिलना चाहिए। भावांतर योजना के लिए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रदेश में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन का कार्य 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। भावांतर की अवधि 24 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ होकर 15 जनवरी 2026 तक रहेगी। पंजीकृत कृषक और उनके रकबे के सत्यापन की प्रक्रिया राजस्व विभाग के माध्यम से होगी। भावांतर की राशि पंजीयन के समय दर्ज किसान के बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित की जाएगी।

**17 अक्टूबर तक होंगे पंजीयन**

## राष्ट्रपति ने एनएसएस के स्वयंसेवक आयुषी सिन्हा एवं सौमित दुबे को किया पुरस्कृत



**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की स्वयंसेवक सुश्री आयुषी सिन्हा एवं बरकतुल्ला विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र सौमित दुबे को राष्ट्रीय सेवा योजना का सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किया। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना भारत की अस्मिता एवं सामर्थ्य को प्रभावी रूप से विश्वमंच पर परिलक्षित करने का आन्दोलन है। राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य संवेदनशील एवं समाजसेवा भावी श्रेष्ठ नागरिक निर्माण करना है। छात्रा आयुषी एवं छात्र सौमित की यह उपलब्धि न केवल प्रदेश के लिए गौरव का विषय है बल्कि यह सभी स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा दोनों विद्यार्थियों को सत्र 2022-23 में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए 6 अक्टूबर को राष्ट्रीय सेवा योजना का सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किया गया है।

**उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने दी बधाई**

### राज्यपाल ने सागर के कड़ता में जन संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित, कहा-

## महिलाओं को फ्रूट फारेस्ट्री योजना से मिलेगा स्व-रोजगार



**सागर, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सागर जिले में प्रारंभ की गई फ्रूट फॉरेस्ट योजना एक अभिनव योजना है। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को सीधा आर्थिक लाभ होगा। आगामी तीन वर्षों में लगभग 10 लाख पौधों के रोपण से महिलाओं को स्वरोजगार मिलेगा। उनके जीवन में बदलाव आयेगा और वे सशक्त होंगी। राज्यपाल श्री पटेल सोमवार को सागर जिले के रहली विकासखंड के ग्राम पंचायत कड़ता में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उन्होंने रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। जनजातीय वीरों के संग्रहालय का अवलोकन किया और आम का पौधा भी रोपा।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि आज हम गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती की कर्मभूमि में हैं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि हमें जनजातीय समाज के महानायकों के बलिदान का सदैव स्मरण रखना चाहिए और उनके देश प्रेम समर्पण से प्रेरणा लेना चाहिए। जनसंवाद कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि प्रदेश सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री कन्यादान योजना रहली विधानसभा क्षेत्र के कड़ता ग्राम से ही शुरू हुई थी।

उन्होंने प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जनता के जीवन में आ रहे सकारात्मक बदलावों की जानकारी दी। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कड़ता के ही जनजाति समुदाय के राजेश गौंड़ के घर पहुंचकर भोजन किया। राज्यपाल को ग्राम की सरपंच श्रीमती वंदना यादव द्वारा आदि कर्मयोगी योजना के अंतर्गत तैयार की गई ग्राम एक्शन प्लान पुस्तिका की प्रति भेंट की गई। राज्यपाल श्री पटेल को कलेक्टर द्वारा आदि कर्मयोगी योजना के संबंध में सागर विकासखंड के 73 ग्रामों की ग्राम एक्शन प्लान की जानकारी दी गई। राज्यपाल श्री पटेल ने जन संवाद कार्यक्रम में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किए। उन्होंने आयुष्मान निरामय भारत योजना आदि विभिन्न योजनाओं के हितलाभ सहित टी.बी. मरीजों को फूड बास्केट प्रदान किए। इस अवसर पर विधायक ब्रजबिहारी पटैरिया, विधायक वीरेन्द्र लोधी, जिला अध्यक्ष श्रीमती रानी कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

### उड़ान योजना का किया शुभारंभ

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कार्यक्रम में कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन में तैयार की गई 'उड़ान योजना' का शुभारंभ किया। राज्यपाल श्री पटेल को कलेक्टर ने बताया कि उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग के छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर विशेष मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। राज्यपाल श्री पटेल ने योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि उड़ान योजना से अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी अवश्य ही लाभान्वित होंगे।

## समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार, बाजरा उपार्जन के लिए साढ़े 4 लाख से ज्यादा पंजीयन

**भोपाल, देशबन्धु।** समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए अभी तक 4 लाख 68 हजार 946 किसानों ने पंजीयन कराया है। पंजीयन 10 अक्टूबर तक होगा। पिछले वर्ष 7 लाख 84 हजार 845 किसानों ने पंजीयन कराया था। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि समय पर पंजीयन करा लें जिससे उपार्जन में कोई समस्या नहीं हो। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। प्रदेश में 1255 पंजीयन केन्द्र बनाये गये हैं। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर और एम.पी. किसान एप पर भी की गई है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा।

## गाजियाबाद के उच्च स्तरीय दल ने देखी इंदौर की स्मार्ट मीटरिंग

**भोपाल, देशबन्धु।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर परियोजना का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय के निर्देश पर सोमवार को नेशनल पावर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट गाजियाबाद के उच्च स्तरीय दल ने इंदौर का दौरान कर पश्चिम क्षेत्र में संचालित स्मार्ट मीटरिंग परियोजना का संचालन देखा। दल ने पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह से भी भेंट की।

एनपीटीआई गाजियाबाद के चार सदस्यी दल के नेतृत्व उप निदेशक महेंद्र कुमार ने किया। दल स्मार्ट मीटर पोलोग्राउंड इंदौर स्थित मास्टर कंट्रोल सेंटर पहुंचा। यहां स्मार्ट मीटर की परियोजना के तहद इंदौर में पहले स्मार्ट मीटर से लेकर वर्तमान स्थिति में तेरह लाख पांच हजार स्मार्ट मीटरों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। विशेष रूप से विद्युत सेवा, विद्युत खपत, अधिकतम खपत इत्यादि के संबंध में डाटा विश्लेषण प्रक्रिया के तौर तरीकों पर अध्ययन किया गया। विद्युत सेवा में स्मार्ट मीटर टीम, बिल जनरेशन टीम, सूचना प्रौद्योगिकी टीम इत्यादि के संयुक्त प्रयासों की जानकारी ली गई। मीटरों का म्यूजियम भी देखा गया। दल को परियोजना निदेशक संजय जैन, अधीक्षण यंत्री श्रीमती कीर्ति सिंह, कंट्रोल सेंटर प्रभारी नवीन गुप्ता ने जानकारी दी। फरीदाबाद के उच्च स्तरीय दल ने भी इंदौर की स्मार्ट मीटरिंग व्यवस्था देखी।

## प्रतिमा विसर्जन के दौरान पथराव और आगजनी के बाद लगाया कटक में कर्फ्यू, तनाव बरकरार

**कटक, एजेंसी।** ओडिशा के कटक में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान मामूली बात को लेकर हुई झड़प, पथराव और आगजनी के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है। वहीं अन्य 13 थाना क्षेत्रों में धारा 144 लागू कर दी गई है। साथ ही 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

घटना के बाद शहर के संवेदनशील इलाकों दरगाह बाजार, गौरीशंकर पार्क और बिद्याधरपुर में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है और साथ ही केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) को भी बुलाया गया है। हालात नियंत्रण में लेकिन तनाव बरकरार है। पुलिस और चश्मदीदों के मुताबिक, शनिवार करीब रात डेढ़ से 2 बजे के बीच एक दुर्गा प्रतिमा विसर्जन चल समारोह काठजोड़ी नदी की तरफ जाने के लिए दरगाह बाजार इलाके से गुजर रहा था। इस दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने रात में तेज म्यूजिक बजाने पर आपत्ति जताई। जिसको लेकर बहस से शुरू हुए विवाद देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। जुलूस में शामिल लोगों ने तोड़फोड़ की वहीं छतों से पत्थर और बोतलें फेंकी गईं, जिसके बाद जुलूस में शामिल लोगों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस हिंसा में कटक के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (डीसीपी) खीलारी ऋषिकेश द्न्यानदेव सहित कई लोग घायल हुए हैं। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इस दौरान अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और पुलिस सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन और मोबाइल फुटेज की मदद से दूसरे आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। मामला उस समय और बिगड़ गया, जब विहिप ने रैली निकाली। प्रशासन की रोक के बावजूद रविवार शाम को मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। यह रैली बिद्याधरपुर से शुरू होकर दरगाह बाजार होते हुए सीडीए सेक्टर 11 तक गई। इस दौरान सीसीटीवी कैमरे तोड़े गए और गौरीशंकर पार्क क्षेत्र में कुछ दुकानों को नुकसान पहुंचा या आग के हवाले कर दिया गया। इस बीच विहिप ने सोमवार को 12 घंटे के कटक बंद का ऐलान किया और डीसीपी तथा कलेक्टर के तबादले की मांग की।

## रायबरेली में दलित की हत्या से आक्रोश

- अब तक 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया
- 4 साल की है बेटी
- विपक्षी दलों ने सरकार को घेरा

**रायबरेली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक दलित व्यक्ति को चोर समझकर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई, जिससे राज्य में आक्रोश और राजनीतिक बवाल मच गया। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित की पहचान हरिओम के रूप में हुई है और स्थानीय लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर लाठी-डंडों और बेल्ट से पीट-पीटकर हत्या कर दी।

उसके परिवार के अनुसार, हरिओम दांडेपुर जमुनापुर स्थित अपने ससुराल जा रहा था, तभी भीड़ ने उसे घेर लिया और ड्रोन चोर होने के शक में उसकी पिटाई शुरू कर दी। रायबरेली के एएसपी संजीव कुमार सिन्हा ने पुष्टि की है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। उन्होंने कहा, ऊंचाहार थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को चोर समझकर कुछ लोगों द्वारा पीट-पीटकर मार डालने के मामले में तुरंत मुकदमा दर्ज कर पांच लोगों को जेल भेज दिया गया है। बाकी आरोपियों की जल्द ही पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। सिन्हा ने यह भी बताया कि लापरवाही के आरोप में एक सब-इंस्पेक्टर समेत तीन पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। हरिओम की पत्नी पिंकी ने अपने पति की हत्या के लिए न्याय की मांग की है। दंपति की एक चार साल की बेटी है। पिंकी ने बताया, उन्होंने उसे पकड़ लिया और पीट-पीटकर मार डाला। आरोपियों को उसी तरह सजा मिलनी चाहिए जैसे मेरे पति की हत्या हुई। मुझे सरकार से न्याय चाहिए।

### दीपावली पर मंडला की जनजातीय महिलाएं रच रहीं परंपरा और रंगों का संगम

## गौड़ी चित्रकारी से सजा रहीं दीये, कलश और पूजा थालियां



**भोपाल, देशबन्धु।** जनजातीय बहुल मंडला जिला में इस दीपावली पर परंपरा और कला का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यहाँ की जनजातीय महिलाएं अपनी पारंपरिक गौड़ी चित्रकारी से मिट्टी के दीये, कलश, पूजा थाली, पोस्टकार्ड, की-रिंग, पेपर वेट और अन्य सजावटी वस्तुएं तैयार कर रही हैं, जो त्यौहार की रौनक को और बढ़ा रही हैं।

यह पहल हाथकरघा एवं हस्तशिल्प संचालनालय भोपाल तथा जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला पंचायत मंडला के सहयोग से, ग्रामीण विकास एवं महिला उत्थान संस्थान द्वारा संचालित की जा रही है। विकासखण्ड इंद्री सेक्टर में चल रहा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 4 सितम्बर को शुरू हुआ। प्रशिक्षण 10 अक्टूबर 2025 तक आयोजित है, जिसमें 30 जनजातीय महिलाएं भाग ले रही हैं।गौड़ चित्रकारी मंडला जिले की सांस्कृतिक पहचान है।

यह कला गौंड जनजाति के जीवन-दर्शन, आस्था और प्रकृति के गहरे जुड़ाव को दर्शाती है। इस परंपरागत कला को नए रूप में सहेजते हुए, जागृति उईके, निकिता उलारी, बरखा उलारी, प्रीति धुर्वे, वंदना तेकाम, सुमन मरावी, रेखा उसराठे, सुरेखा मीना, मर्सकोल ज्योति जैसी स्थानीय महिलाएं अपने हाथों से परंपरा और सृजन का सुंदर मेल प्रस्तुत कर रही हैं। दीपावली को ध्यान में रखते हुए तैयार किए जा रहे गौड़ी चित्रों से सजे दीये, पूजा थालियां और कलश न केवल कला का उत्कृष्ट उदाहरण हैं बल्कि इन महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक प्रेरक कदम भी हैं। उत्पादों की कीमतें भी निर्धारित की गई है हेण्डमेड पेपर (३) 900 रूपये, कैनवास (३) 1200 रूपये, की-रिंग 90 रूपये, दीपक 10 रूपये, पेपर वेट 50 रूपये, रूमाल 100 रूपये और पोस्टकार्ड 40 रूपये है।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/2025-26/
दिनांक 06/10/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुकेश कुमार अग्रवाल पिता स्व. मुरारी लाल ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड के भवन क्रमांक 18 सिंघई पेट्रोल पंप के पास सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000429413 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 577 व.फु. जिस पर निर्मित भू तल 551 व.फु. आरसीसी, विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज भगवती कुमार वर्मा पिता स्व. छोटे लाल वर्मा, श्री ऋषिकेश वर्मा पिता श्री स्व. भगवती कुमार वर्मा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 2149 **संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/25-26/
दिनांक 06/10/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भागीरथ प्रसाद दुबे पिता श्री केशव प्रसाद दुबे ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 131-132 विला नं. 36 अनंततारा रेसीडेंसियल रिसोर्ट फेस-2 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 7003287310 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस जिस पर निर्मित भूतल 1850 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 1850 व.फु. आरसीसी द्वितीय तल 650 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री अक्षय सहगल पिता सूरज प्रकाश सहगल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 2149 **संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 94
2025-2026 दिनांक 23/09/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्रीमती पूनम सोंधिया पति श्री बी.के. सोंधिया भवन/ खसरा क्रंमाक 259/2, 261/3 का भाग नं. 116 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000228053 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी पेराडाईज गृह निर्माण समिति द्वारा अध्यक्ष इन्द्रनील सिंह गुजराल 2. उपाध्यक्ष श्री सर्वेश मिश्रा के भाग पर वार्ड निर्मल चंद जैन के कुल प्लाट रकवा/निर्मित क्षेत्रफल ... में से विक्रय प्लाट रकवा 552 व.फु. पर विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 2152 **कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 95
2025-2026 दिनांक 23/09/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्रीमती मीना जायसवाल पति प्रकाश जायसवाल 2. राहुल जायसवाल पिता श्री प्रकाश जायसवाल भवन/ खसरा क्रंमाक पी-698 संपत्ति कर/ पिन नं. 9000009217 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी श्री गौरव चंचलानी पिता शंकरलाल के भाग पर वार्ड निर्मल चंद जैन के कुल प्लाट रकवा/निर्मित क्षेत्रफल ... में से विक्रय प्लाट रकवा 800 व.फु. पर विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 2152 **कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/25-26/
दिनांक 06/10/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सोनल शर्मा पत्नी श्री रितेश कुमार दीवान ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बैनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक फ्लैट नं. 204 द्वितीय तल कौशल्या होम्स सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000400674 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 622 व.फु. द्वितीय तल 622 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती मुन्नी देवी यादव पति नाथूराम यादव, अनुराग यादव पिता नाथूराम यादव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 2149 **संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 85
2025-2026 दिनांक 11/09/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्रीमती शोभा मिश्रा पति श्री श्याम कुमार मिश्रा भवन/ खसरा क्रं. 1280/आर-1 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000360584, जलकर-2393827 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्रीमती विमला तिवारी पति श्री रमेश कुमार तिवारी के भाग पर वार्ड महर्षि महेश योगी के विक्रय प्लाट रकवा 1408 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1307 स्वयं उपयोग, 260 व्या. उपयोग व.फु. विक्रयपत्र / हकत्याग पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 2152 **कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**नाम सुधार सूचना**
मैं मुल्कराज सिंह पिता स्व. हेमराज सिंह निवासी- केसरी नगर मानेगांव, रांझी जबलपुर मप्र.। यह कि मेरे पुत्र अभय राज सिंह के आधार कार्ड व समग्र आईडी पर उसका नाम अभय राज सिंह दर्ज है जो कि उसका सही नाम है, किंतु मेरे पुत्र की पांचवी की मार्कशीट व स्थानांतरण प्रमाण पत्र पर उसका नाम अभय राज सिंह पटेल दर्ज हो गया है, अतः सुधार कर सही नाम अभय राज सिंह दर्ज किया जावे व आगे भी उसे अभय राज सिंह के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा लिखा जावे।
गलत नाम - अभय राज सिंह पटेल
सही नाम- अभय राज सिंह
कृति

**CHANGE OF NAME**
I, jamnesa samdar ben is real/ legally Wife of Army No.-15720027x, Name - Rodhatar parjiji mulaji, Rank - L/nk Unit ; RAPID (H) Sig Regt (AREN), Home address, Vill - Dhaneri, Post - Dantiwada, Teh - Dantiwada, Dist - BanasKantha, State - Gujarat, pin - 385505., I have changed my Name from jamnesa samdar ben to Rodhatar samadar ben vide Affidavit NO. BV 823835 dated 06/10/2025 before Notary, Jabalpur MP.
INCORRECT NAME
jamnesa samdar ben
CORRECT NAME
Rodhatar samadar ben
कृति

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं ARMY NO 2704514N, RANK- HAV, NAME- MD KAMAL HASSAN, UNIT-THE GRENADIERS RC, JABALPUR (MP) R/O VILLAGE- SAGARDIGHI, POST-SAGARDIGHI, TEH-JANGIPUR, DISTT- MURSHIDABAD, STATE-WB, PIN-742226 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम KAKOLI KHATUN दर्ज है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही एवं वास्तविक नाम KAKOLI BIBI है जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी पत्नी के इस नाम KAKOLI BIBI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।
गलत नाम-KAKOLI KHATUN
सही नाम-KAKOLI BIBI
कृति

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Jayanti Devi is legally Mother of Army NO - 15716823H, Rank - Hav, Name- MUKESH TIWARI, UNIT - MB Area Signal Company, HOME - ADDRESS, VILL-KOTHA, POST- SARYA, TEH-KHAJANI, DIST- GORAKHPUR, STATE- Uttar Pradesh, PIN-273406., I have changed my Name from Jayanti Devi to Jamwanti Devi and date of birth 14/03/1971 to 14/05/1971 Vide Affidavit No. 33AA 514852 dated 06/10/2025 before Notary, Jabalpur M.P.
INCORRECT NAME
Jayanti Devi
INCORRECT DOB - 14/03/1971
CORRECT NAME
Jamwanti Devi
CORRECT DOB - 14/05/1971
कृति

देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 07 अक्टूबर 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## मुख्य न्यायाधीश पर हमला, संयोग या प्रयोग

सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय के भीतर एक ऐसी घटना हुई, जिसकी कल्पना भी कभी नहीं की गई होगी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर एक वकील ने जूता उछालने की कोशिश की। यह घटना उस वक्त हुई जब जस्टिस गवई की अध्यक्षता वाली बेंच वकीलों के मामलों की सुनवाई के लिए मेंशन सुन रही थी। बताया जा रहा है कि आरोपी वकील राकेश किशोर जज के डाइस के करीब पहुंचा और जूता उतारकर फेंकने की कोशिश की, हालांकि सुरक्षा कर्मियों ने समय रहते उसे रोक लिया। सुरक्षाकर्मी जब आरोपी वकील को पकड़कर बाहर ले जा रहे थे, तब वह 'सनातन का अपमान नहीं सहेंगे' का नारा लगा रहा था। उसके नारे से सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि वह कट्टर दक्षिणपंथी मानसिकता का है, जिसके लिए संविधान मायने नहीं रखता, बल्कि धर्मांधता को वह तरजीह देता है। अब इस मामले की पूरी जांच होगी, तब पता चलेगा कि मुख्य न्यायाधीश गवई पर जूता उछालने का दुस्साहस आखिर उसने क्यों किया। हो सकता है 16 सितंबर को खजुराहो मामले में दिए फैसले से आरोपी नाराज हो, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची मूर्ति को दोबारा स्थापित करने की याचिका को खारिज कर दिया था। तब भी कुछ वकीलों ने इस फैसले पर नाराजगी जताई थी या फिर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम में जस्टिस गवई की मां ने जाने से इंकार कर दिया, इस बात से आरोपी नाराज हो। कारण जो भी यह घटना आजाद भारत के इतिहास में एक बड़ा कलंक बन गई है और इसका जिम्मेदार सीधे-सीधे नरेन्द्र मोदी की सरकार को कहा जा सकता है।

भाजपा पहले भी केंद्र की सत्ता में रही है, और हिंदुत्व के नाम पर नफरत फैलाने का काम उसने पहले भी किया है। बाबरी मस्जिद को तोड़ना, गुजरात दंगे इसके उदाहरण हैं। लेकिन समाज में नफरत के इजहार को लेकर एक झिझक और संकोच था। सहिष्णुता का एक महीन सा आवरण समाज पर डला हुआ था, जो अब पूरी तरह तार-तार हो चुका है। नफरत करना और उतनी ही बेशर्मी से उसका इजहार करना अब गर्व की बात हो चुकी है। संघ से प्रेरित लोग काफी अरसे से नारा देते आए हैं कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं। पहले इस नारे को लगाने में लोग हिचकते थे। मगर अब मोदी सरकार में पूरा माहौल बदल चुका है। राहुल गांधी ने नफरत का कैरोसिन पूरे देश में छिड़के जाने का जो दावा किया था, वह सही दिखाई दे रहा है।

देश में जातिवादी और धार्मिक आधार पर हिंसा अब भयावह रूप में सामने आ रही है। जस्टिस गवई पर हमला केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं है, न ही यह क्षणिक भावावेश में की गई हरकत है। बल्कि यह कई बरसों से समाज में भरी जा रही नफरत का निचोड़ है। याद रहे कि जस्टिस गवई दलित समुदाय से आने वाले दूसरे मुख्य न्यायाधीश बने हैं, लेकिन बौद्ध धर्म को मानने वाले वे पहले मुख्य न्यायाधीश हैं। हालांकि संविधान के हिसाब से न्याय की आसंदी पर बैठे व्यक्ति की धार्मिक आस्था मायने नहीं रखती है। लेकिन जब पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी वाय चंद्रचूड़ राम मंदिर के लिए दिए फैसले से पहले देवी के सामने बैठने की बात कहते हैं, अपने घर में गणपति पूजा के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बुलाकर उसका सार्वजनिक इजहार करते हैं, तब समाज भी इस तथ्य को मानने लगता है कि न्यायपालिका में धार्मिक आस्था के लिए जगह बन चुकी है। अगर जस्टिस गवई की जगह कोई सवर्ण हिंदू इस समय मुख्य न्यायाधीश के पद पर होता, तब शायद इस तरह जूता उछालने का दुस्साहस नहीं किया जाता। लेकिन वे दलित हैं, क्या इसलिए उन पर हमले की कोशिश की गई, यह सवाल गंभीरता से विचार की मांग करता है।

इस घटना पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा है कि दलित और अल्पसंख्यक होना इस देश में गुनाह बना दिया गया है, उनकी इस टिप्पणी को खारिज नहीं किया जा सकता। क्योंकि दलितों और अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ ही रहे हैं। अभी एनसीआरबी के ताजा आंकड़े भी यही बता रहे हैं कि इन आंकड़ों में कोई कमी नहीं आई है। अभी उत्तरप्रदेश में ही मानसिक तौर पर विक्षिप्त एक दलित युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई है। बरेली में आई लव मुहम्मद कहने पर ऐसा बवाल चल रहा है कि जुमे की नमाज के बाद लोगों से सीधे घर जाने की अपील की गई। ओडिशा में देवी विसर्जन के दौरान सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई। ये सारी घटनाएं भले छिटपुट दिखें और इनमें व्यापक तौर पर जान-माल का नुकसान न हो, लेकिन समाज को जो दीर्घकालिक नुकसान हो चुका है, अब उसकी भरपाई होनी चाहिए। इस तरह के नुकसान का सिलसिला अगर बढ़ता रहे तो फिर वाकई वैसा ही हिंदुस्तान बन जाएगा, जिसकी कोशिश में पिछले सौ सालों से संघ लगा हुआ है। मोहन भागवत हिंदू समाज की एकजुटता की बात कहें या मुसलमानों को साथ लेकर चलने की बात कहें, असल में संघ एक सवर्ण मानसिकता में पगा हुआ मनुवादी भारत बनाने की कोशिश में है। जिसमें अल्पसंख्यक, दलित, पिछड़ी जाति के लोग, महिलाएं सब सवर्ण पुरुषों के रहमोकरम पर रहें। अगर उन्होंने अच्छा व्यवहार किया तो इसे सौभाग्य समझें और अगर उत्पीड़न सहना पड़े तो पिछले जन्म के कर्मों का फल, इस तरह का देश बनाने की कोशिश में संघ लगा है। अब समाज को सोचना होगा कि उसे संविधान वाला देश चाहिए या फिर ऐसा देश जहां मुख्य न्यायाधीश की गरिमा भी दांव पर लगा दी गई है।

# संघ के सौ बरस का इकलौता हासिल



राजेंद्र शर्मा

यहां यह याद दिलाना अप्रासांगिक नहीं होगा कि भारत माता की आरएसएस की उक्त संकल्पना, जिसे अब एक ही झटके में स्वयंसेवक प्रधानमंत्री द्वारा देश की सरकारी मुद्रा पर बैठा दिया गया है, राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ऐतिहासिक रूप से उभर कर आयी, भारत माता की ही संकल्पना से न सिर्फ सचेत रूप से भिन्न है बल्कि उसके समानांतर गढ़ी गयी है। यह एक जाना-माना तथ्य है कि भारत माता की संकल्पना पहले-पहल, अवनींद्रनाथ टैगोर ने एक चित्र रूप में पेश की थी।

दो दिनों में फैले आरएसएस के शताब्दी वर्ष के केंद्रीय आयोजनों ने जितने बलपूर्वक उसके बुनियादी तौर पर एक राजनीतिक संगठन और वर्तमान सत्ता की राजनीति करने वाला संगठन होने की सचाई को उजागर किया है, उतने बलपूर्वक दूसरे किसी घटनाक्रम ने नहीं किया होगा। पहले दिन, 1 अक्टूबर को नरेंद्र मोदी ने, आरएसएस के वफादार स्वयंसेवक और धर्मनिरपेक्ष, जनतांत्रिक गणराज्य के प्रधानमंत्री के बीच का अंतर पूरी तरह से मिटाते हुए, आरएसएस के सौ वर्ष पूरे होने के मौके पर विशेष डाक टिकट तथा सौ रु. का विशेष सिक्का जारी करने के जरिए और इस मौके पर अपने विस्तृत संबोधन से यह काम किया। और दूसरे दिन, 2 अक्टूबर को आरएसएस के सरसंघचालक, मोहन भागवत ने अपने सालाना दशहरा संबोधन में, इस समय की अपनी सबसे बड़ी चिंता को स्वर देते हुए, वही काम किया। कहने की जरूरत नहीं है कि आरएसएस के प्रचार की असली धुरी, उसका यह बड़ा झूठ रहा है कि वह तो राजनीति से निरपेक्ष रहकर, राष्ट्र की सेवा करने वाला संगठन है!

पहले दिन, प्रधानमंत्री ने आरएसएस के लिए एक विस्तृत प्रशस्तिपत्र पढ़ने के साथ, उसके 100 वर्ष होने के उत्सव के रूप में 100 रु. का विशेष सिक्का जारी किया। बेशक, यह पहली बार नहीं था जबकि इस तरह विशेष सिक्का जारी किया जा रहा था। दुर्लभ ही सही, ऐसे मौके पहले भी आए हैं, जिनके सेलिबरेशन के तौर पर विशेष सिक्के जारी किए गए हैं। फिर भी, इस सिक्के के जारी किए जाने में कुछ ऐसा था, जो पहली बार किया जा रहा था। और यह कितने सुचिंतित तरीके से किया जा रहा था, इसका अंदाजा इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में, इसके पहले स्वतंत्र भारत में पहली ही बार किये जाने को अलग से रेखांकित करना जरूरी समझा। और जो पहली बार किया जा रहा था, वह था सरकार द्वारा जारी इस सिक्के पर, जहां एक तरफ राष्ट्र चिन्ह, अशोक स्तंभ उकेरा गया है, वहीं दूसरी ओर, एक समानांतर राष्ट्र चिन्ह के रूप में, तथाकथित ''भारत माता'' का चित्र उकेरा गया है।

पुन: यह कथित भारत माता, हाथ में भारत के राष्ट्रध्वज के बजाए, आम तौर पर हिंदू धार्मिक परंपराओं और मंदिरों से जुड़ा हुआ, बीच में कटाववाला मुखर रूप से हिंदू-ध्वज लिए हुए है। और चित्र में आरएसएस की पहचान कराने वाली वेशभूषा में तीन स्वयंसेवक, इस हिंदू ध्वजाधारी भारत माता को आरएसएस का खास हस्त प्रणाम कर रहे हैं, जो वास्तव में विदेशी नाजी परंपराओं से आया है। यह पूरा का पूरा चित्र, स्पष्ट रूप से दिखाता है कि जिस आरएसएस के 100 साल होने का उत्सव, एक सरकारी आयोजन के जरिए भारत के प्रधानमंत्री मना रहे थे, वास्तविक भारतीय राष्ट्रीय चिन्हों को नकार कर, उनकी जगह वैकल्पिक बहुसंख्यक-धार्मिक परंपरा के और वास्तव में बहिष्करणवादी चिन्हों को, राष्ट्रीय चिन्हों के रूप में स्थापित करने का एक सचेत प्रोजेक्ट है। यह दूसरी बात है कि इस सचाई को पेश करते हुए भी, इस पर राष्ट्रवाद का पर्दा डालने की कोशिश भी की जाती है और संस्कृत में कथित रूप से आरएसएस का आप्त वाक्य भी इस चित्र के साथ डाल दिया जाता है—सब राष्ट्र का, मेरा कुछ नहीं।

यहां यह याद दिलाना अप्रासांगिक नहीं होगा कि भारत माता की आरएसएस की उक्त संकल्पना, जिसे अब एक ही झटके में स्वयंसेवक प्रधानमंत्री द्वारा देश की सरकारी मुद्रा पर बैठा दिया गया है, राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ऐतिहासिक रूप से उभर कर आयी, भारत माता की ही संकल्पना से न सिर्फ सचेत रूप से भिन्न है बल्कि उसके समानांतर गढ़ी गयी है। यह एक जाना-माना तथ्य है कि भारत माता की संकल्पना पहले-पहल, अवनींद्रनाथ टैगोर ने एक चित्र रूप में पेश की थी। लेकिन, अवनींद्र नाथ की कल्पना की भारत माता वास्तव में 'भारत माता ग्राम वासिनी' थी—अपने रूप, भाव और सज्जा में, देवियों की तमाम हिंदू संकल्पनाओं से बहुत भिन्न।

इस भारत माता का वेष एक साध्वी का है, जिसके पीछे बंकिम चंद्र चैटर्जी की रचना, आनंद मठ की प्रेरणा मानी जाती है। चार हाथ वाली इस भारत माता के एक हाथ में, भारत की कृषि प्रधानता को रेखांकित करते हुए, धान का एक छोटा सा गट्ठर भी दिया गया था। शेष तीन हाथों में एक में अगर रुद्राक्ष माला है, तो एक हाथ में पोथी है और तीसरे हाथ में कपड़े का टुकड़ा है। वास्तव में यह भारत माता भी मूल रूप में 'बंग माता' थी, जिसे जन स्वीकृति ने 'भारत माता' के आसन तक पहुंचाया था। इसके बरक्स आरएसएस लंबे अर्से से, एक शेर की सवारी करने वाली देवी की, लोक जीवन से बहुत दूर की कल्पना को, 'भारत माता' की संकल्पना के रूप में स्थापित करने में लगा हुआ था। और अब स्वयंसेवक के प्रधानमंत्री होने के बल पर, कम से कम समारोही सरकारी सिक्के में तो, इसे स्थापित करने में कामयाब भी हो गया है।

और उसी वृहत्तर प्रोजैक्ट के हिस्से के तौर पर, राजसत्ता तक पहुंच हासिल होने के 100 साल के इसी हासिल के बल पर, इसी मौके पर जारी किए गए डाक टिकट के जरिए, स्वतंत्र भारत की जानी-मानी वास्तविकता से अलग, एक समानांतर इतिहास रचने का प्रयास भी किया गया है। डाक टिकट पर प्रकाशित चित्र में 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में, अपनी पहचान कराने वाली पोशाक में ही, आरएसएस के स्वयंसेवकों को परेड करते दिखाया गया है। यह चुनाव भी कितने सचेत रूप से किया गया, इसका अंदाजा भी इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में, इस चित्र की कथा की ओर विशेष रूप से ध्यान खींचा है, ताकि इस चित्र को आधिकारिक राष्ट्रीय जीवन में आरएसएस की स्वीकार्यता का अकाट्य साक्ष्य बनाया जा सके।

यह इसके बावजूद है कि इसी सिलसिले में आरएसएस द्वारा समय-समय पर किए जाते रहे दावों को चुनौती देते हुए, ये तथ्य प्रमाणों के साथ सामने आ चुके हैं कि भारत-चीन सीमा झड़प के समय आरएसएस की किसी भूमिका को देखते हुए, जवाहरलाल नेहरू द्वारा आरएसएस को 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिए आमंत्रित किये जाने का दावा, कोरी गप्प है। इसके बरक्स, सचाई यह है कि 1963 की गणतंत्र दिवस परेड, एक सैनिक परेड के बजाए मूलत: एक जन परेड के रूप में आयोजित की गयी थी, जिसमें आम जनता को भागीदारी के लिए आमंत्रित किया गया था और एक लाख से ज्यादा लोग शामिल भी हुए थे। अलबत्ता इस मौके का बेनिफिट लेते हुए, आरएसएस ने संगठित तरीके से अपने कार्यकर्ताओं को अपनी खास पोशाक में इसमें हिस्सा लेने के लिए कहा था, जबकि सरकार ने भी जनता को आम नियंत्रण देने के बाद, किसी को भी रोकने की जरूरत नहीं समझी। जाहिर कि संघ की राष्ट्रीय स्वीकार्यता का यह झूठ भी, अब केंद्र में सत्ता पर नियंत्रण के जरिए, सरकारी डाक टिकट के जरिए, देश से मनवाने की कोशिश की जा रही है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री के संबोधन में आरएसएस का विरुद गायन करने के लिए, जिस तरह लगातार और बार-बार शुद्ध झूठ का सहारा लिया गया है, उसके ब्यौरे में जाना इस टिप्पणी में हमारे लिए संभव नहीं है। यहां इतना कहना ही काफी होगा कि उनके संघ के संबंध में झूठे दावों की सूची बनाने बैठें तो पूरा लेख उसी में खत्म हो जाएगा। यहां हम सिर्फ इतना ध्यान दिलाना चाहेंगे कि 15 अगस्त के लाल किले के अपने संबोधन ने प्रधानमंत्री ने, आरएसएस का सरासर झूठा महिमा मंडन करने के लिए, इतिहास को साफ तौर पर तोड़ने-मरोड़ने की जो शुरूआत की थी, उसे अब उन्होंने उत्कर्ष पर पहुंचा दिया है। यह तोड़-मरोड़ 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में आरएसएस की मौजूदगी की दुर्व्याख्या तक ही सीमित नहीं रहती है। उसमें स्वतंत्रता आंदोलन में आरएसएस की 'भूमिका' के झूठे अतिरंजित दावों से लेकर, आरएसएस के 'सामाजिक समरसता' के पाखंड को उधार की विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए, गांधी से लेकर डा. आंबेडकर तक के मुंह से आरएसएस की प्रशंसा कराने तक के झूठ शामिल हैं।

और इसमें स्वतंत्र भारत में पचहत्तर साल में आरएसएस की भूमिका को लेकर झूठ भी, जिसमें महात्मा गांधी की हत्या से लेकर, बाबरी मस्जिद के ध्वंस तक, अक्षम्य करतूतों के सिलसिले में आरएसएस पर स्वतंत्र भारत में लगायी गयी पाबंदियों को उस पर 'राजनीतिक अत्याचार' बताने का महाझूठ भी। और यह सिलसिला, आरएसएस के नंबर बढ़ाने के लिए, इतने हाल के इतिहास को नंगई से झुठलाने की हद तक जाता है कि 'आज भी पंजाब में बाढ़, हिमाचल तथा उत्तराखंड में तबाही तथा केरल में वायनाड में त्रासदी जैसी आपदाओं में स्वयंसेवक सबसे पहले मदद के लिए पहुंचने वालों में थे।' लेकिन, मीडिया की खबरों के मुताबिक भी सचाई यह है कि एकदम हाल की इन आपदाओं में से किसी में भी, आरएसएस कहीं दिखाई तक नहीं दिया है। झूठे प्रचार के बल पर, झूठ को सच और सच को झूठ बनाने में संघ और उसके स्वयंसेवकों के हिटलरी भरोसे का कोई ओर-छोर ही नहीं है।

और दूसरे दिन, आरएसएस सरसंघचालक भागवत, न सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर समेत, हर क्षेत्र में मोदी सरकार को कामयाबी के सार्टिफिकेट देकर और युवाओं तक के मामले में उसकी कारगुजारियों पर संतोष जताकर, मोदी शासन से अपनी अभिन्नता का तथा अपनी राजनीतिक वचनबद्धता का प्रमाण देते हैं, वह श्रीलंका, बांग्लादेश तथा नेपाल के हाल के घटनाविकास से वह बहुत ही चिंतित भी नजर आते हैं। ''श्रीलंका में, बांग्लादेश में और हाल ही में नेपाल में जिस प्रकार जन-आक्रोश का हिंसक उद्रेक होकर सत्ता का परिवर्तन हुआ है, वह हमारे लिए चिंताजनक है।'' अपने स्तर पर भागवत इशारों में वर्तमान शासन को आगाह भी करते नजर आते हैं कि, ''शासन प्रशासन का समाज से टूटा हुआ संबंध, चुस्त तथा लोकाभिमुख प्रशासकीय क्रिया कलापों का अभाव, यह असंतोष के स्वाभाविक तथा तत्कालिक कारण होते हैं।'' फिर भी षडयंत्र का डर दिखाने का आसान रास्ता लेते हैं: ''अपने देश में तथा दुनिया में भी, भारतवर्ष में इस तरह के उपद्रवों को चाहने वाली शक्तियां सक्रिय हैं।'' और इसके बाद फौरन, इस तरह के संभावित खतरों का मुकाबला करने के लिए अपनी वैचारिक तलवार लेकर कूद पड़ते हैं: ''हिंसक उद्रेक में वांछित परिवर्तन लाने की शक्ति नहीं होती। प्रजातांत्रिक मार्गों से ही समाज ऐसे अमूलाग्र परिवर्तन ला सकता है।'' साफ है कि आरएसएस, जिसकी हमेशा से राजसत्ता पर ही नजर लगी हुई थी, सौ साल के हासिल के रूप में राजसत्ता तक अपनी पहुंच से जहां गद्गद् है, वहीं इस हासिल के हाथ से फिसल जाने के खतरे से डरा भी हुआ है। झूठ पर खड़े उसके साम्राज्य के पांव जो नहीं हैं।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# उत्तर भारत में सांप्रदायिक द्वेष भड़काने के लिए गढ़े जा रहे हैं नए बहाने



राम पुनियानी

यह 'आई लव मोहम्मद' वाला पुराना प्रकरण मुसलमानों को डराने-धमकाने और हाशिए पर धकेलने की स्थिति को और बदतर बना रहा है। अपने पैगम्बर के प्रति इस तरह के स्नेह का प्रदर्शन लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के दायरे में आता है। जैसा कि पाकिस्तान में कुछ तालिबानी तत्व दावा करते हैं कि भारत के साथ हर टकराव गज़्वा है..., यहां हमारे प्रधानमंत्री मामले को उसी दिशा में ले जा रहे हैं।

सांप्रदायिक हिंसा भारतीय राजनीति का अभिशाप रही है। यह एक सदी से भी ज़्यादा पुरानी है। इस घटना के ज़्यादातर विद्वानों के अनुसार, यह हिंसा आमतौर पर सुनियोजित होती है। इस हिंसा के बाद सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का उदय होता है। विद्वानों का यह भी मानना है कि 'दंगे जातीय ध्रुवीकरण पैदा करते हैं जिससे कांग्रेस की कीमत पर जातीय-धार्मिक दलों को फ़ायदा होता है'। उनका मानना है कि जहां हिंदू-मुस्लिम दंगे कांग्रेस के लिए चुनावी तौर पर महंगे होते हैं, वहीं ये दंगे वास्तव में 'कांग्रेस जैसी बहुजातीय पार्टियों की कीमत पर जातीय-धार्मिक दलों' को मज़बूत करते हैं। इस अवलोकन के अनुसार, हिंसा भड़काने और उसका चुनावी फ़ायदा उठाने के लिए ज़्यादा से ज़्यादा बहाने गढ़े जा रहे हैं।

इस लंबी सूची में नए बहाने जुड़ते जा रहे हैं, जैसे मस्जिद के सामने तेज़ संगीत बजाना, मंदिरों में गोमांस फेंकना और अफ़वाहें फैलाना, जो नफ़रत फैलाने की मुख्य प्रवृत्ति रही है। इसके अलावा, मुस्लिम राजाओं का दानवीकरण, उनके द्वारा मंदिरों का विध्वंस, तलवार के बल पर इस्लाम का प्रसार, उनके बड़े परिवारों के कारण इस देश में हिंदुओं के अल्पसंख्यक होने का ख़तरा, ये सब नफ़रत फैलाने के तरीक़ों में जुड़ गए हैं। पिछले कुछ दशकों में गाय, गोमांस भक्षण, लव जिहाद, और कई अन्य जिहाद भी जुड़े हैं, जिनमें सबसे प्रमुख हैं कोरोना जिहाद, ज़मीन जिहाद और सबसे नया 'पेपर लीक जिहाद'।

यह सब याद आता है, क्योंकि इस समय देश में 'आई लव मोहम्मद' जैसे एक मामूली नारे के इर्द-गिर्द हिंसा का माहौल है। इसकी शुरुआत कानपुर से हुई, जब मिलादुन्नबी के मौके पर पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन के जश्न में निकले जुलूस में कुछ लोगों के 'आई लव मोहम्मद' के बैनर पर इस आधार पर आपत्ति जताई कि इससे इस धार्मिक त्योहार में एक नई परंपरा जुड़ रही है। पुलिस के एक हिस्से ने इस तर्क को स्वीकार कर लिया और ऐसे पोस्टर लगाने वालों के खि़लाफ़ एफ़आईआर दर्ज की। यह उन मानदंडों का पूर्णत: उल्लंघन है जिनके अनुसार इस पैगम्बर के प्रति सम्मान व्यक्त करने वाला एक शांतिपूर्ण जुलूस किसी भी मानदंड का उल्लंघन नहीं है। इसके बाद उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हिंसा फैल गई।

कानपुर की घटना पहली घटना थी और उत्तर प्रदेश के बरेली, बाराबंकी और मऊ जिलों में, उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के काशीपुर में और कई अन्य जगहों पर भी इसकी पुनरावृत्ति हुई।

इसके बाद पोस्टर फाड़े गए और हिंसा हुई और माहौल बिगड़ गया। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स (एपीसीआर) के दस्तावेज़ों के अनुसार, 'आई लव मोहम्मद' से जुड़ी 21एफ़आईआर दर्ज की गईं, जिनमें 1324 लोग प्रभावित हुए और 38गिरफ़्तारियां हुईं। बरेली में कुछ दिनों के लिए इंटरनेट बंद कर दिया गया और एक स्थानीय मुस्लिम नेता मौलाना तौकीर रज़ा खान को एक हफ़्ते के लिए नज़रबंद कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुसलमानों को बेतरतीब ढंग से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कानपुर की घटना पर एक ज्ञापन सौंपने का आह्वान किया था। इसमें वे खु़द शामिल नहीं हुए और हंगामा मचा दिया। इस गैरज़िम्मेदाराना हरकत के कारण कई मुसलमानों को गिरफ़्तार कर लिया गया।

इस पूरे घटनाक्रम ने मुसलमानों के खि़लाफ़ अंतर्निहित नफ़रत को भी उजागर किया। जैसा कि अक्सर होता है, शीर्ष सांप्रदायिक नेता बेतुके बयान देते हैं जिससे सांप्रदायिक तत्व अपने नफ़रत भरे अभियान को तेज़ कर देते हैं और हिंसा को जन्म देते हैं। श्री मोदी बार-बार ऐसा करते रहे हैं, ज़्यादातर चुनावों के समय। इस बार उनके अभियान 'घुसपैठिए' शब्द को सामने ला रहे हैं। यह परिघटना बिहार और खासकर असम में मुसलमानों के लिए अभिशाप बन गया है। बिहार के बाद, जहां 47 लाख से ज़्यादा मतदाता मताधिकार से वंचित हैं, पूरे देश में लागू किए जाने वाले ख़तरनाक मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के औचित्य में से एक यही है।

इस बार, उत्तर प्रदेश, जहां सबसे ज़्यादा घटनाएं हुई हैं, के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे बयान दिए जो राज्य के एक मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देते। उन्होंने कहा कि वे 'गज़्वा-ए-हिंद' का नारा लगाने का सपना देखने वालों को 'जहन्नुम के टिकट' देंगे। यह गज़्वा-ए-हिंद यहां कहां से आ गया? भारतीय मुसलमानों का एक वर्ग, गज़्वा नहीं, बल्कि 'आई लव मोहम्मद' का नारा लगाता रहा है... यह गज़्वा का नारा तालिबानी किस्म के लोगों द्वारा इस्तेमाल किया गया है और हिंदू दक्षिणपंथी पूरे मुस्लिम समुदाय पर इसके लिए आरोप लगा रहे हैं। इसलिए, कुरान में गज़्वा-ए-हिंद का कोई स्थान नहीं है। एक संदिग्ध हदीस में यह शब्द आता है, लेकिन यहां हिंद का मतलब बसरा है, भारत नहीं। पाकिस्तान में कई ऐसे कट्टरपंथी हैं जो दावा करते हैं कि हर युद्ध भारत के खिलाफ गज़्वा है...।

योगी ने आगे कहा कि 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर अराजकता फैलाने के लिए लगाये जा रहे हैं। उन्होंने हिंदुओं से हिंदू विरोधी और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से सावधान रहने को कहा... (इंडियन एक्सप्रेस, मुंबई संस्करण, 29 सितंबर, पृष्ठ 6) यह भारत के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ द्वेष पैदा करने का सबसे बुरा उदाहरण है। यह नारा अराजकता कैसे पैदा कर सकता है? यह नारा राष्ट्र-विरोधी कैसे है, यह समझ से परे है। उनके बयान लोकतांत्रिक मानदंडों का उल्लंघन करते हैं, जो हमें शांतिपूर्ण तरीके से अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का अधिकार देते हैं।

यह 'आई लव मोहम्मद' वाला पुराना प्रकरण मुसलमानों को डराने-धमकाने और हाशिए पर धकेलने की स्थिति को और बदतर बना रहा है। अपने पैगम्बर के प्रति इस तरह के स्नेह का प्रदर्शन लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के दायरे में आता है। जैसा कि पाकिस्तान में कुछ तालिबानी तत्व दावा करते हैं कि भारत के साथ हर टकराव गज़्वा है..., यहां हमारे प्रधानमंत्री मामले को उसी दिशा में ले जा रहे हैं। क्रिकेट में पाकिस्तान पर जीत के बाद, उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन सिंदूर का ही विस्तार था।

ऐसी स्थिति में मुस्लिम समुदाय क्या प्रतिक्रिया देता है? तेज़ संगीत बजाते डीजे वाले रामनवमी के जुलूस और कुछ उपद्रवियों द्वारा मस्जिदों पर जबरन भगवा झंडा फहराने के विपरीत, मुसलमानों द्वारा इस तरह के शांतिपूर्ण जुलूस निकालना बिल्कुल सामान्य है! हमारे कुछ हिंदू त्योहारों को हथियार बनाया जा रहा है! इरफ़ान इंजीनियर और नेहा दाभाड़े की किताब 'हिंदू त्योहारों का हथियारीकरण' में ज़मीनी स्तर पर की गई जांच से पता चलता है कि ख़ास तौर पर रामनवमी के जुलूस का इस्तेमाल मस्जिदों और मुस्लिम बहुल इलाकों के आसपास उपद्रव मचाने के लिए किया जा रहा है। इसके विपरीत मुस्लिम त्योहारों को बदनाम किया जा रहा है। 'आई लव मोहम्मद' वाला मिलादुन्नबी इसका दर्दनाक उदाहरण है। मुस्लिम त्योहारों पर इस तरह की नफ़रत भरी प्रतिक्रियाएं, जैसा कि हाल ही में देखा गया है, दिलों के विभाजन, समुदाय के ध्रुवीकरण और भारतीय संविधान के अभिन्न अंग, हमारे भाईचारे के मूल्यों को कमज़ोर करने का काम करती हैं। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा दिए जा रहे बयान संवैधानिक नैतिकता के बिल्कुल विपरीत हैं। ऐसी परिस्थिति में मुस्लिम समुदाय को यथार्थवादी होना चाहिए और हिंदू सांप्रदायिक तत्वों को उन पर हमला करने या उन्हें और बदनाम करने का कोई बहाना नहीं देना चाहिए।



## ललित सुरजन की कलम से

### राजनीति के नए रंग

*'भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत के साथ केन्द्र में तथा आम आदमी पार्टी को अभूतपूर्व बहुमत के साथ दिल्ली में मतदाताओं ने इस भावना के साथ विजय दिलवाई थी कि ये सरकारें लोकहित में बिना किसी अनुचित दबाव के काम कर सकेंगी, किन्तु यह विश्वास बहुत जल्दी बिखरते नज़र आ रहा है। पिछले सात-आठ दिन में राजनीतिक मंच पर जो दृश्य देखने मिले हैं वे बढ़ती हुई निराशा और मोहभंग की ओर ही संकेत करते हैं। लगभग दस माह पूर्व केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी और उसके बाद भी जनता ने प्रदेश विधानसभाओं के चुनावों में भाजपा को शायद यही सोचकर समर्थन दिया था कि नरेन्द्र मोदी के हाथ जितने मजबूत होंगे उतनी ही गति से देश का विकास होगा, लेकिन अब लोग अपने ही फैसले पर शंका कर रहे हैं। ऐसी ही कुछ स्थिति दिल्ली के संदर्भ में आम आदमी पार्टी की भी बन गई है।'*

**( देशबन्धु में 12 मार्च 2015 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/03/blog-post_11.html

## पावन प्रसंग

### दुर्जनों से शालीनता से निपटा जाए

जिस समाज-समुदाय के साथ हमारा संपर्क इच्छा या अनिच्छापूर्वक बनता रहता है, उसमें भले-बुरे सभी प्रकार के लोग होते हैं। वे सभी अपने-अपने ढंग से अपना-अपना प्रभाव छोड़ते हैं। इसमें कुछ ग्रहण करने योग्य होते हैं, कुछ त्यागने के योग्य। सभी से पूर्णरूपेण बच सकना अथवा घनिष्ठ बन सकना संभव नहीं। बिना संपर्क के एकाकी बने रहना भी संभव नहीं। इसलिए जो अवांछनीय है, उससे बचने के लिए कोई-न-कोई ऐसा उपाय सोचना चाहिए, जिससे आत्मरक्षा बन पड़े।

सर्वथा संपर्क- विहीन जीवन मनुष्य के लिए संभव नहीं। इसलिए प्रतिकूलताओं से आत्म-रक्षा करने की व्यवस्था बनाने के अतिरिक्त और कोई चारा नहीं। रास्ते में बिखरे कांटों और कंकड़ों को बीनकर रास्ता साफ-सुथरा बना लेना कठिन है। ऐसी स्थिति में सरल उपाय यही है कि पैरों में जूते पहन लिए जांए तो कांटे कंकड़ों को दबाते-कुचलते हुए अपनी राह चलते रहा जा सकता है। सभी सड़कें साफ-सुथरी नहीं होतीं। उन्हें पार करने वाले अपने वाहन को इस प्रकार संभालते हैं कि रास्ते में आने वाली कठिनाइयों से निपटते हुए अपनी राह चल सकना संभव हो सके।

सज्जनों के साथ संपर्क बना रह सके, ऐसे अवसरों की तलाश करते रहने पर कभी-न-कभी वैसा सुयोग भी मिलता रहता है। ऐसे संपर्क थोड़े समय के मिलें, तो भी उसमें कुछ-न-कुछ ऐसा जाना जा सकता है, जो आगे चलकर काम आए।

सज्जनों का साथ न मिले, तो कष्ट-पीड़ितों की सहायता करने के अवसर खोजे जाएं, इसके लिए जितना समय मिले, उतने समय का सदुपयोग कर लिया जाए; इसे भी एक प्रकार का सौभाग्य ही मानना चाहिए। दुष्ट जनों का दुर्व्यवहार सहना पड़े, तो क्रोध आना और दु:ख होना स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति का सामना करने के लिए अपना मन उस चिकित्सक जैसा बना लेना चाहिए, जिसे गंदगी में सने, बेहूदी बक-झक करने वाले और अपशब्दों का प्रयोग करने वाले रोगियों से पाला पड़ता ड़ता है। वे समझते हैं कि यह उनकी विवशता है। मस्तिष्क ठीक तरह काम न करने के कारण ही उन्हें अंट-शंट बकना पड़ता है। यदि उनकी मानसिक स्थिति सही रही होती, तो वे भी सभ्य जनों जैसा व्यवहार करते। बुद्धिमान चिकित्सक रोग को भगाने और रोगी को बचाने का प्रयत्न करते हैं। विक्षिप्त रोगियों से भी उनको द्वेष नहीं होता। उलटी-दस्त कर बैठने वाले रोगी की भी वे सफाई का इंतजाम करते हैं।

अवांछनीय जहां भी दीख पड़े, वहीं लड़ाई-झगड़ा आरंभ कर दिया जाए- यह आवश्यक नहीं। असहयोग, उपेक्षा आदि के सहारे भी चला जा सकता है। आवश्यकता पड़ने पर बच्चे द्वारा की जाने वाली उदंडता के अवसर पर धमका देने भर से भी काम चल सकता है। उनके प्रति बहुत कठोर नहीं होना चाहिए। दंड देने की अपेक्षा प्रयत्न इतना ही पर्याप्त है कि उदंडों को डरा देने की धमकी की कुशल व्यवस्था करके ही काम चलाया जाए। ठगों के साथ स्वयं ठगी की जाए, धूर्तों के साथ स्वयं भी धूर्तता करने की योजना बनाई जाए, यह उचित नहीं। नीतिमत्ता एवं शालीनता जैसे आधार अपनाए जाने पर भी दुर्जनों से निपटा जा सकता है। सज्जनों से तो निकट रहकर ही लाभ उठाना चाहिए।

**-युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### आज की शिक्षा प्रणाली में सुधार की अपेक्षा

मानव की सोई हुई शक्ति को जगाने वाली शिक्षा ही है। शिक्षण का सही लक्ष्य मानव बनाने का है। जिस शिक्षा से मानव में मानवता जागृत न हो अथवा पशुता के संस्कार समाप्त न हों, उस शिक्षा का कोई महत्व नहीं है। वर्तमान में जो शिक्षा-पद्धति है, वह समीचीन नहीं है। आज इस बात की आवश्यकता है कि शिक्षा का, ज्ञान का स्वरूप सम्यक हो एवं वातावरण में व्याप्त अराजकता के उन्मूलन के लिए जागरूकतापूर्वक प्रयास हो।

यह कटु सत्य है कि आज की शिक्षा प्रणाली सम्यक नहीं है। कहां हमारा ज्योतिर्मय अतीत एवं कहां अंधकारमय वर्तमान? यदि यही स्थिति रही तो भविष्य को धूमिल और अंधकारमय ही समझना चाहिए। जब हम अपने अतीत की ओर दृष्टिपात करते हैं तो मन गर्व से अभिभूत हो उठता है। बड़ों के प्रति विनय रखो, छोटों को स्नेह दो, किसी का दिल मत दु:खाओ, झूठ मत बोलो, हिंसा से बचो, अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए किसी का शोषण मत करो, जीवन की यात्रा अनुशासनबद्ध होकर करो, प्रामाणिकता को कभी भी खण्डित मत होने दो। 'मातृ देवो भव', 'पितृ देवो भव' और 'अतिथि देवो भव' के आदर्श को एक पल के लिए भी विस्मृत मत करो। कितनी उदात्त शिक्षा थी हमारे भारतवर्ष की। इस शिक्षा के आधार पर व्यक्तिव का निर्माण होता था और आज?

शिक्षा के क्षेत्र में व्यापारीकरण की ज्वाला फुट रही है। पेपरलीक जैसी घटनाएं बन रही है। इसमें अयोग्य छात्र सरकारी नौकरियों में प्रवेश कर जाते हैं जबकि होशियार छात्र की राहें कठिन हो जाती है। शिक्षकों की व्यभिचारी प्रवृत्ति समय समय पर अखबार की सुर्खियां बटोरती है। यह समाज का काला सच कड़वे घूंट के रूप में हम सबको पीना पड़ता है। स्कूल में भारी बैग का वजन ढोने वाले विद्यार्थी की दशा पर तरस आता है।

शिक्षा का उद्देश्य केवल पेटपूर्ति अथवा रोजगार मात्र नहीं है। शिक्षा वही शिक्षा है जो सुधार की समग्र दिशाओं को प्रशस्त करती है। हमें वही शिक्षा आत्मसात करनी है जिसे स्व-पर हित सम्यक प्रकार से सम्पादित हो। पाश्चात्य शिक्षा का यह प्रभाव हुआ है कि न हम पूरे अंग्रेज बन पाये और न पूरे भारतीय ही रह पाये। हमारा चित्त बन गया यूरोपियन और देह रह गई भारतीय। शरीर भारतीय है, क्योंकि उसे हम गोरा नहीं बना पाये पर हां, हमारी वेशभूषा, खान-पान, रहन-सहन, बोल-चाल सब कुछ यूरोपियन हो चुका है। स्कूलों में अंग्रेजी को अनिवार्य करके हमारी हिंदी भाषा से मुंह मोड़ने वाले क्या जताना चाहते है?

उद्दण्डता, उच्छृंलखता, अनुशासनहीनता एवं तोड़-फोड़ किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। अनुशासनहीनता और सद्गुणों की उपेक्षा से जीवन अपवित्र होता है। विद्यार्थियों से परिवार, समाज और राष्ट्र को कई अपेक्षाएं हैं। आप मनोयोग के साथ अध्ययन कीजिए एवं अर्जित किये गये ज्ञान को जीवन के आचरण के रूप में लाइये। आचरण से ही जीवन उत्कृष्ट बनता है। आपको सदाचार का स्वागत करना है और सच्चे अर्थों में इनसान बनना है।

**-कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# खुद दे रहे खतरे को आमत्रंण, नहीं ले रहे हादसों से सबक



## कांचघर में समिति के कार्यकर्ता हटाते रहे लोहे की सीढ़ी पर चढ़कर बिजली के तार में फंसी माला

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी में एतिहासिक दशहरा पर्व के चर्चे देशभर में विख्यात हैं। लेकिन इस बार एक के बाद एक दो घटनाओं ने सोचने के लिए विवश कर दिया है कि आखिर कहां चूक हो गई जिसके गढ़ा क्षेत्र में एक महिला की मौत और भीटा में दो युवको की मौत ने सोचने के लिए विवश कर दिया है कि आखिर ऐसे हादसों की क्या वजह हो सकती है? बीती देर रात ऐसी ही घटना होते-होते उस समय होते-होते माता जी की कृपा से बाल-बाल बच गई जब कुछ ऐसी ही तस्वीर बीती रात सामने उस समय देखने को मिली जब देर रात कांचघर वाली वृहत महाकाली माता के विसर्जन के लिए समिति प्रबंधकों द्वारा बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ के साथ निकल रहा था। तभी बीच रास्ते में कांचघर से ढालान पर आते ही बिजली लाइन आ गई। जिसमें स्थानीय जनों ने एक बड़ी माला प्रतिमा पर चढ़ाने के लिये लगा रखी थी जिस पर प्रतिमा फंस गई जिसे ऊपर करने के लिए दो कार्यकर्ता लोहे की सीढ़ी पर चढ़कर उसे हटाने का प्रयास करने लगे अब आप इसे लापरवाही नहीं कहेंगे तो क्या कहेंगे। वह तो माता रानी की कृपा से सबकुछ ठीक-ठाक रहा नहीं तो बड़ी घटना घटने में समय नहीं लगता।

### सामने आई बड़ी लापरवाही

इस तरह के बहुत से दृश्य हर कहीं देखे जा सकते हैं इसलिए समिती प्रबंधकों को चाहिए कि बहुत ही जिम्मेदारी का परिचय देते हुए कोई भी काम करना चाहिए क्योंकि घटना घटने में समय नहीं लगता हैं।

### गढ़ा, बरगी हिल्स और भीटा की घटनाओं से सबक लेना चाहिए

पहली घटना चार दिन पहले हुई जब दशहरा चल समारोह के दौरान मंच के पास ही अचानक एक लोहे का सेड गिरा जिसके गिरने से कई लोग मंच पर बैठे थे जिसमें एक महिला की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए।

जबकि दूसरी घटना में वहीं गत दिवस बरगीहिल्स, भीटा में भी दो लड़कों की मौत करंट लगने से हो गई है। भीटा में हुई दो लड़कों मौत निश्चित रुप से मप्र विद्युत विभाग की लापरवाही से हुई है। लेकिन कभी-कभी लापरवाही भी हमारे लिए खतरनाक साबित होता है।

# फिर बिगड़ी पाइप लाइन, सुधार कार्य में लगेगा एक सप्ताह

## घटिया तरीके से हो रहे सुधार कार्य, बार-बार फूट रही मेन राइजिंग लाइन

**जबलपुर, देशबन्धु।** रमनगरा वाटर फिल्टर प्लांट के लीकेज की रिपेयरिंग के 12 घंटे भी नहीं बीते थे कि एक बार फिर से पाइप लाइन फूट गई। अब एक बार फिर लीकेज को रिपेयर करने में करीब एक सप्ताह का समय लगेगा। इतने कम समय में दोबारा पाइप लाइन फूटने के कारण कांग्रेस पार्षद दल ने घटिया तरीके से सुधार कार्य करने का आरोप लगाया है।

नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा ने कहा कि सुधार कार्य में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है और गुणवत्ता का जरा भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है, इसलिए बार-बार लीकेज हो रहा है और फिर उसे रिपेयर कराने के लिए जनता का पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस लापरवाही के प्रति विरोध जताने के लिए आज जल प्रभारी दामोदर सोनी और कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव के चेंबर में तालाबंदी की जाएगी।

### एमआईसी मेंबर ने किया मौके पर पहुंचकर निरीक्षण

मेयर जगत बहादुर सिंह अन्नू के निर्देश पर एमआईसी मेंबर दामोदर सोनी ने मौके पर पहुंचकर लीकेज की रिपेयरिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द सुधार कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा



कि जब तक सुधार कार्य नहीं हो जाता तब तक वैकल्पिक लाइन से सप्लाई की जाए और प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर पहुंचाए जाएं ताकि लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

# ई रिक्शा बन रहे यमदूत...

**जबलपुर, देशबन्धु।** यूं तो ई रिक्शा वैसे ही आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बनते रहते हैं एक तो वो हल्के होने के कारण पलट जाते हैं, ऊपर से अब वो छत पर लोहे की रॉड लेकर चल रहे हैं। जिससे रॉड पांच से छह फुट आगे पीछे निकली रहती है और रिक्शे की ऊंचाई भी लगभग छह फुट होती है, जिससे दुपहिया वाहन चालक के सर के सामने आ जाती हैं जो बहुत ही खतरनाक हो जाता है। आगे और पीछे बाहर झूलते नुकीले एंगल स्क्वेयर बार, पाइप सरिया अगर आप पीछे चल रहे हैं जरा भी ध्यान चूका तो सीधा आपका सिर या आपकी आंख इसके दायरे में और अगर आप इसके आगे चल रहे हैं ईवी चालक का ध्यान चूका या आगे चल रहे दोपहिया



वाहन चालक ने ब्रेक लगाया तो ये सीरिया एंगल आपके सिर में घुस जाएगी। जबलपुर शहर में इस तरीके का वाहन लोडिंग आम बात हो गई है।

### जिला प्रशासन ट्रैफिक पुलिस की सहमति

छोटा हाथी और ई रिक्शा जिसकी ऊंचाई लगभग छह फुट है इसके ऊपर रॉड आदि ये दोपहिया वाहन पर चल रहे हैं तो चालक के सिर एवं आँख इसकी रेंज पर रहते हैं। जरा से असावधानी आगे और पीछे झूलती नुकीली सरिया एंगल आपको गंभीर रूप से घायल कर सकती है। अत: जिला प्रशासन को संज्ञान में लेते हुए निर्देशित करें और इस तरीके के परिवहन पर पूर्णत: प्रतिबंध लगे और इस तरीके के बीस फुट के सभी प्रकार के पाइप एंगल रोड के परिवहन के लिए बड़े वाहन का इस्तेमाल करें जैसे ठेला या रिक्शा का इस्तेमाल ना करें। एवं रात्रि में एंगल पाइप वर्ल्ड कप परिवहन पूर्णत: प्रतिबंधित करें।

# मध्यप्रदेश हाईकोर्ट बार के पूर्व अध्यक्ष रमन पटैल का निधन

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपी हाइकोर्ट बार एसोसिएशन एवं जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकतंत्र सेनानी संघ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट रमन पटेल का निधन हो गया है। उनकी अंत्येष्टि आज मंगलवार को को सुबह 10 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम में सम्पन्न होगी। श्री पटेल के निधन से अधिवक्ता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनका जाना एक अर्पूणीय क्षति बताया गया है।



### इमरजेंसी में जेल भी गए-

रमन पटेल 1965 मे रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय के अध्यक्ष निर्वाचित हुए 1964 महामंत्री बने 1968 से 1974 तक संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के प्रदेश महामंत्री रहे। 1975 में जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में इमरजेंसी के दौरान 19 महीने 18 दिन मीसा के तहत टीकमगढ़ जेल मे रहे। 1980 से भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे। 1988 से 1992 तक जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रहे। 2 बार मप्र हाइकोर्ट बार के अध्यक्ष निर्वाचित हुए 1996 से 1998 एवं 2019 से 2022 रहे। वे मप्र कुर्मी क्षत्रिय समाज संगठन के 1979 से 1992 तक प्रदेश महामंत्री रहे।

## सार-समाचार

### पूर्व क्षेत्र कंपनी के प्रबंध संचालक ने सुनील कुमार दानी को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** पूर्व क्षेत्र कंपनी के प्रबंध संचालक कार्यालय में कार्यरत सुनील कुमार दानी, कार्यालय सहायक श्रेणी-3, को उनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक भावभीन विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह गरिमामयी कार्यक्रम कंपनी के प्रबंध संचालक द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें श्री दानी को उनके वर्षों के सेवा-काल के लिए आदरपूर्वक सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें शॉल श्रीफल और उपहार स्वरूप एक सुंदर घड़ी भेंट की गई। समारोह में कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) संपदा सराफ गुर्जर, मुख्य महाप्रबंधक (कार्य एवं आरडीएसएस) संजय भागवतकर, मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) अशोक सिंह धुर्वे, मुख्य वित्तीय अधिकारी विक्रम भास्कर, प्रमुख (कंप्यूटर पद्धित एवं संचलन) अरविंद सक्सेना सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं सहकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने श्री दानी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



### बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट में एंटरप्रेन्योरशिप अवेयरनेस ड्राइव



**जबलपुर, देशबन्धु।** बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ई-सेल, आईआईटी खड़गपुर के सहयोग से एंटरप्रेन्योरशिप अवेयरनेस ड्राइव जबलपुर 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में स्टार्ट-अप, नवाचार एवं उद्यमिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन डॉ. सौरभ बड़ेरिया के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान निदेशक डॉ. राजीव खत्री द्वारा की गई। जिन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन से छात्रों को आधुनिक तकनीकों, नवाचार और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में एजियस टेक्नोलॉजीज, बेंगलुरु के सह-संस्थापक एवं सीईओ सूरज वर्नेकर तथा पीसी एडवाइजरी की संस्थापक एवं निदेशक प्रीति चौधरी ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किए। अतिथियों का सम्मान संस्थान की डिप्टी डायरेक्टर डॉ. निहारिका यादव द्वारा किया गया। इस सफल आयोजन में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. सौरभ शर्मा, आईटी विभागाध्यक्ष प्रो. विशाल परांजपे तथा प्रो. जोहेब हसन सहित संपूर्ण संकाय टीम का विशेष योगदान रहा।

# नहीं रूका स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय द्वारा 16 जुलाई 2025 को जारी अधिसूचना के माध्यम से देशभर में स्मार्ट मीटर की स्थापना के लिये समय सीमा को 31 मार्च 2028 तक विस्तारित किया गया है। कतिपय समाचार पत्रों द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने के अभियान को उपभोक्ताओं के विरोध के कारण रोक/टाल दिया गया है, की बात कही जा रही है जोकि वास्तविक तथ्यों के पूर्णत: विपरीत है। वास्तविकता यह है कि यह निर्णय उपभोक्ता विरोध के कारण नहीं, बल्कि देशभर में आरडीएसएस योजना के क्रियान्वयन को सुसंगत तरीके से सुनिश्चित करने के लिये लिया गया है। इस योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा डिस्कॉम्स को 900 प्रति मीटर अनुदान प्रदान की जाएगी। भारत सरकार द्वारा रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम योजना के अंतर्गत डिसकोम्स को दिए जा रहे अनुदान की समय सीमा वर्ष 2028 तक बढ़ा दी गई है। यह केवल अनुदान की समयसीमा बढ़ाने से संबंधित है और इसका उपभोक्ताओं के विरोध से कोई संबंध नहीं है।

### विरोध ने रोका स्मार्ट मीटर अभियान संबंधी खबरें असत्य और निराधार

# विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में पीएम रोजगार योजना एक महत्वपूर्ण पड़ाव है : राकेश सिंह




**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर स्थित होमसाइंस कालेज सभागार में आज राकेश सिंह कैबिनेट मंत्री लोक निर्माण विभाग के मुख्य आतिथ्य एवं राकेश सहरावत क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-। की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के महत्व पर वृहद सेमिनार सम्पन्न हुआ।

राकेश सिंह कै बिनेट मंत्री लोक निर्माण विभाग ने उपस्थितो को संबोधि करते हुए कहा की 2014 से पहले विकसित भारत की परिकल्पना को गंभीरता से नहीं लिया जाता था। वर्तमान में यह एक मानसिक विचारधारा के रूप में फलीभूत हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित रोजगार के लिये हमें विकसित भारत की तहफ तेजी से कदम बढ़ाना होगा। किसी भी राष्ट्र के विकास में स्वच्छता का सर्वाधिक महत्व होता है, जिस देश में स्वच्छता नहीं है वह देश कभी भी विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में नही आ सकता है। इस अवसर पर उन्होंने महात्मा गांधी जी का भी स्मरण किया और बताया कि स्वच्छता के सबसे बडे प्रेमी थे। उनके सिद्वांतो पर चलते हुये हमारी सरकार ने एक कदम स्वच्छता की ओर की अवधारणा को साकार किया है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना युवाओं को रोजगार प्रदान करने की दिशा में सरकार की बडी पहल है। इस योजना की सफलता में नियोक्ताओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस योजना के क्रियान्वयन में सरकारी मशनरी द्वारा नियोक्ताओं को भरपूर सहयोग एवं मार्ग दर्शन प्राप्त होगा।

# स्वामी विवेकानंद का संदेश आज भी प्रासंगिक है: कुलगुरु

**जबलपुर, देशबन्धु।** 11 सितम्बर 1893 में शिकागो की विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद के शब्दों ने दुनिया को भारत की सभ्यतागत शक्ति से परिचित कराया। सहिष्णुता, सार्वभौमिक भाईचारे और सद्भाव का उनका दिया यह संदेश आज भी प्रासंगिक है, जो भारतीयों की पीढ़ियों को आकार दे रहा है और एक आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के हमारे दृष्टिकोण को प्रेरित कर रहा है। ये विचार रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने सोमवार को विश्वविद्यालय के संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग में विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये।



### रादुविवि में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

विश्वविद्यालय के संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग में ‘भारतीय संस्कृति में विश्व बंधुत्व’ विषय पर आधारित विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए संयोजक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. धीरेन्द्र पाठक ने कहा कि विश्व बंधुत्व दिवस प्रतिवर्ष स्वामी विवेकानंद के शिकागो में दिए गए विश्व धर्म संसद के भाषण की स्मृति में मनाया जाता है, जहां उन्होंने 'भारत की बहनों और भाइयों' कहकर सभी मनुष्यों को सार्वभौमिक भाईचारे का संदेश दिया था। विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव डॉ. आरके बघेल, मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में संस्कृत विभाग के पूर्व आचार्य डॉ. कमलनयन शुक्ल उपस्थित हुये। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग की व्याख्याता डॉ. सरिता यादव एवं आभार प्रदर्शन डॉ. जया शुक्ला ने किया। इस अवसर पर अतिथि विद्वान डॉ. साधना जनसारी, डॉ. आशरानी, डॉ. राजुल अग्रवाल, डॉ. संदीपा उपाध्याय, डॉ. रीना हल्दकार, डॉ. हरलीन कौर रुपराह, डॉ. सत्यप्रकाश त्रिपाठी सहित सभी शिक्षक एवं शोधार्थी व छात्र-छात्राओं की मौजूदगी रही।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर फिल्म हमें क्या का पोस्टर लॉन्च

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर प्रधानमंत्री और प्रभाशंकर पांडे की प्रेरणा से कलाकारों द्वारा एक फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। फिल्म समाज में एक दूसरे की मदद करने के लिए प्रेरित करती है। जिसका उद्देश्य समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाना है। विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने फिल्म का पोस्टर लॉन्च किया। एवीपी प्रोडक्शन के द्वारा इस फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। फिल्म का उद्देश्य समाज में एक सकारात्मक संदेश देना और समाज में बदलाव लाना है। फिल्म की स्टोरी स्थानीय कलाकार और राईटर विकास पांडेय ने लिखी है। जो फिल्म का निर्देशन भी करेंगे। फिल्म और टीवी एक्ट्रेस अदिति (वैशाली), आचमन पांडे ने प्रमुख भूमिका निभाई है।



# एमेच्योर पॉवरलिफ्टिंग जबलपुर की कार्यकारिणी का गठन

## संजय साहू अध्यक्ष, प्रदीप बने सचिव

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमेच्योर पॉवरलिफ्टिंग ऑफ एमपी स्टेट एसोसिएशन के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद बेन , महासचिव प्रकाश यादव द्वारा एमेच्योर पॉवरलिफ्टिंग एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया , जिसमें संरक्षक सुनील यादव , अशोक रजक , गुरुचरण श्रीवास्तव , उपाध्यक्ष नीलेश केवट , विजय रजक , ऋषिभान सिंह ठाकुर , अमित सोनकर , कमल समद , प्रवीण कपूर , कृष्णा गुप्ता , डिम्पल खत्री , सह सचिव रवि यादव , सुमित सिंह ठाकुर , हर्ष गोस्वामी , आकाश यादव , कोषाध्यक्ष आकृति विश्वकर्मा , मीडिया प्रभारी दीपक सराफ , कार्यकारिणी सदस्य थॉमस पॉल , देवेंद्र तिवारी , मनोज वर्मा , करन कोल , संजीवन



मरकाम , अतुल शर्मा , आयुष यादव , अक्षय दीवान , इंद्रकांत , नीलेश कुमार , सचिन सिंह ठाकुर सर्व सम्मति से चुने गए ।

इन सभी की नियुक्तियों पर एमेच्योर पॉवरलिफ्टिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुरेश कदम , महासचिव मिथेन कदम , एडवोकेट राहुल श्रीवास्तव , विवेक राम सोनकर , अशोक रजक , एन बी क्षत्रि ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की ।

### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का नगर आगमन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय का मंगलवार 7 अक्टूबर को सुबह 8.20 बजे इंदौर से वायुयान द्वारा डुमना विमानतल जबलपुर आगमन होगा। श्री विजयवर्गीय सुबह 8.30 बजे डुमना विमानतल से कार द्वारा गोटेगांव प्रस्थान करेंगे तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल की माता जी श्रृद्धाजंलि अर्पित करेंगे।

# जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के पदाधिकारियों और छात्र नेत्राओं ने सोमवार को जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रदर्शन करते हुए प्राचार्य को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से परिषद् ने महाविद्यालय परिसर में व्याप्त गंभीर समस्याओं, शिक्षकों द्वारा छात्राओं के प्रति अनुचित व्यवहार, शैक्षणिक अनियमितताओं तथा छात्राओं के साथ हो रही अभद्र घटनाओं के संबंध में तत्काल कार्यवाही की मांग की।



### अतिथि शिक्षक और एचओडी पर लगाए गंभीर आरोप

ज्ञापन में बताया गया कि महाविद्यालय के अतिथि शिक्षक देवेन्द्र दुबे द्वारा लगातार छात्राओं के साथ अभद्र एवं आपत्तिजनक व्यवहार किया जा रहा है। शिकायतों के अनुसार, शिक्षक द्वारा अनुचित टिप्पणियां करना, कपड़ों पर टिप्पणी करना, छात्राओं का पीछा करना तथा उन्हें संदेश भेजना जैसी गंभीर गतिविधियाँ की जाती हैं, जो न केवल अनुशासनहीनता का उदाहरण हैं बल्कि छात्राओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला अपराध भी है। साथ ही आरोप लगाया गया कि देवेन्द्र दुबे द्वारा जातिगत भेदभाव किया जा रहा है और वे विद्यार्थियों को उनकी जाति अथवा अपनी व्यक्तिगत पसंद के आधार पर अंक प्रदान करते हैं। एबीवीपी ने यह भी उल्लेख किया कि एचओडी और प्रोफेसर पर परीक्षाओं में धांधली करने के आरोप लगाए।

ज्ञापन के दौरान परिषद के महानगर मंत्री आर्यन पुंज, ऐश्वर सोनकर, अंचल मिश्रा, अक्षत ताम्रकार, आशुतोष पटेल, दिव्यांक पचौरी, प्रफुल तिवारी, भास्कर पटेल, सार्थक तिवारी, आदित्य सिनोदिया, यश पटेल, आयुष कोष्टा, आराध्य निगम उपस्थित रहे।

# गढ़ा रामलीला में राम राज्याभिषेक एवं वानरों की विदाई



**जबलपुर,देशबन्धु।** सिद्ध मंच गढ़ा रामलीला के 59 वें मंचन महोत्सव के अंतर्गत राम राज्याभिषेक की लीला प्रथम तिलक गुरु वशिष्ठ कीन्हा गुरु वशिष्ठ के रूप में परम पूज्य जगद्गुरु बालगोविंद शास्त्री भागवत भास्कर एवं ज्योतिषविद अयोध्या धाम की जनता को संबोधित करते हुए घोषणा की कि आज से हमारे सम्राट श्रीराम होंगे और वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ श्रीराम का तिलक किया।

मुख्य अतिथि सांसद आशीष दुबे के दिल्ली में होने से विधायक अभिलाष पांडे ,प्रमुख अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह, अन्नू , अध्यक्ष श्रीमती संध्या जैन श्रुति राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षिका वरिष्ठ साहित्यकार एवं विशिष्ट अतिथि अजय तिवारी धतुरहा' भगवान श्रीराम का तिलक किया। विधायक एवं महापौर ने अपने उद्बोधन में रामराज्य की कल्पना कर जबलपुर में सुख समृद्धि एवं शांति बनाए रखने की प्रार्थना की। इसके उपरांत स्थायी सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष श्री रामलीला समिति गढ़ा के सम्माननीय रमाशंकर कटारे का अभिनंदन श्रीरामलीला समिति गढ़ा के संचालक पंडित अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री लोकराम कोरी,निर्देशक राजेश मिश्रा, शरद दुबे कुररिया,भोलाराम खत्री,,ने जगद्गुरु बालगोविन्द शास्त्री महाराज की संत अर्चना की ।।

राम राज्याभिषेक होते ही रामलीला मैदान पर आकर्षक आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण किया गया। दूसरे चरण में भगवान श्री राम द्वारा राम राज्याभिषेक की कल्पना रहा न कोऊ लक्षण हीना और वानरों की विदाई की लीला संपन्न हुई। समिति के संचालक अशोक मनोध्याय ने समिति के सभी पदाधिकारियों,निर्देशक, सह निर्देशक, घर घर जाकर धनसंग्रह करने वाले सभी समितियों के सदस्यों ,अभिनय कर्ताओं,ग्रीन रूम के सहयोगीयों, दान दाताओं एवं समिति को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग करने वाले प्रत्येक सदस्य को धन्यवाद देते हुए कृतज्ञता ज्ञापित की।

श्रीराम ही राष्ट्र हैं - राष्ट्र ही श्रीराम। श्रीराम भक्ति का यही मंत्र महान।।एवं अगले वर्ष पुन: मिलेंगे जय श्रीराम जय सियाराम के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# कांचघर वाली वृहद महाकाली का जगह-जगह हुआ पूजन

## गौरीघाट में हुआ विसर्जन, दर्शन को भक्तों का जन सैलाब



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर की गढ़ा और पड़ाव वाली काली जी के साथ कई दुर्गा समितियों की प्रतिमाओं का विसर्जन किया हुआ। जिनका विसर्जन जुलूस अपने तय समय पर किया गया। एक ओर जहां गढ़ा और पड़ाव वाली काली जी के विसर्जन जुलूस में भारी हुजुम रहा।

वहीं दूसरी ओर शीतलामाई स्थित श्रृंगार वाली महाकाली और कांचघर चौराहा में स्थापित की जाने वाली वृहत महाकाली के विसर्जन जुलूस देखने लायक रहा। वृहद महाकाली की विसर्जन यात्रा शाम करीब 7 बजे निकाली गई। जो कांचघर से शुरू होकर घमापुर, कलेक्ट्रेट, रसल चौक होते हुये दूसरे दिन शाम चार बजे गौरीघाट पहुंची। जिनका पूजन अर्चन के बाद विसर्जन किया गया। विसर्जन जुलूस का स्वागत जगह-जगह किया। जिसे देखने दूर-दराज से महाकाली के भक्त पहुंचे। बताया जा रहा है कि वृहद महाकाली कांचघर समिति बहुत ही कम में पूरे जिले में प्रख्यात हो गई। जिसके विसर्जन जुलूस में हजारों की भी? उम? प?ती है। जिसे संभालने के लिये स्थानीय थाना पुलिस को मोर्चा संभालना प?ता है। विसर्जन यात्रा के दौरान लोगों ने स्वागत मंच लगाये और महाकाली के प्रतिमा का स्वागत कर पूजन किया। प्रतिमा की यात्रा के दौरान कांचघर से घमापुर तक स?कें जाम रही। वृहद महाकाली के दर्शन करने और प्रसाद प्राप्त करने के लिये महिलाएं, पुरूष और बच्चे ब?ी संख्या में पहुंचते रहे।

# नर्मदा पंचकोशी स्वर्ण कलश की 108 परिक्रमा आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में 4 माह चातुर्मास विश्राम की आखरी नर्मदा पंचकोशी स्वर्ण कलश के साथ लड्डू गोपाल जी तुलसी मैया भगवान राधा कृष्ण की एक साथ 108 परिक्रमा संकीर्तन के माध्यम से आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदास महाराज के सानिध्य में क्वार शरद पूर्णिमा 7 अक्टूबर को प्रात 6 बजे की जाएगी

**1100 हनुमान जी नाम का हवन होगा**-जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट चौक पर सावित्री सदन गौशाला में आज शाम 4.00 बजे कार्तिक माह के हर मंगलवार को 1100 हनुमान जी नाम का हवन होगा। 5 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा पर नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा महाकुंभ हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में आयोजन होगा। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा अध्यक्ष डा. सुधीर अग्रवाल परिक्रमा संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल, मनमोहन दुबे, श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान, मनोज गुलाबबनी, कैलाश विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, दुर्गा पटेल गुडडू नेता ने की है।

# साहित्यिक सेवा के लिए मिला सम्मान




**जबलपुर,देशबन्धु।** कचनार सिटी में प्रसंग संस्था का अलंकरण समारोह सम्पन्न हुआ। आयोजन में साहित्य सेवा अलंकरण से मथुरा जैन उत्साही को साहित्यिक सेवा के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 50 वर्षों की साहित्यिक सेवा के लिए प्रदान किया गया। इस मौके पर आचार्य भगवत दुबे, अशोक मनोध्याय, हास्य कलाकार केके नायकर, संदीप जैन, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, व्यंग्यकार प्रतुल श्रीवास्तव, संस्थापक इंजी. विनोद नयन, यतीश अग्रवाल, राजेश नेमा, डॉ. मकबूल अली, डॉ. रानू रूही, डॉ. छत्रसाल सिंघई, डॉ. नलिनी सिंघई, डॉ. अनिल कोरी मौजूद थे। समारोह के द्वितीय चरण में रचनाकारों का सम्मान किया गया।

# हिन्दू जीवन मूल्य ही दुनिया को नई दिशा दे सकता है - विनोद दिनेश्वर




**जबलपुर,देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष की ओर बढ़ते हुए, महाकौशल प्रांत के प्रचार प्रमुख विनोद दिनेश्वर ने श्री विजयादशमी उत्सव के पावन अवसर पर उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि हिन्दू जीवन मूल्यों के आधार पर ही भारत विश्व गुरु के स्थान पर पुन: प्रतिष्ठित होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदुत्व कोई पूजा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने का मार्ग है।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित दिनेश्वर ने मातृवत परदारेषु, परद्रव्येषु लोष्ठवत के सूत्र का उल्लेख करते हुए हिंदुत्व को परिभाषित किया। उन्होंने कहा, हमारे लिए अपनी पत्नी को छोड़कर सभी महिलाएं—चाहे वह कन्या ही क्यों न हो—माँ का रूप हैं। पराये धन को मिट्टी के ढेले के समान समझना ही सच्चा हिंदुत्व है। समाज से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि हम सबको पांच मूलभूत विषयों पर ध्यान देगा होगा। परिवार व्यवस्था ये भारत की आत्मा है अत: परिवार में संस्कारक्षम वातावरण ये होना ही चाहिए। सामाजिक समरसता का आज भी अभाव दिखाई पड़ता है। यदि हम भारत माता की जय बोलते हैं तो हम सब भारत माँ की संतान है, फिर अश्पृश्यता किस बात की। छुआछूत मुक्त समाज खड़ा करना ही होगा। स्व का बोध प्रत्येक नागरिक के जीवन मे हो। भाषा, भूषा, भोजन, भेषज, भजन और भ्रमण ये स्वदेशी हो। पर्यावरण युक्त जीवन शैली आज की आवश्यकता है। । और हम अधिकार की तो बात करते हैं परंतु कर्तव्य भूल जाते हैं। इसलिए नागरिक कर्तव्य का पालन करना हम सबका दायित्व हो। भ्रष्टाचार मुक्त समाज आज की आवश्यकता है।

**याचि देहि याचि डोळा-सर्वोच्च स्थान पर भारत**-दिनेश्वर ने दृढ़ता से कहा कि जिस दिन समाज इन पाँचों बातों को अंगीकृत कर लेगा, भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार के स्वप्न को याद करते हुए कहा, याचि देहि याचि डोळा (इसी शरीर से, इन्ही आँखों से) हम भारत को सर्वोच्च स्थान पर स्थापित होते देखेंगे।

# महंत आशीष दास श्री राम जानकी जन कल्याण समिति के पुनः अध्यक्ष चुने गए



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश की प्रमुख समाजसेवी संस्था श्री राम जानकी जन कल्याण समिति सोसायटी, गुरदा सुहागी, थाना अधारताल, जिला जबलपुर की आम बैठक में सर्वसम्मति से महंत आशीष दास को पुन: संस्था का अध्यक्ष चुना गया।

महंत आशीष दास ने जानकारी देते हुए बताया कि यह संस्था सरकारी नियमों के अंतर्गत विधिवत पंजीकृत समिति है। अध्यक्ष पद के निर्वाचन से पूर्व आयोजित कार्यकारिणी बैठक में आवश्यक संशोधन किए गए और मतदान प्रक्रिया के माध्यम से नए सदस्यों को अवसर दिया गया। कुछ पुराने सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त किया गया।

बैठक में नए चुने गए पदाधिकारियों में महंत आशीष दास को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के लिए रवि कांत गुप्ता, सचिव पद पर सुमन सोनी, आनंद कुमार शर्मा को महामंत्री, कोषाध्यक्ष के लिए मोहित सोनी, और अरविंद कुमार सिंह एवं नीरज कुमार सोनी को स्थायी सदस्य के रूप मे चुनाव किया गया। इस अवसर पर महंत आशीष दास को सम्मानित किया गया।महंत आशीष दास ने पुन: अध्यक्ष पद का दायित्व मिलने पर सभी सदस्यों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और यह विश्वास दिलाया कि संस्था समाज कल्याण एवं मानव सेवा के अपने उद्देश्यों पर पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करती रहेगी।

# आज महर्षि वाल्मीकि जयंती

**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर 7 अक्टूबर 2025 सेवा ही सबसे बड़ा धर्म समाज उत्थान ही हमारा कर्म है। इसी भावना के साथ वाल्मीकि समाज जबलपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महर्षि वाल्मीकि जयंती का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह पावन समारोह मंगलवार को शाम 6 बजे से संस्कृति थिएटर भंवरताल गार्डन जबलपुर में आयोजित होगा। समाज से सभी बंधुओं से आग्रह है कि सपरिवार उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने और महर्षि वाल्मीकि के आर्शीवाद के पात्र बने।

# दैनिक राशिफल

**मंगलवार 07 अक्टूबर 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अश्विनी शुक्ल की चतुर्दशी, नक्षत्र-रेवती।**

मेष - शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव होगा। सर्दी, कफ, बुखार की पीड़ा सता सकती है। धर्म का काम करने में धन खर्च होने की स्थिति होगी। खर्च बढ़ेगा।

वृषभ - आज का दिन आपके लिए आनंद से भरा है। व्यापार के साथ ही आय वृद्धि भी बेहतर रहेगी। परिजनों और मित्रों के साथ वातावरण आनंदमय रहेगा।

मिथुन - शारीरिक और मानसिक रूप से आज दिनभर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसायिक क्षेत्र में काम की प्रशंसा होने से उत्साह भी बढ़ेगा। सहकर्मियों का भी सहयोग प्राप्त होगा। **क. 119- 589**

कर्क - आज का दिन आप धर्म, ध्यान तथा देवदर्शन में व्यतीत करेंगे। किसी तीर्थ स्थान पर जा सकते हैं। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रहेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर मिलेंगे।

सिंह - आज का दिन थोड़ी सी प्रतिकूलताओं रहेगा। स्वास्थ्य के संबंध में आपको विशेष ध्यान रखना होगा। बाहर खाने- पीने से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

कन्या - सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में लाभ मिलेगा। मित्रों से विशेष लाभ होगा। दांपत्यजीवन में परमसुख के पलों का अनुभव होगा। नए वस्त्र और आभूषणों की खरीदारी का अवसर मिलेगा।

तुला - आज नौकरीपेशा लोगों के लिए अत्यंत लाभदायक दिन है। नौकरीवालों को उनके काम में यश और सफलता मिलेगी। पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा।

वृश्चिक - साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। आप कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं। आज किसी सामाजिक या राजनीतिक चर्चा में भाग ले सकते हैं।

धनु - आज आप यात्रा प्रवास टालें, क्योंकि पेट संबंधी बीमारी और समस्या हो सकती है। संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई की चिंता बनी रहेगी। किसी काम में सफलता नहीं मिलने से मन व्याकुल रहेगा।

मकर - आपका आज का पूरा दिन सुखमय गुजरेगा। अनुकूल परिस्थिति निर्मित होने पर आप सभी काम आज सरलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। मन में प्रसन्नता रहेगी।

कुंभ - मन की दुविधाओं से आप में निर्णयशक्ति का अभाव होगा। परिणाम स्वरूप उलझन का अनुभव होगा। तबीयत थोड़ी नरम-गरम रहेगी। वाणी पर संयम बरतें।

मीन - आज आप आनंद, उत्साह और प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। नए काम की शुरुआत लाभदायक साबित होगी। मित्रों, स्वजनों के साथ भोजन का आनंद उठाने का अवसर प्राप्त होगा। **मा. 348- 567**

**4,9,2,7,41,94,24,75,63,35,19,01**

# मुख व्याधियों पर कार्यशाला का आयोजन




**जबलपुर,देशबन्धु।** एसोसिएशन ऑफ ओरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जन ऑफ इंडिया की मध्य प्रदेश इकाई की 13वां वार्षिक सम्मेलन जबलपुर में आयोजित किया गया इस तीन दिवसीय सम्मेलन में राज्य के समस्त जिलों के 130 मैक्सिलोफेशियल सर्जन ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई इस सम्मेलन के दौरान कुल 55 शोध पत्र प्रस्तुत किये गये। जिसमें विसेसज्ञ द्वारा शोध पत्र दिये गये सम्मेलन के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर संजय मिश्रा रहे।

कार्यशाला के अध्यक्ष डॉ. गुंजन दुबे ने मुख सम्बंधी व्याधियों के उपचार के लिए आवश्यक सर्जरी पर बताया और ओरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी में विभिन्न प्रकार की शल्य क्रिया जिसमें मुख के कैंसर जबड़ों के जोड़ों पर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से डॉ. राजेश धीरावानी, डॉ.संयोग पाठक, डॉ अंकित शर्मा, डॉ. कवनीत आनंद, आर्मी से कर्नल, शिजु मैथ्यु जैकब, डॉ. सुमित असरानी, डॉ. पुनीत दिखित, डॉ.प्रणव परासर, डॉ. निष्कर्ष जायसवाल, डॉ. गौरव लालवानी, डॉ.राज तिवारी, डॉ. जिगीसा एवं शहर के अन्य मैक्सिलोफेशियल सर्जन ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग एवं इन्क्लाइन बैंच प्रैस नेशनल चयन ट्राइल


**जबलपुर,देशबन्धु।** राज्य स्तरीय ओपन स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग एवं इनक्लाइन बैंच प्रेस चैम्पियनशिप एवं नेशनल के लिए म.प्र.टीम की चयन ट्राइल प्रतियोगिता। 11-12 अक्टूबर 2025 को ऊँ सांई बरातघर सैनिक सोसायटी मदन महल जबलपुर में आयोजित की जा रही है, इसमें प्रदेश के सब जूनियर जूनियर, सीनियर, मास्टर एवं डिसेबिल्ड महिला एवं पुरूष खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जबलपुर संभाग की खिलाड़ियों का वजन गोल्ड जिम के नीचे कटंगा में 8 अक्टूबर को सायं 5 बजे से 8 बजे तक लिया जायेगा बाहर से आने वाले खिलाड़ियों का वजन 12 अक्टूबर को प्रात: 9 से 10 बजे तक लिया जायेगा। जानकारी हेतु वर्ष गोस्वामी मोबाइल 9111341510 एवं नईम खान मोबाइल 9300657700 में 8 अक्टूबर तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

# पीयुष वर्मा बने प्रांतीय सचिव



**जबलपुर,देशबन्धु।** ऑल प्रतियोगिता पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन मध्यप्रदेश सुधीर दुबे प्रांताध्यक्ष ने पीयुष वर्मा को म.प्र. का प्रांतीय सचिव नियुक्त किया पेंशनर्स की मांगों के समर्थन में 8 अक्टूबर को अम्बेडकर पार्क भोपाल में सभी पेंशनर साथियों से उपस्थित होने की अपील की है सभी पेंशनरों ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया।

# कमाल के मूर्तिकार है 12वीं के विद्यार्थी सत्यम पांडे



**जबलपुर, देशबन्धु।** कहते हैं न हुनरबाजों, कलाकारों की प्रतिभाओं को पनपने में साधनहीनता आड़े नहीं आती। कई प्रतिभाओं में ईश्वर प्रदत्त मेधा होती है जिसे वे अपने अभ्यास से और अधिक प्रखर कर लेते हैं। ऐसे ही एक किशोर कलाकार है दीक्षतपुरा जबलपुर निवासी सत्यम पांडेय, जिन्हें प्यार से कान्हा कहा जाता है। वे दीक्षितपुरा जबलपुर में स्थित एक विद्यालय में इस वर्ष कक्षा बारहवीं में पढ़ रहे हैं। पढ़ाई के साथ साथ मूर्ति कला में भी माहिर हो गये हैं। सुंदर मूर्तियाँ आप लगभग बाल्यकाल से ही बना रहें हैं। जब बच्चों की उम्र पढ़ने, लिखने, खेलने मौज मस्ती करने की होती है तब कान्हा यानि सत्यम पांडेय देवी देवताओं की मूर्तियाँ बनाते हैं।

अभी शारदेय नवरात्र के समय माँ भगवती की दो मूर्तियाँ एक बड़ी एक छोटी बनाकर माँ की आराधना में माता-पिता परिवार सहित तल्लीन हैं। पिता संजय पांडेय माता ऋचा पांडेय बताते हैं कि कान्हा का बचपन से ही देवी देवताओं की मूर्तियाँ बनाने का रुझान रहा है। बाल्यकाल में जब दशहरा देखने जाता था तो वह मूर्तियों को एकटक निहारता रहता था। धीरे धीरे उसने स्वयं से मूर्तियाँ बनाना प्रारंभ कर दिया। कहीं से भी किसी भी प्रकार का कोई प्रशिक्षण नहीं लिया है। मूर्ति के लिये कान्हा स्वयं आवश्यक सामग्री जुटाता है। मिट्टी को छानता है। चालकर पानी से सान कर स्वयं तैयार करता है। फिर मूर्ति बनाता है और रँग रोगन कर मिट्टी के आभूषण भी बना कर पहनाता है। माँ भगवती की नौ दिन आराधना के बाद सबके साथ मिलकर मूर्ति विसर्जन के लिये भी स्वयं जाता है।

पहले तो मैंने सुना था कि पड़ोस में ही कोई बच्चा गणेश और दुर्गा की मूर्तियाँ बनाता है। मैंने ज्यादा ध्यान नहीं दिया। विगत वर्ष मेरे घर के सामने मूर्ति विसर्जन ले जाते हुए देखा तो विश्वास ही नहीं हुआ कि यह मूर्ति कान्हा ने बनाई है। इस वर्ष स्वयं कान्हा के घर जाकर जब देखा तो आश्चर्य हुआ। ख्याल मन में आया कि बचपन से ही बच्चों को यदि पढ़ाई के साथ साथ किसी हुनर में माहिर किया जाये तो निश्चय ही युवा चेतना सार्थकता की दिशा में आगे बढ़कर समाजोपायोगी बन देश दुनियाँ में नाम रोशन कर सकती है।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री संजीव कुमार सिंह-** बिलहरी जनता स्कूल के पास निवासी श्री संजीव कुमार सिंह (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विष्णु चौधरी-** सरकारी कुआं आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री नत्थू लाल चौधरी के पुत्र श्री विष्णु चौधरी (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बाल किशन अग्रवाल-** झंडा बाजार रैपुरा निवासी श्री बाल किशन अग्रवाल (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती केश बाई कुचबंधिया-** लालमाटी चांदमारी कुचबंधिया मोहल्ला निवासी श्री गेंदा लाल कुचबंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती केश बाई कुचबंधिया (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती चंदा-** खलवारा कैमोर निवासी श्री राम भरोसे की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री हीरेंद्र शर्मा-** झा मोहल्ला द्वारकानगर चुंगी चौकी निवासी श्री हीरेंद्र शर्मा (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्री उदय तिवारी-** ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री उदय तिवारी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माया बाई विश्वकर्मा-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री कल्लू विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती माया बाई विश्वकर्मा (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लमिया बाई कुड़ापे-** नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज के पास निवासी श्री छोटू कुड़ापे की धर्मपत्नी श्रीमती लमिया बाई कुड़ापे (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा बाई विनोदिया-** शंकर नगर सुहागी निवासी श्री गोविंद प्रसाद विनोदिया की धर्मपत्नी श्रीमती उमा बाई विनोदिया (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गुलाब बाई केवट-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री राम खिलावन केवट की धर्मपत्नी श्रीमती गुलाब बाई केवट (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिनेश राजपूत-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री श्याम लाल राजपूत के पुत्र श्री दिनेश राजपूत (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अखिल विश्वकर्मा-** मालगुजार परिसर के निकट गोहलपुर निवासी श्री सुनील विश्वकर्मा के पुत्र श्री अखिल विश्वकर्मा (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिब्बू चौरसिया-** करियापाथर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री मुन्ना लाल चौरसिया के पुत्र श्री शिब्बू चौरसिया (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री तुलसी सिंह-** कछपुरा मोलगोदाम के पास निवासी श्री तुलसी सिंह (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## अवैध शराब व गांजे के साथ आरोपी दो भाई गिरफ्तार

### गोरखपुर पुलिस की कार्यवाही, 250 ग्राम गांजा बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर थाना क्षेत्रांतर्गत सेठी नगर के एक घर में मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब पकड़ने गई पुलिस को मौके से गांजे की पुड़िया भी मिल गई। पुलिस ने पीयूष सोनकर व उसके भाई आयुष सोनकर को हिरासत में लिया है। पुलिस ने मौके से 325 पाव देशी शराब व 250 ग्राम गांजा और उसकी बिक्री के 2150 रुपये की नगदी जब्त की है। पुलिस ने आरोपी भाइयों के खिलाफ आबकारी एक्ट व एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

गोरखपुर सीएसपी एमडी नागोतिया ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सेठी नगर कलारी के पास पियूष सोनकर के घर पर दबिश दी गई, जहां पियूष अपने घर पर ही मिला। पुलिस ने सूचना से अवगत कराते हुए घर की तलाशी ली, जिसमें घर के आंगन में खंडहरनुमान मकान के सामने सफेद रंग की दो बोरियों में 325 पाव अवैध शराब मिली। इसी दौरान उसका भाई आयुष सोनकर तेजी से भागने लगा, जिसे हिरासत में लिया गया। उसके से गांजे की चार पुड़िया बरामद की गईं। पूछताछ में आरोपी ने घर में गांजा छिपाकर रखना बताया, जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने आरोपियों के घर से 21 पुड़िया बरामद की, जिनमें 250 ग्राम गांजा कीमती 5 हजार का पाया गया। वहीं गांजे की बिक्री के 2150 रुपये भी पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद की।





**सौ रुपये में बेचते थे गांजे की पुड़िया**

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उक्त गांजा घमापुर बाई का बगीचा निवासी राहुल सोनकर देता है, जिसके बाद वह 100 रुपये पुड़िया के हिसाब से बेचते थे। पुलिस ने आरोपी 21 वर्षीय पियूष सोनकर व उसके छोटे भाई 19 वर्षीय आयुष सोनकर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी दोनों भाई अपराधिक प्रवृत्ति के हैं। पियूष के खिलाफ आबकारी, जुआ व आर्म्स एक्ट के पूर्व से तीन मामले दर्ज हैं तो वहीं उसके भाई आयुष पर 5 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**कच्ची शराब के साथ आरोपी पकड़ाया-** इसी प्रकार चरगवां पुलिस ने ग्राम घुघरी नहर हीरापुर रोड में घेराबंदी कर ग्राम तिखारी निवासी 24 वर्षीय देवी ठाकुर को हिरासत में लिया है, जिसकी बाइक क्रमांक एमपी 20 जेक्यूएस-8588 के दोनों ओर बंधी दो कुप्पियों से पुलिस ने 60 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब और बाइक जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की।

## नोटों की गड्डी का लालच देकर महिला से सोने की चेन ठगी

**जबलपुर,देशबन्धु।** दो युवक ने सब्जी लेने गई महिला को अपनी बातों में फंसाकर उससे सोने की चेन तथा 18 सौ रुपये ठग लिये। आरोपी युवकों ने खुद को अनपढ बताते हुए उसके थेले में नोट की गड्डी रखने का झांसा देकर वारदात को अंजाम दिया।

गढा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमति रानी तिवारी उम्र 57 वर्ष निवासी शाहीनाका दुर्गा कालोनी गत घर से पैदल सब्जी लेने के लिये गढ़ा बजार आई थी। बड़कुल जड़ी बूटी की दुकान के पास से 2 लोग उसके पीछे आये और पूछने लगे की बहन जी कहां जा रही हो, हम आपकी मद्द कर देते हैं। दोनों में 1 व्यक्ति मोटा तथा दूसरा व्यक्ति दुबला पतला था। मोटा व्यक्ति उससे कहा कि बहन जी मेरे साथी अनपढ़ है तथा कटनी से काम करके आया है। इसके पास पैसे है और पढ़ा लिखा नही होने के कारण कोई रूपये छुड़ा लेगा। एक काले रंग के कपड़े में बंदी गड्डी उक्त व्यक्ति ने महिला की सब्जी के थैले में डाल दी थी। फिर दोनों सकरी गली तरफ ले गये और बोले कि इसके पास खाने के पैसे नही हैं, कुछ पैसे दे दो। महिला ने 1800 रूपये निकालकर उसे दे दिय। इसके बाद दोनों युवक बोले की हमने आपको नोटो की गड्डी दे दी है, सुरक्षा के तौर पर तुम सोने की चैन दे दो। इसके बाद महिला ने दोनों को 15 ग्राम बजनी सोने की चैन उतारकर दे दी। महिला ने घर जाकर काले कपड़े की गड्डी खोलकर देखी तो उसमें सिर्फ एक पचास का नोट तथा बाकी के कागज भरे हुये थे पुलिस ने महिला की षिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 318(4), 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर आरेपियों की तलाष प्रारंभ कर दी है।



## मोटर सायकल व मोबाइल चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरेला पुलिस ने लिफ्ट मांगकर अधेड व्यक्ति का मोबाइल व मोटर साइकिल चुराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है।

बरेला पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटेलाल कुशवाहा उम्र 50 वर्ष निवासी फिनिक्स पोल्ट्री फार्म सुन्दर पुर में साफ सफाई का काम करता है। वह गत दिवस ग्राम सर्रई थाना बरगी से अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड एल 0327 स्पलेंडर प्लस में सवार होकर सुन्दरपुर जा रहा था। बरेला के आगे जमुनिया तिराहे के पास एक लड़का एवं एक लड़की,जिन्होने उसे लिफ्ट मांगी थी। वह दोनों को मोटर सायकल में बैठाकर पड़वार तक ले गया।

पड़वार पहुॅचने पर लडके ने उससे बोला कि मोबाइल में बैलेंस नही है। युवक ने कॉल करने के लिये उससे मोबाइल मांगा। उसने अपना मोबाइल दे दिया फिर उससे राजश्री लेने जाने के लिये मोटर सायकल मांगा। उसने युवक को मोटर साइकिल भी दें दी। मोबाइल और मोटर सायकल लेकर युवक फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने पतासाजी के शारदा मंदिर के पास युवक को चुराई हुई मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम मिथिलेश कुशवाहा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम देवरी पटपरा थाना बरेला बताया था। पुलिस ने युवक से मोबाइल व मोटर साइकिल जब्त करते हुए उसके खिलाफ विधिवत कार्यवाही की।

## झपट्टा मारकर एप्पल कंपनी का मोबाइल लेकर हुआ फरार

**जबलपुर,देशबन्धु।** झपट्टा मारकर आरोपी युवक मोबाइल लेकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी सरगर्मी से तलाश प्रारंभ कर दी है। घमापुर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पवन मेहता उम्र 25 वर्ष निवासी संजय नगर पानी की टंकी के पास घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एम. आर. की नौकरी करता है। वह गत शाम लगभग 06 बजे अपने दोस्त शक्ति करौसिया के साथ दुर्गा मंदिर के सामने खड़ा था। वह अपने मोबाइल से बात कर रहा था उसी समय लखन कुचबदिया आया और झपट्टा मारते हुये उसका एप्पल कंपनी का मोबाइल लेकर भाग गया । रिपोर्ट पर धारा 304(2) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## शराब के लिए रुपये नहीं देने कर धुनाई, चाकू अड़ाकर पहले धमकाया

**जबलपुर,देशबन्धु।** शराब के लिए रुपये की मांग करते हुए तीन युवकों ने चाकू अड़ाकर युवक को धमकाया। युवक ने रुपये देने से इंकार की तो उसके साथ मारपीट कर आरोपी युवक फरार हो गये। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए उनकी तलाश प्रारंभ कर दी है। गोरखपुर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आदित्य पटेल उम्र 17 वर्ष निवासी सिद्धनाथ रामपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह जयंती काम्पलेक्श में मोबाइल एसेसरीज का काम करता है। वह गत रात दुकान बंद करके अपने घर जा रहा था। जैसे ही भोला डेयरी के सामने जोगनी माता मंदिर पहुॅचा तभी वहीं खड़े शनि ठाकुर, चिंटू बेन, डुग्गू उर्फ दुर्गेश यादव तीनों उसे बुलाये दुर्गेश यादव ने उसे चाकू अड़ाकर शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे। उसने पैसे देने से मना किया तो तीनों गाली गलोज करने लगे। गालिया देने से मना करने पर तीनों हाथ मुक्कों से मारपीट कर दोनो गाल, पीठ में चोट पहुंचा दी तथा तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 119(1), 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## शराबी युवक नहर में कूदा,मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** ष्षराबी युवक ने नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने ष्षव को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है। बरेला पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुम्ही काशी महगवां के पास केनाल मे एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। मृतक युवक की शिनाख्त सुदीप कुमार मेहरा उम्र 29 पिता गोपी कृष्ण मेहरा निवासी कुम्ही के रूप में हुई थी। युवक विगत 4 अक्टूबर को षराब के नषे में घर से मोटर साइकिल पर निकला था। युवक ने अपने पिता को घर की चाबी देते हुए कहा था कि बहू को दे देना। बेटे के वापस नहीं लौटने पर पिता ने उसकी तलाष की तो उसकी मोटर सायकल हिनौतिया टोला के पुल के पास केनाल मे खड़ी मिली थी। इसके अलावा मोटर साइकिल के पास चप्पल भी मिली थी। संभवता युवक ने नहर मे कूदकर आत्महत्या की है।

## माढ़ोताल क्षेत्र में युवक की नृशंस हत्या, घटना को लेकर क्षेत्र में तनाव का माहौल

**जबलपुर,देशबन्धु।** माढ़ोताल स्थित राजीव गांधी नगर में रविवार देर रात एक युवक की निर्मम हत्या से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि कुछ बदमाशों ने युवक पर तलवार, लोहे के पाइप व लात-घूसों से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद इलाके में तनाव फैल गया और पुलिस बल की तैनाती करनी पड़ी। खबर है कि राजीव गांधी नगर निवासी ईश्वर वंशकार बीती शाम मोहल्ले की दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन जुलूस में शामिल होकर हनुमानताल तालाब जा रहा था। इसी दौरान वह गली नंबर 5 में गुटखा लेने के लिए रुकाए जहां पहले से ही कुछ युवक मौजूद थे। जैसे ही ईश्वर वहां पहुंचा तो फुलवर भट्ट, अरुण भट्ट, अरुण जैन, राज भट्ट और शिवम चक्रवर्ती नामक युवकों ने उसे देखकर गालियां देना शुरु कर दिया।

## महिला पर प्राणघातक हमला करने वाले को सात साल की सजा

### अदालत ने ढाई हजार का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी क्षेत्र में एक महिला के घर में घुसकर उस पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को अदालत ने दोषी करार दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार यादव की अदालत ने आरोपी गोलू उर्फ अमित चौरिया को सात साल की सजा व ढाई हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

अदालत के समक्ष शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक लहर दीक्षित ने पक्ष रखा, जिन्होंने बताया कि 1 मार्च 2015 को 27 वर्षीय आरोपी गोलू उर्फ अमित चौरिया पिता ओमप्रकाश चौरिया निवासी साकेत नगर रांझी ने सुशील बड़गैयां को घर पर अकेला पाकर उन पर मसाला पीसने वाले पत्थर से जानलेवा हमला किया था। आरोपी ने सुशीलाबाई पर ताबड़तोड़ वार किए थे, जिससे वह बुरी तरह खून से लथपथ होकर घायल हो गई थी। वारदात को अंजाम देने के आरोपी अमित चौरिया उनके घर में रखी लोहे की पेटी से रजिस्ट्री के कागज, एटीएम, चेक बुक व अन्य मूल्यवान दस्तावेज उठाकर ले गया था। उक्त मामले की शिकायत रांझी पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। मामले के विचारण दौरान पेश किए गए गवाह व साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने आरोपी को उक्त सजा सुनाई।

## विष्णु वराह मंदिर के अतिक्रमणों व रखरखाव की रिपोर्ट तलब

### हाईकोर्ट ने राज्य शासन को दिया चार सप्ताह का समय

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस डीडी बंसल की युगलपीठ ने मंझौली स्थित सुप्रसिद्ध विष्णु वराह मंदिर के अतिक्रमणों व रखरखाव की रिपोर्ट तलब की है। इसके लिए युगलपीठ ने शासन को चार सप्ताह की मोहलत दी है।

यह जनहित का मामला मझौली निवासी श्रवण कुमार सोनी की ओर से दायर किया गया है, जिनकी ओर से कहा गया कि विष्णु वराह मंदिर धार्मिक व ऐतिहासिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। यह भगवान विष्णु के वराह अवतार को समर्पित एकमात्र मंदिर माना जाता है, जिसकी स्थापना 11वीं शताब्दी में हुई थी। याचिकाकर्ता ने संबंधित पदाधिकारियों द्वारा मंदिर के संरक्षण एवं रखरखाव में उदासीनता एवं निष्क्रियता के विरुद्ध हाईकोर्ट की शरण ली है। याचिका में कहा गया है कि यह प्राचीन स्मारक अपने अपेक्षित रखरखाव और आसपास के अतिक्रमणों के कारण अपनी गरिमा और धरोहर मूल्य खोता जा रहा है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने प्रतिवादीगण को निर्देश दिया कि वे आगामी सुनवाई तिथि से पूर्व इस विषय पर एक विस्तृत स्थिति प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

## हाईकोर्ट ने पीएस व डीएमई सहित अन्य से मांगा जवाब

### प्रोसेसिंग फीस के रूप में 10 लाख लेने के नियम को चुनौती

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने एमबीबीएस काउंसलिंग में भाग लेने वाले छात्रों से प्रोसेसिंग फीस के रूप में 10 लाख रुपये लेने के नियम को चुनौती देने वाले मामले को गंभीरता से लिया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस डीडी बंसल की युगलपीठ ने मामले में मेडिकल एजुकेशन विभाग के प्रमुख सचिव, डीएमई और आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज भोपाल को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

यह मामला अमरावती निवासी तेजस रवीश अग्रवाल सहित अन्य की ओर से दायर किया गया है, जिसमें कहा गया है कि काउंसलिंग के लिए प्रोसेसिंग फीस के रूप में 10 लाख रुपये लेना भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 और 19 के विरुद्ध है। ये नियम छात्र को पहले दौर की काउंसलिंग के बाद एमबीबीएस सीट सरेंडर करने और दूसरे राज्य के बेहतर कॉलेज में दाखिला लेने से रोकता है। आवेदकों की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता छात्रों ने डीएमई भोपाल के खाते में भागीदारी शुल्क के रूप में 10-10 लाख रुपये जमा किए और काउंसलिंग के पहले दौर में भाग लिया। याचिकाकर्ताओं ने दूसरे राउंड की काउंसलिंग से पहले लिखित में सीट सरेंडर कर दी गई, क्योंकि इन्हें महाराष्ट्र में दाखिला मिल गया। छात्रों ने जब जमा राशि वापस मांगी तो यह कहते हुए मना कर दिया गया कि नियमों के अनुसार यह फीस वापस नहीं की जा सकती। तर्क दिया गया कि दूसरे राउंड की काउंसलिंग शुरू होने से पहले ही जब सीट सरेंडर कर दी गई और वो सीट तत्काल अन्य उम्मीदवारों को आवंटित कर दी गई तो जमा शुल्क वापस किया जाना चाहिए। दस लाख जब्त करने के स्थान पर मामूली राशि काटकर शेष रकम वापस की जानी चाहिए। मामले की सुनवाई पश्चात न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।




याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा।

## जनपद पंचायत के नये भवन के टेंडर को चुनौती

### सिवनी कलेक्टर सहित अन्य से जवाबतलब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर सिवनी जिले के तहत घंसौर में जनपद पंचायत का नया भवन बनाने जारी किए गए टेंडर को चुनौती दी गई है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस डीडी बंसल की युगलपीठ ने मामले में कलेक्टर सिवनी, जिला पंचायत के सीईओ व बीडीओ को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।

यह मामला जागरूक मंच कहानी की ओर से दायर किया गया है, जिनकी ओर से अधिवक्ता डीके त्रिपाठी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत का कार्यालय कहानी में बनाया गया था, लेकिन वह घंसौर से संचालित था। पूर्व में हाईकोर्ट ने कलेक्टर को निर्देश दिए थे कि शासन को सही रिपोर्ट भेजें। उसी रिपोर्ट के अनुसार जनपद पंचायत का कार्यालय तय किया जाए। इसके बाद अब शासन ने घंसौर में नया भवन बनाने टेंडर जारी कर दिया। दलील दी गई कि जब मामला शासन के पास लंबित है तो अभी नया भवन बनाने की क्या जरूरत है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।

## प्रतिभाशाली बच्चों को समायोजित करने के संबंध में स्पष्ट करें नीति

### हाईकोर्ट ने दिए निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** 10 साल के बच्चे को कक्षा 9वीं में अस्थायी प्रवेश दिए जाने के संबंध में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की तरफ से हाईकोर्ट में अपील दायर की गई थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस डीडी बंसल की युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार से प्रतिभाशाली बच्चों को समायोजित की नीतियों के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। याचिका पर अगली सुनवाई 28 अक्टूबर को निर्धारित की गई है। सीबीएसई के चेयरमैन की तरफ से दायर अपील में कहा गया था कि एकलपीठ ने 10 वर्षीय छात्र को कक्षा 9वीं में अस्थायी तौर प्रवेश देने के आदेश जारी किए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विशेष कक्षाओं में प्रवेश के लिए आयु मानदंड निर्धारित किया गया है। अपील की सुनवाई के दौरान युगलपीठ ने टिप्पणी की जिस दिन यह मामला सूचीबद्ध हुआ, उसके अगले दिन फिर से देश के एक सबसे युवा सर्जन की खबर आई। वह व्यक्ति 13 या 14 साल की उम्र में सर्जन कैसे बन गया।

केन्द्र सरकार की तरफ से बताया गया कि इस संबंध में संबंधित विभाग से परामर्श मांगा गया है, जो अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। युगलपीठ ने पाया कि देश में इन प्रतिभाशाली बच्चों को पहले से ही मान्यता प्राप्त है, 12 साल की उम्र में छात्र आईआईटी की पढ़ाई कर रहा है। आईआईटी भारत में है, इस तरह के बच्चों को मान्यता दे रहे हैं। केन्द्र सरकार के अधिवक्ता ने निर्देश प्राप्त करने के लिए एक सप्ताह का समय प्रदान करने का आग्रह किया।

युगलपीठ के पूछने पर केन्द्र सरकार की तरफ से बताया गया कि छात्र को अस्थायी तौर पर कक्षा 9वीं में प्रवेश दिया गया है। युगलपीठ ने कहा था कि दुनिया भर के असाधारण छात्रों ने कम उम्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और उन्हें केवल नीतिगत प्रतिबंधों के कारण रोका नहीं जाना चाहिए। अदालत ने केंद्र सरकार से ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को समायोजित करने की नीतियों के बारे में भी स्पष्टीकरण मांगा है।

## नोटरी का लाइसेंस निरस्त करने पर रोक

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने सीधी की नोटरी फूलवती गुप्ता का नोटरी का लायसेंस निरस्त करने पर रोक लगा दी। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस डीडी बंसल की युगलपीठ ने विधि एवं विधायी कार्यविभाग व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। फूलवती की ओर से अधिवक्ता आरके त्रिपाठी ने दलील दी कि याचिकाकर्ता ने मैरिज डीडी नहीं बनाई थी, वरन केवल राजीनामा बनाया था। दरअसल, नोटरी मैरिज डीड नहीं बना सकते हैं। सरकार ने यह कहते हुए याचिकाकर्ता का लायसेंस निरस्त कर दिया था कि उन्होंने मैरिज डीड तैयार की है। दलील दी गई कि नोटरी का काम तो केवल निष्पादक की पहचान की वैधानिकता की जांच करना होता है।

## सर्वोच्च न्यायालय में एसएलपी दायर करने उपलब्ध करवाए रिकॉर्ड

**जबलपुर, देशबन्धु।** ग्वालियर बेंच के एकलपीठ द्वारा पारित आदेश में शिवपुरी जिले के सत्र न्यायाधीश के खिलाफ की गई टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए युगलपीठ ने हाईकोर्ट को सर्वोच्च न्यायालय में एसएलपी दायर करने के निर्देश दिए थे। संज्ञान याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की तरफ से बताया गया कि संबंधित प्रकरण का रिकॉर्ड अभी तक उन्हें नहीं मिला है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस डीडी बंसल की युगलपीठ ने हाईकोर्ट को रिकॉर्ड उपलब्ध करवाने के निर्देश जारी करते हुए अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को निर्धारित की है।

गौरतलब है कि ग्वालियर की एकलपीठ ने कथित धोखाधड़ी के आरोपियों के द्वारा दायर दो अलग-अलग जमानत याचिकाओं पर विचार करते हुए कहा था कि इस आदेश की एक प्रति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर के प्रधान रजिस्ट्रार (सतर्कता) को भेजी जाए और उसे मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया जाए, ताकि शिवपुरी के प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विवेक शर्मा के खिलाफ जांच और अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुमति मिल सके, जिन्होंने मामले के तथ्यों पर

### एकलपीठ द्वारा आदेश में सत्र न्यायाधीश की भूमिका पर टिप्पणी करने पर युगलपीठ ने दिए थे आदेश

विचार किए बिना और आवेदक को जमानत का लाभ दिलाने के लिए वर्तमान आवेदक को भारतीय दंड संहिता की धारा 409, 420, 468, 471, 120-बी और 107 के तहत दंडनीय अपराधों से मुक्त कर दिया था। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश का आवेदक के खिलाफ केवल भारतीय दंड संहिता की धारा 406 के तहत आरोप लगाने का गुप्त उद्देश्य है, ताकि उसे अनुचित लाभ मिल सके, जिससे आवेदक जमानत का लाभ उठा सके। एकलपीठ के द्वारा पारित आदेश को संज्ञान में लेते हुए जबलपुर उच्च न्यायालय की खंडपीठ याचिका के रूप में मामले की सुनवाई कर रही थी। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि एकलपीठ के आदेश से यह निष्कर्ष निकालता है कि प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा अन्य धाराओं के तहत बरी करने का आदेश अभियुक्त को अनुचित लाभ पहुँचाने के लिए था। एकलपीठ ने अपने आदेश में टिप्पणी की है कि ऐसा प्रतीत होता है कि प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के गुप्त उद्देश्य है। युगलपीठ ने पिछली सुनवाई के दौरान अपने आदेश में कहा है कि गलत आदेशों की आलोचना करने और एक न्यायिक अधिकारी की आलोचना करने में अंतर है। एकलपीठ निचली अदालत द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध किसी पुनरीक्षण अपील पर सुनवाई नहीं कर रही थी। एकलपीठ ने निचली अदालत द्वारा आरोप तय करने के आदेश पर टिप्पणी की है।

युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा था कि आदेश जमानत मामलों में पारित किए गए हैं, इसलिए वह इस न्यायालय के अपीलीय क्षेत्राधिकार के अंतर्गत नहीं आते।

सर्वोच्च न्यायालय उचित समझे तो उक्त आदेशों पर न्यायिक रूप से विचार करना केवल उनका विवेकाधिकार है, इसलिए यह न्यायालय प्रतिवादी मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश देता है कि वह इस आदेश की तिथि से 10 दिनों की अवधि के भीतर सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एक विशेष अनुमति याचिका दायर करें। याचिका पर सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट की तरफ से पैरवी के लिए उपस्थित हुए अधिवक्ता संदीप शुक्ला ने उक्त जानकारी पेश की। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी किए।

# अधिकारी-कर्मचारी जिले से कर रहे आवागमन

## शासकीय वाहनों का हो रहा दुरुपयोग

**मझौली, देशबन्धु।** शासन-प्रशासन चाहे लाख दावे व कोशिश कर ले, लेकिन यहां बैठे अधिकारी, कर्मचारी शासन-प्रशासन के दावे और नियमों की धज्जियां उड़ाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मनमाने तरीके से मुख्यालय से 50 से 100 किलोमीटर पर बड़े शहरों में अपना आशियाना जमाकर शासकीय वाहनों का जमकर दुरुपयोग कर रहे हैं। इतना ही नहीं, बिना टैक्सी परमिट के वाहनों का भी अधिकारियों द्वारा सहायक कमीशन के तौर पर उपयोग किया जा रहा है। ऐसे में यदि ईश्वर ना करे कि अगर कोई दुर्घटना घटित होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? ऐसा ही ताजा मामला इन दिनों मझौली व कुशमी उपखंड के कई विभागों में देखने सुनने को मिल रहा है।

मुख्यालय अंतर्गत कई ऐसे विभाग हैं, जहां पर अधिकारियों के न रहने से




कर्मचारियों की मनमानी चरम पर देखी जा रही है, जिससे मजदूर, किसान व लोगों को परेशानियों व मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि राजनीतिक एवं सत्ताधारी नेताओं से मिलजुल कर अपने मनमाने कामों को अधिकारी खुलेआम अंजाम दे रहे हैं। मनमाने तरीके से समय सारणी को नजरअंदाज करते हुए जिले व अन्य नगरों में निवास बनाकर रह रहे हैं, जो कभी-कभार शासकीय वाहनों का ही उपयोग कर शायद कमीशन उगाही के लिए कार्यक्षेत्र पहुंचकर सैर-सपाटा करते हुए पुनः अपने अपने आशियानों के लिए रवाना हो जाते हैं। पता नहीं यह किसके बलबूते पर इतना निडर और निर्भीक हो गए हैं कि भले ही प्रमुख जिम्मेदार अधिकारी जैसे यदि एसडीएम मझौली को देख लिया जाए तो अवकाश के दोनों पर भी मुख्यालय पर देखे जाते हैं, लेकिन राजस्व विभाग के आरआई, पटवारी तथा अन्य अधिकांश विभागों जैसे लोक निर्माण, जल संसाधन, ग्रामीण स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आजीविका आदि विभागों के अधिकारी व कर्मचारी कार्यक्षेत्र से काफी दूर निवास स्थान बनाकर वहीं बैठे शायद कमीशन बटोर काम निपटा रहे हैं। वहीं मझौली, मड़वास सेवा सहकारी समिति प्रबंधकों के मनमानी से किसान परेशान हो रहे हैं। ऐसे में किसानों एवं लोगों की परेशानी दिनोंदिन बढ़ रही है। अब देखना होगा, जबकि वास्तविकता के आधार पर खबर प्रकाशन कर जिला प्रशासन के साथ शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है। इस सुधार हेतु क्या कुछ कवायद की जाएगी।

# महिलाओं ने की पति की लंबी उम्र की कामना

**गोसलपुर, देशबन्धु।** अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की शरद पूर्णिमा का पावन पर्व गांधीग्राम में श्रद्धा, भक्तिभाव और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर व्रतधारी महिलाओं ने भगवान सत्यनारायण और माता तुलसी की विशेष पूजा-अर्चना की और संतान सुख के साथ-साथ पति की लंबी उम्र एवं मंगलकामना के लिए व्रत रखा।

व्रतधारी महिलाओं ने गांधीग्राम के मंदिरों और अपने घरों में तुलसी के पौधे के नीचे पूजन किया। इस दौरान डेढ़ पाव खोवा और डेढ़ पाव शक्कर से छह लड्डू बनाकर उनका विशेष भोग तुलसी माता को लगाया गया। इसके पश्चात महिलाओं ने भगवान सत्यनारायण की पूजा-अर्चना की और कथा का श्रवण किया।

भोग लगाने के बाद लड्डुओं को विशेष रूप से बांटा गया, जिसमें एक लड्डू तुलसी को अर्पण किया गया, एक लड्डू राम जानकी मंदिर के अष्टधातु निर्मित बांके बिहारी भगवान को चढ़ाया गया, एक लड्डू बाल गोपालों को, एक लड्डू गर्भवती महिला को, एक पति को और अंतिम एक लड्डू सखी को



दिया गया। व्रतधारी महिलाओं ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इस विधि से पूजन करने पर माता तुलसी और भगवान सत्यनारायण उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

पूजन करने वाली महिलाओं में वंदना मिश्रा, सीमा त्रिपाठी, कल्पना मिश्रा,कृष्णा तिवारी, रश्मि मिश्रा, अनुराधा तिवारी, नम्रता तिवारी, सुनीता त्रिपाठी, सुधा असाटी, मनीषा असाटी, गुड्डी असाटी, नम्रता, वर्षा असाटी, सुनीता असाटी, साधना असाटी, ममता असाटी, शोभना असाटी सहित अन्य महिलाएं शामिल रहीं। पूजन के उपरांत, गांधीग्राम के बाजार स्थित राम जानकी मंदिर में पहुंची महिलाओं ने संगीतमय रामायण एवं भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी। बाजार स्थित महिला मंडल द्वारा ढोलक, तबला, मंजीरा और खंजनियां जैसे वाद्ययंत्रों की मधुर धुन पर किए गए गायन से मंदिर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

इस संगीतमय रामायण व भजनों का गायन करने वाले महिला रामायण मंडल में सुशीला चौरसिया, सीमा त्रिपाठी, वंदना मिश्रा, आशा असाटी, प्रभा असाटी, पूजा असाटी, रीना चौरसिया, देवश्री असाटी, मधु चौरसिया, छाया चौरसिया, देवकी असाटी, और गंगा असाटी शामिल रहीं।

## सार-समाचार

### बरेला में मनाई अजमीढ़ देव भगवान की जयंती



**बरेला, देशबन्धु।** अनिल सोनी के निवास स्थान पर स्वर्णकार समाज द्वारा अजमीढ़ देव जी की जयंती मनाई गई। प्रथम चरण में महाराज अजमीढ़ देव की पूजन-अर्चन की गई, फिर नगर के सभी स्वर्णकार बंधुओं और पदाधिकारियों ने समाज को ऊंचाई प्रदान करने के लिए अपने-अपने विचार रखे। जयंती में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, बच्चों सहित स्वजातीय बंधु शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त कर प्रसाद वितरण किया गया।

### मप्र विद्युत महिला मंडल में लगाया गया थायराइड जांच शिविर

**पाटन, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विद्युत महिला मंडल के तत्वावधान में महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत थायराइड जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन महिला मंडल की अध्यक्ष डॉ.श्रीमती अंजना तिवारी एवं पालना घर प्रभारी श्रीमती भारती वर्मा की पहल पर,मैकलियोड्स फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के राजेन्द्र कुमार तिवारी के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम बालक मंदिर शाला,रामपुर एवं पालना घर परिसर में संपन्न हुआ। इस निःशुल्क थायराइड जांच शिविर में 50 से अधिक महिला मंडल सदस्याओं,शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया। महिला मंडल की अध्यक्ष डॉ.अंजना तिवारी ने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच अत्यंत आवश्यक है,क्योंकि समय पर निदान से अनेक रोगों की रोकथाम संभव है।

### छोटी खेरमाई में भंडारा आज

**पनागर, देशबन्धु।** नवरात्रि के दौरान छोटी खेरमाई में मां शारदा परिवार ने मैहर धाम का निर्माण किया था। यहां प्रतिदिन गरबा, महाआरती, रामायण समेत अन्य गेम्स के साथ विभिन्न कार्यक्रम के आयोजन के साथ रामसेतु कुंड बनाया था। इसी उपलक्ष्य में आज मंगलवार को दोपहर 1 से रात्रि 9 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। भंडारे में पहुंचने की अपील सभी मातारानी के भक्तजनों ने की है।

### अमृत संवाद कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम-मध्य रेलवे के कोटा मंडल में 'अमृत संवाद' कार्यक्रम सोमवार को बूंदी अमृत भारत स्टेशन में किया गया, जिसमे कोटा मंडल से मंडल वाणिज्य प्रबंधक किशोर पटेल, सहायक परिचलान प्रबंधक शशि भूषण शर्मा, यातायात निरीक्षक महेंद्र सिंह, वाणिज्य निरीक्षक के साथ अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।



अमृत संवाद में यात्रियों से अमृत भारत स्टेशन बूंदी के विकास एवं सौंदर्यीकरण, स्टेशन बिल्डिंग का हेरिटेज लुक, उपलब्ध नई यात्री सुविधाओं, न्यू वेटिंग हॉल, न्यू मॉडर्न टॉयलेट, न्यू पार्किंग, न्यू प्लेटफॉर्म शेड्स, वॉटर फैसिलिटी, एमपीएस स्टाल, ओएसओपी, कोच गाइडेंस, सीनेजेस पाया यूज टॉयलेट्स, दिव्यांग फैसिलिटीज इत्यादि के बारे मे विचार-विमर्श किया गया। स्टेशन की साफ-सफाई, स्वच्छता, ट्रेन एवं स्टेशन की स्वछता, देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने, देश की एकता एवं अखंडता बनाये रखने और राष्ट्रीय नागरिक कर्तव्यों का पालन करने के बारे में विचार-विमर्श किया गया।


# अब भोलेनाथ की संपत्ति भी नहीं है, नगर में सुरक्षित!

## 14.61 एकड़ ज़मीन निगलने की फिराक में राशन घोटाले का सरगना-अब बना भूमाफिया

**पाटन, देशबन्धु।** जिले के पाटन में वह सब हो रहा है जिसकी कल्पना भी रूह कंपा देती है। अब बात सिर्फ इंसानों की ही नहीं, भगवान की ज़मीन भी माफियाओं के निशाने पर आ गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह कोई आम भूखंड नहीं है,बल्कि भगवान शंकर को समर्पित अरबो रूपये की 14.61 एकड़ भूमि है जो नगर के हृदय स्थल पर मौजूद है जिसे वर्ष 1936 में नगर की एक दानवीर महिला स्व सुखरानी बेवा उमरांव दर्जी ने दानकर जनहित और लोक कल्याण के लिए मंदिर और धर्मशाला निर्माण करने दीं थी।

भगवान शंकर की अरबो रूपये की संपत्ति होने के बावजूद भी भगवान नाग तालाब के एक छोटे से जज्जर मंदिर में बिराजमान है। न तो ढंग से पूजन अर्चना और न ही भोग प्रसादी प्रभु को नसीब हो रही है लेकिन भगवान की सम्पति पर राशन माफिया अब भू माफिया का रूप धारण करके मौज उड़ा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक,यह मामला न्यायालय में लंबित है। बावजूद




इसके,भूमाफिया की गुंडागर्दी इस कदर हावी है कि वह बिना किसी सरकारी अनुमति के धार्मिक ट्रस्ट की भूमि जिसका खसरा नंबर 271, 273, 274, 275, 301, 437 कुल रकवा 14.61 एकड़ भूमि दिनांक 12 मार्च 1936 को शंकर भगवान को समर्पित कर दानवीर महिला ने न्यास का गठन किया था और न्यास की भूमि खसरा नंबर 437 पर आमजनों के सार्वजनिक उपयोग के लिए उस वक्त 1500 रूपये में धर्मशाला का निर्माण कराया था जिस पर नगर का राशन माफिया कब्ज़ा जमाये बैठा है और वही से राशन कि काला बाज़ारी करते हुए गरीबों के पेट पर डाका डालने के साथ साथ भोलेनाथ कि ज़मीन हड़पने के लिए अबैध गतिविधियां चला रहा है। कहा जा रहा है कि उक्त व्यक्ति ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अपने परिवारजनों को न्यासी दिखाकर पूरी ज़मीन हड़पने की साजिश रची है। अब 14.61 एकड़ में फैले बबूल के पेड़ कटवा कर अबैध प्लॉटिंग की तैयारी कर रहा है।

### प्रशासन की चुप्पी साज़िश या लाचारी

इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ा सवाल उठता है प्रशासन पर। जब मामला न्यायालय में लंबित है,तो किसकी शह पर बबूल के पेड़ों की कटाई दिन दहाड़े हो रही है। कौन है वह रसूखदार व्यक्ति जो भू-माफिया को बचा रहा है। क्यों प्रशासन इस धार्मिक और सार्वजनिक न्यास की भूमि की सुरक्षा के लिए अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाया।

नाग तालाब क्षेत्र में स्थित भोलेनाथ का प्राचीन मंदिर है जहां स्वयं भगवान शंकर बिराजमान हैं। वर्षों से यहां आमजन पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। इस मंदिर कि सेवा में लगी ज़मीन का मूल्य आज अरबों रुपये में है और यही इसकी बर्बादी की सबसे बड़ी वजह बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हमारे आराध्य भोलेनाथ का अपमान है। भू-माफिया भगवान को बेचने चला है।

**यह आस्था पर हमला है, सिर्फ संपत्ति पर नहीं**-यह मामला महज ज़मीन कब्ज़े का नहीं,बल्कि धार्मिक भावनाओं,न्याय व्यवस्था और कानून के सम्मान पर सीधा हमला है। अब देखना होगा कि क्या प्रशासन इस गंभीर मामले पर आंखें खोलेगा,या फिर यह मामला भी सत्ता और पैसे की दम पर दबा दिया जाएगा?

### इनका कहना

जब इस मामले को लेकर वन विभाग की रेंजर तुसाका तिंखेडे से बात करने कि कोशिश की गई तो उन्होंने मो रसीव नहीं किया जब उनके कार्यलय जाकर मैडम से बात करनी चाही तो मैडम ऑफिस सीट पर नहीं मिली। वही इसी मामले को लेकर जब पाटन तहसीलदार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आपके माध्यम से यह मामला मेरे संज्ञान में आया है। मैं अभी पटवारी को भेजकर यह मामला दिखवाता हूँ।

**सचितानंद त्रिपाठी,** तहसीलदार

# भागवत कथा का आज तृतीय दिवस हुआ शिव पार्वती विवाह

**पनागर, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत नुनिया कला पनागर में चल रही भागवत कथा के तृतीय दिवस पंडित शुभम मिश्रा जी ने कहा कि ग्रहस्थ के जीवन का यदि कोई सफलता का प्रमाण है तो वह है उसकी संतान क्योंकि माता-पिता के जैसे संस्कार होंगे वैसे ही उनके यहां संतान जन्म लेगी क्योंकि बच्चा सबसे ज्यादा गुण अपने माता और पिता से ग्रहण करता है शिव पार्वती विवाह की कथा के माध्यम से पंडित शुभम मिश्रा जी ने बताया कि सबसे अच्छे गृहस्थ यदि कोई हैं तो भगवान शंकर इसीलिए उनके सारे परिवार की पूजा की जाती है महादेव बाबा खुद तो पूजे जाते हैं साथ ही साथ में पार्वती को भी लोग पूजते हैं उनके पुत्र भगवान कार्तिक एवं भगवान गणेश की भी पूजा की जाती है यहां तक कि उनके वहां नदी तक की पूजा की जाती है नागराज की भी पूजा की जाती है भक्तों महादेव बाबा साद ग्रस्त हैं शिव पार्वती विवाह में अद्भुत झांकिया का दर्शन हुआ कथा में नितीन गौतम, एड.शैलेश तिवारी,मानसिह ठाकुर,अर्जुन ठाकुर,गोवर्धन पटेल,तीरा पटेल, हरिओम पटेल,मुन्नू पटेल,बेढी लाल पटेल,सुशील कुमार पटेल और भी बहुत से भक्त सम्मिलित हुए।

# सिविल कोर्ट चौराहे पर बना फव्वारा बना सौन्दर्यता का प्रतीक

## कुछ नेताओं को नहीं आया रास, फव्वारा हटवाने लगा रहे जोर

**पाटन, देशबन्धु।** सिविल कोर्ट चौराहे पर दुर्गा समिति और क्षेत्रीय पार्षदों के निजी खर्च पर निर्माण कराया गया फव्वारा और पोल लाइट्स न सिर्फ क्षेत्र की सुंदरता बढ़ा रहे हैं,बल्कि ट्रैफिक व्यवस्था और दुर्घटना रोकथाम में भी मददगार साबित हो रहा हैं। वही स्थानीय लोगों का कहना है कि जब से यह फव्वारा स्थापित हुआ है,तब से इस स्थान पर सड़क दुर्घटना नहीं हुई है।हालांकि,यह विकास कार्य कुछ स्वघोषित %फोटोजीवी नेताओं% को रास नहीं आया और उन्होंने एमपीआरडीसी (मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम) सागर में इसकी लिखत शिकायत दर्ज करा



दी,जिसमें फव्वारे को हटाने की मांग की गई है।

इस घटनाक्रम के बाद से इन फोटोजीवी नेताओं के प्रति स्थानीय जनता में नाराजगी देखी जा रही है। लोग सवाल कर रहे हैं कि जब कार्य निजी खर्च से हुआ है,और उससे जनता को लाभ मिल रहा है,तो आखिर इसे हटाने की मांग क्यों?

इस मुद्दे पर सत्तारूढ़ पार्टी के तीन पार्षदों ने भी जिम्मेदार अधिकारियों को पत्र लिखकर स्पष्ट कर दिया है कि फव्वारा जनता के हित में है और इसे नहीं हटाया जाना चाहिए। पार्षदों का कहना है कि जिस नेता को फव्वारा बनवाने का श्रेय लेना है,वह ले ले,लेकिन जनता की भलाई के कार्य में बाधा न डाले। दुर्गा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि फव्वारा लगाने का उद्देश्य सिर्फ सौंदर्यीकरण नहीं,बल्कि दुर्घटनाओं की रोकथाम है। हाईमास लाइट लगने से रात के समय विजिबिलिटी बढ़ जायगी,जिससे वाहन चालकों को सुविधा होंगी स्थानीय निवासी भी इस प्रयास की सराहना कर रहे हैं और नेताओं से अपील कर रहे हैं कि राजनीति से ऊपर उठकर जनहित को प्राथमिकता दें।

# सिहोरा की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं होगी : संजय यादव

**सिहोरा, देशबन्धु।** जबलपुर ग्रामीण की सबसे बड़ी तहसील सब डिवीजन सिहोरा की प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा बीते 20 वर्षों से की जा रही उपेक्षा के चलते सब डिवीजन प्रशासन बेलगाम हो गया है नवरात्र पर्व की नवमी के दिन पुलिस प्रशासन की नाकामी के कारण नो एंट्री मार्ग में बिना परमिट फिटनेस की एक यात्री बस भीड़भाड़ वाले स्थान दुर्गा पंडाल के पास घुस गई और एक दर्जन से अधिक श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए और इनमें से दो सिपाही लाल विश्वकर्मा तथा रोली सोनी को अपने प्राण गंवाना पड़े घायलों में और कितने मौत की जंग से हार जाए यह कहा नहीं जा सकता।

यह बात कांग्रेस जबलपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव ने बस हादसे में दिवंगत सिपाही लाल विश्वकर्मा और रोली सोनी के निवास में पहुंचकर शोक संवेदना जताने के बाद उपस्थित समाचार पत्र कर्मियों से कहीं इस मौके पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी पटेल के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल थे। कांग्रेस



जिला अध्यक्ष का सिहोरा नगर में सोमवार का व्यस्त कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष पार्टी के शोक संतृप्त कार्यकर्ता पदाधिकारी के निवास पहुंचे और कार्यकर्ता को ढांढ़स बधा कर शोक संवेदना व्यक्त की। वह सबसे पहले कांग्रेस प्रदेश महासचिव और पार्षद राजेश चौबे के निवास पहुंचे और हाल में उनकी माता जयंती चौबे देहावसन पर अपनी संवेदना व्यक्त की पार्टी के वरिष्ठ प्रकाश कुररिया के निवास में पिताजी कृष्ण बिहारी कुररिया के निधन कुलदीप सिंह बैस के निवास पहुंचकर उनके छोटे भाई जगदीप सिंह बैस के निधन पर पार्टी के वरिष्ठ विजय विश्वकर्मा के निवास पर पहुंचकर पत्नी संध्या विश्वकर्मा के निधन पर ग्राम फनवानी के वरिष्ठ नेता गोपाल पटेल की पत्नी एवं कांग्रेस पार्टी के पूर्व पार्षद राजेश पटेल की माता जी कौशल्या पटेल ग्राम खमरिया कौशल पटेल के पिता जी ग्राम नुनजा में पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता बबुआ पटेल की माता एवं ग्राम मझगवा में पार्टी कार्यकर्ता जित्तू श्रीवास्तव की माता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।

इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ सुबोध पांडे सुरेंद्र मिश्रा प्रकाश कुररिया कृष्ण कुमार कुररिया अमोल चौरसिया बाबा कुरैशी पवन सोनी पार्षद कल्पना आलोक पांडे ममता गोटिया राजेश चौबे माधुरी गणेश दहिया रमेश पटेल पूर्व पार्षद एम मंसूर राजेश पटेल संदीप ब्यौहार शंकर वंशकार रामलोचन कोल लीला बाई कोल विधानसभा अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष फैज आलम शाह ब्लॉक अध्यक्ष शेख साबिर, दिलीप जैन व अन्य मौजूद रहे।

# एसएस महाविद्यालय में वैदिक गणित पर राष्ट्रीय कार्यशाला नौ को

**सिहोरा, देशबन्धु।** शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिहोरा के गणित विभाग द्वारा 9 अक्टूबर गुरुवार को 'वैदिक गणित आधुनिक गणित के लिए प्राचीन तकनीकें' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं गणित विभाग के संयोजन में आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों को वैदिक गणित की प्राचीन परंपरागत विधियों से परिचित कराना है, ताकि वे इन तकनीकों का आधुनिक गणित और अनुसंधान कार्यों में प्रयोग कर सकें।इस अवसर पर देशभर से गणितज्ञ, शिक्षाविद् और शोधार्थी भाग लेंगे। विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा वैदिक गणना पद्धतियों, तेज़ मानसिक गणना तकनीकों तथा आधुनिक गणितीय समस्याओं में उनके उपयोग पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किए जाएंगे।

कार्यशाला के संयोजक डॉ. सौरभ सक्सेना ने बताया कि इस राष्ट्रीय कार्यशाला से विद्यार्थियों को गणितीय चिंतन का नया दृष्टिकोण मिलेगा। वैदिक गणित की सरल और त्वरित विधियां न केवल प्रतियोगी परीक्षाओं में उपयोगी सिद्ध होंगी, बल्कि शोध कार्यों और नवीन आविष्कारों के लिए भी प्रेरणादायी बनेंगी। गणित विभागाध्यक्ष ने कहा कि इस आयोजन से विद्यार्थियों में गणित के प्रति जिज्ञासा और रुचि का विकास होगा। यह कार्यशाला महाविद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी और इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शोधार्थी एवं शिक्षक सहभागिता करेंगे।

# हमास ने कैदी विनिमय के लिए शांति वार्ता की शर्तें रखीं

**बीजिंग, (आईएएनएस)। फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने इजरायली बंदियों** और फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई से जुड़े अपने 20-सूत्रीय योजना के क्रियान्वयन के लिए कड़े शर्तें रखीं हैं। इनमें पूर्ण युद्धविराम, गाजा पट्टी के घनी आबादी वाले इलाकों से इजरायली सेना की वापसी और अन्य सुरक्षा संबंधी मांगें शामिल हैं। 6 अक्टूबर को मिस्र में अमेरिका द्वारा प्रस्तावित इस 20-सूत्रीय योजना के तहत हमास और इजरायल के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता प्रारंभ होने जा रही है, जिसमें युद्ध विराम, कैदियों की रिहाई, और इजरायली सैनिकों की प्रारंभिक वापसी जैसे संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा होगी। हमास के सूत्रों के अनुसार, कैदी विनिमय के लिए वे प्रमुख शर्तें रख रहे हैं, जिनमें पूर्ण युद्धविराम का कड़ाई से पालन होना, जनवरी में हुए पिछले युद्धविराम समझौते के दौरान इजरायली सेना का अपने पूर्व ठिकानों पर वापस लौटना, और इजरायली वायुसेना द्वारा प्रतिदिन कम से कम 10 घंटे तक लड़ाकू विमानों व ड्रोन की उड़ानें रोकना शामिल है।

# भारत के खिलाफ बांग्लादेश में एक्टिव हुई आईएसआई, भारतीय एजेंसियां अलर्ट

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** बांग्लादेश में फैली अशांति के बीच वहां की सेना और आईएसआई की नजदीकियां बढ़ती जा रही हैं। इसके बाद भारतीय एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के समय भारत और बांग्लादेश के बीच काफी तनाव देखने को मिला था। शेख हसीना के कार्यकाल में भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध काफी अच्छे थे और पाकिस्तान के साथ दूरी बनी हुई थी, लेकिन अब वहां के हालात बदल चुके हैं।

हाल ही में आईएसआई के कई अधिकारियों ने बांग्लादेश के कई दौरे किए। इस दौरान आईएसआई की ओर से आतंकी मॉड्यूल को अपनी संख्या बढ़ाने के लिए कहा गया। आईएसआई ने भारत के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कई आतंकवादी समूहों को अपना समर्थन देने की बात कही। बांग्लादेशी आतंकियों को ट्रेनिंग देने के लिए पाकिस्तान से लोगों को यहां भेजा जाएगा।

ट्रेनिंग पूरी करने के बाद इन आतंकवादियों की मदद से ही भारत पर हमले कराने की साजिश रची जा रही है।



बांग्लादेश में अस्थिरता का असर भारत पर भी पड़ने की आशंका बनी हुई है। दरअसल, शेख हसीना की सरकार गिरने के दौरान बांग्लादेश में जिस तरह की स्थिति थी, उस समय में बांग्लादेशी सेना ने समझदारी दिखाते हुए तुरंत शांति बहाली की मांग की थी।

ऐसे में बांग्लादेश और भारत के संबंधों में सुधार की एक गुंजाइश दिख रही थी। हालांकि, आईएसआई की हालिया गतिविधियों की वजह से अब वह उम्मीद खत्म होती नजर आ रही है। बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमान ने जनता और अंतरिम सरकार, दोनों को साफ शब्दों में कहा था कि वे अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने पाकिस्तान के हस्तक्षेप सहित कई फैसलों पर सरकार के रुख का समर्थन भी नहीं किया था। बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमान ने जनता और अंतरिम सरकार, दोनों को स्पष्ट कर दिया था कि वे अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने पाकिस्तान के हस्तक्षेप सहित कई फैसलों पर सरकार का समर्थन भी नहीं किया था। हालांकि आज ऐसा लगता है कि सेना जमात समर्थित यूनुस सरकार के रास्ते पर चल पड़ी है। अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने वाली इसी सेना ने 29 सितंबर को खगरा छारी में बलात्कार और मंदिरों पर हमलों का विरोध कर रहे हिंदुओं और बौद्धों पर गोलियां चलाई थीं। खुफिया अधिकारियों का कहना है कि बांग्लादेशी सेना के रुख में यह बदलाव अपेक्षित ही था। हालांकि सेना प्रमुख और अन्य उच्च पदस्थ अधिकारी शुरू में यूनुस सरकार की नीतियों के विरोधी थे, लेकिन बाद में उनके ही कई लोग उनके खिलाफ हो गए।

# महिला ने अपने चार बच्चों पर चला दी गोली, फिर पुलिस को लगा दिया फोन, दो की मौत

अमेरिका के टेक्सास राज्य में एक महिला ने कथित तौर पर अपने चार बच्चों पर गोलियां चला दीं, जिससे दो बच्चों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि उस पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। ब्रेजोरिया काउंटी के शेरिफ बो स्टालमैन ने पत्रकारों को बताया कि उस 31 वर्षीय महिला पर हत्या और घातक हथियार से गंभीर हमले के दो-दो मामले दर्ज किए गए हैं और उसे 1.4 डॉलर के बॉन्ड पर हिरासत में लिया गया है।

स्टालमैन ने कहा कि चार बच्चों में से दो की उम्र 13 और 4 साल थी, जो शनिवार को एक वाहन के अंदर गोली लगने से मारे गए। अन्य बच्चों की उम्र 8 और 9 साल है, जिन्हें एक मेडिकल हेलीकॉप्टर द्वारा ह्यूस्टन क्षेत्र के एक अस्पताल में ले जाया गया है और उनकी हालत स्थिर है। स्टालमैन ने बताया कि गोली चलाने के बाद महिला ने पुलिस को सूचित करने के लिए कॉल किया था। अधिकारियों ने घटनास्थल से एक हथियार बरामद किया है।

स्टालमैन ने कहा, इस तरह की संवेदनहीन त्रासदी को समझना असंभव है लेकिन हम इन बच्चों को न्याय दिलाने के लिए वह सब करेंगे जो हम कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी महिला ह्यूस्टन के उत्तर में स्थित मोंटगोमरी काउंटी की निवासी है। यह घटना एंगलटन में हुई, जो लगभग 19,500 की आबादी वाला एक शहर है। यह ह्यूस्टन से लगभग 45 मील (70 किलोमीटर) दक्षिण में स्थित है।

## आज का इतिहास

1586 – मुग़ल सेना ने कश्मीर में प्रवेश किया।

1737 – बंगाल में 20 हजार छोटे जहाज के समुद्र में 40 फुट नीचे डूबने से तीन लाख लोगों की मौत।

1840 – विलेम द्वितीय नीदरलैंड का राजा बना।

1868 – अमेरिका में कोर्नील विश्वविद्यालय खुला। इसमें 412 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ था जो उस समय की सबसे बड़ी संख्या थी।

1919 – गांधीजी की 'नवजीवन' पत्रिका प्रकाशित।

1942 – अमेरिका और ब्रिटिश सरकार ने संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की घोषणा की।

1950 – मदर टेरेसा ने कोलकाता में मिशनरीज ऑफ़ चैरिटी की स्थापना की थी।

1952 – चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी बनी।

1959 – सोवियत संघ के अंतरिक्ष यान लूनर-3 द्वारा चंद्रमा के छिपे हिस्से की तस्वीर ली गई।

## सुडोकू 7056

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 8 | | | 1 | | |
| 3 | | 8 | 6 | | | | | 4 |
| 6 | | | | 2 | | 7 | | |
| | | | | 9 | | | | 2 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 4 | | | | 1 | | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | 9 |
| 2 | | | | | 1 | 5 | | 7 |
| | | 3 | | | 7 | | 2 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी यात्रा तीन दिन को स्थगित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में मौसम विभाग की ओर से जारी मौसम संबंधी सलाह के मद्देनजर श्री माता वैष्णो देवी यात्रा रविवार से तीन दिनों के लिए स्थगित कर दी गई। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अधिकारी ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा खराब मौसम को लेकर जारी सलाह के मद्देनजर श्री वैष्णो देवी यात्रा पांच से सात अक्टूबर तक स्थगित कर दी गई है और आठ अक्टूबर को फिर से शुरू होगी। भक्त आधिकारिक चैनलों के माध्यम से अपडेट रह सकते हैं।

## कफ सिरप मामले में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में जहरीली कफ सिरप से मासूम बच्चों की दर्दनाक मौतों के विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस ने राजधानी भोपाल में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर बैठकर हाथों में जहरीली कफ सिरप की बोतलों के पोस्टर और उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ला के इस्तीफे की मांग लिखी तख्तियां लेकर नारेबाजी की।

## मणिपुर में उग्रवादी समूह के छह सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के विभिन्न हिस्सों में पुलिस और सुरक्षा बलों ने साझा अभियानों के दौरान बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं और प्रतिबंधित संगठनों के कई सक्रिय सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को इंफाल पश्चिम जिले के कंगलातोम्बी क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने बड़ी संख्या में हथियार और लड़ाई के सामान बरामद किए। इनमें मैगजीन के साथ नौएमएम कार्बाइन सब मशीन गन, एक .303 राइफल, तीन राउंड के साथ नौएमएम पिस्टल, एक .32 पिस्टल, साथ स्थानीय निर्मित बोल्ड एक्शन एक नाली बंदूक, एक नाली बंदूक, तीन बाओफेंग हैंड-हेल्ड सेट, 10 राउंड .303 की गोली, छह बैरल कारतूस, एक बीपी पटका, तीन हेलमेट, दो बीपी वेस्ट, एक मैगजीन पाउच, चार फाइबर प्लेट और दो बैग शामिल हैं।

## आंध्र प्रदेश में युवक ने गला रेतकर की मां की हत्या

**कडप्पा।** आंध्र प्रदेश के कड्डपा जिले में रविवार को एक वीभत्स घटना में एक युवक ने अपनी मां की गला रेतकर हत्या कर दी और बाद में उसके शव को बेडरूम से घसीटकर घर के बरामदे में रख दिया। पुलिस ने कहा कि प्रोद्दातुर कस्बे के श्रीराम नगर कॉलोनी में आरोपी उप्पलापडी यशवंत ने इस वारदात को अंजाम दिया। आरोपी बी.टेक कर चुका है लेकिन बेरोजगार है। वह पिछले कुछ महीनों से हैदराबाद में था और अपनी मां से पैसे भेजने की मांग करता था। वह रविवार सुबह प्रोद्दातुर आया था।


# उत्तर कोरिया ने की घातक हथियारों की प्रदर्शनी, किम जोंग उन ने अमेरिका को चेतावनी भी दे डाली

उत्तर कोरिया ने प्योंगयांग में लगातार तीसरे साल अपने हथियारों की खेप का प्रदर्शन किया। दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप ने नॉर्थ कोरिया की सरकारी मीडिया के हवाले से यह जानकारी दी। शनिवार को डिफेंस डेवलपमेंट-2025 प्रदर्शनी शुरू हुई। इस दौरान किम जोंग उन ने अमेरिकी धमकियों का मुकाबला करने के लिए सैन्य और तकनीकी विकास को मजबूत करने की कसम खाई। किम ने कहा कि दक्षिण कोरिया और अमेरिका पर कई तरह के सैन्य अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने दक्षिण कोरिया में रक्षा संपत्तियों का विस्तार करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया अमेरिका के रणनीतिक हमलों पर गौर कर रहा है। साथ ही, निगरानी से जुड़ी तैनातियों और संभावित नए खतरों पर बारीकी से नजर रखे हुए है। यह प्रदर्शनी कोरिया की सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की 80वीं वर्षगांठ से पहले आयोजित की जा रही है, जो अगले शुक्रवार को मनाई जाएगी। इस अवसर पर प्योंगयांग में बड़े पैमाने पर सैन्य परेड की उम्मीद है। दूसरी ओर, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने उत्तर कोरिया से कोरियाई प्रायद्वीप और अंतरराष्ट्रीय समुदाय में शांति व स्थिरता के लिए सहयोग की दिशा में प्रयास करने का आह्वान किया है। योनहाप के हवाले से राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि उत्तर कोरिया शांति और स्थिरता के लिए बातचीत में भाग लेगा।

## 2 नई तरह की हवाई रक्षा मिसाइलों का ट्रायल

अगस्त के अंत में उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया केसीएनए ने अहम जानकारी साझा की थी। इसने बताया कि उत्तर कोरिया ने किम जोंग उन की निगरानी में 2 नए प्रकार की हवाई रक्षा मिसाइलों का परीक्षण किया है। रविवार को किम जोंग ने प्रदर्शनी में चोए ह्योन नौसैनिक युद्धपोत का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नौसेना को दुश्मन के उकसावे को पूरी तरह रोकने, उनका मुकाबला करने और दंडित करने के लिए तैयार रहना चाहिए। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने केसीएनए के हवाले से यह जानकारी दी।

## वर्ग पहेली 7056



**बायें से दायें:-**

१. एक वाममार्गी शैव संप्रदाय जो मनुष्य की खोपड़ी लिए घूमता है, उसी में खाता-पीता है
३. उपद्रव, अराजकता, घपला
५. भेंट, उपहार (उर्दू)
६. धनी व्यक्ति का पुत्र(उर्दू)
७. बंदीगृह, कारागार
९. उदाहरण, दृष्टांत(उर्दू)
१०. आगे बढ़कर स्वागत करना
१२. गांठ, बंधन, गुत्थी, जेब(उर्दू)
१३. असहमति (उर्दू)
१४. ब्रजभूमि में रहने वाला
१६. निर्जन, सन्नाटा (उर्दू)
१८. गिरना, नीचे गिरना, अवनति
२०. दीप्ति, आभा.
२१. आजीवन अविवाहित रहने वाली
२३. फायदेमंद

**ऊपर से नीचे:-**

१. डरपोकपन, भीरूता
२. पहनावा (उर्दू)
३. बीता हुआ समय
४. उपद्रव, दगा (उर्दू)
५. बिजली, गाज
८. एक साथ कई लोगों द्वारा मिलकर गाया जाने वाला गीत
१०. छोटा भाई
११. लौटना, पुनः आना
१२. बंधक, रेहन(उर्दू)
१३. संकेत, इशारा, मन का भाव
१४. गुरुकुल में रहकर वेदाध्ययन करने का काल
१५. इमारत, पुल आदि बनाने की कला
१७. कमल
१८. पक्षी, चिड़िया(उर्दू)
१९. कुशल राजनीतिज्ञ, श्रेष्ठव्यवस्थापक
२२. देश, राज्य, पुरुरवा के वंशज काशी का पुत्र

## वर्ग पहेली-7055

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | सं | २ तु | ष्ट | ■ | ■ | ३ को | षा | ४ ल | य |
| प | ■ | र | ■ | ५ बा | व | ला | ■ | ह | ■ |
| ६ ला | ग | त | मू | ल्य | ■ | ७ ह | र | जा | ८ ना |
| भ | ■ | ■ | ■ | ९ का | ज | ल | ■ | ■ | मु |
| ■ | १० अ | स्वा | ११ च | ल | ■ | ■ | १२ अं | त | रा |
| ■ | ग्र | ■ | रि | ■ | १३ नि | य | ति | ■ | द |
| १४ रा | ज | १५ प | त्र | ■ | प | ■ | १६ म | १७ न | ■ |
| म | ■ | र | ■ | १८ कं | ट | १९ क | ■ | क | ■ |
| २० रा | घ | व | ■ | ग | ■ | २१ टा | ल्स | टा | २२ य |
| ज्य | ■ | २३ श | य | न | क | क्ष | ■ | ■ | दि |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

# हमारा तरीका गलत लग सकता है मगर., कनाडा में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने फिर मचाया उत्पात

कनाडा में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने एक बार फिर उत्पात मचाया है। गैंग से जुड़े फतेह पुर्तगाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवी तेसी नाम के व्यक्ति के कई ठिकानों पर फायरिंग करवाई गई है। आरोप है कि नवी तेसी ने लॉरेंस बिश्नोई के नाम का दुरुपयोग कर 5 मिलियन डॉलर वसूले हैं।



मालूम हो कि कनाडा सरकार की ओर से लॉरेंस बिश्नोई को हाल ही में आतंकवादी घोषित किया गया है। इसके बाद यह गैंग की पहली बड़ी वारदात मानी जा रही है, जो स्थानीय स्तर पर भय का माहौल पैदा करने वाली है। फतेह पुर्तगाल की पोस्ट में साफ चेतावनी दी गई कि गोल्डी ढिल्लों और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर कनाडा में वसूली या शूटिंग करने वालों की अब जिम्मेदारी वे खुद लेंगे। उन्होंने लिखा, सत श्री अकाल, राम-राम सारे भाइयों को। मैं फतेह पुर्तगाल बोल रहा हूं। पोस्ट के अनुसार, नवी तेसी के स्वामित्व वाली सभी जगहों पर पिछले तीन दिनों से फायरिंग जारी है। नवी तेसी पर गायकों से जबरदस्ती 5 मिलियन वसूली का आरोप लगाया गया है, जिसके चलते गैंग ने उसके पीछे पड़ने का ऐलान किया है।

**लॉरेंस बिश्नोई गैंग का क्या संदेश-** पोस्ट में गैंग ने अन्य व्यापारियों को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि जो भी मेहनती भाइयों-बहनों से काम लेते हुए उन्हें परेशान कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। अगर कोई सबूत देगा कि कोई व्यक्ति गलत है, तो उसके पीछे जाएंगे। गैंग ने साफ कर दिया कि मेहनत करने वालों और युवाओं की इज्जत करने वालों से उनकी कोई दुश्मनी नहीं है। फतेह पुर्तगाल ने चेतावनी दी कि यदि आगे कोई गलत खबर फैलाई गई, तो जिन व्यापारियों की जान या व्यापार को नुकसान पहुंचे, उसकी जिम्मेदारी फैलाने वालों की होगी, न कि उनकी। उन्होंने कहा कि उनका तरीका गलत लग सकता है, लेकिन इरादा नेक है।

**कनाडा में आतंकवादी संगठन घोषित-** कनाडा सरकार ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। यह गिरोह भय और धमकी का माहौल बनाकर काम करता है। कनाडा की ओर से लिया गया फैसला भारत के लिए बेहद अहम है, क्योंकि यह वही गिरोह है जो खालिस्तान समर्थक तत्वों से जुड़ा हुआ माना जाता है।

## माउंट एवरेस्ट पर आया बर्फीला तूफान, फंस गए 1 हजार से ज्यादा लोग, ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा

माउंट एवरेस्ट इलाके में भयंकर बर्फीले तूफान की वजह से कम से कम 1 हजार लोग फंस गए हैं। रविवार को उन्हें बचाने के लिए युद्धस्तर पर अभियान शुरू किया गया है। करीब 4,900 मीटर से अधिक ऊंचाई पर स्थित इस क्षेत्र में बर्फबारी के कारण रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं, जिन्हें हटाने के लिए सैकड़ों स्थानीय ग्रामीणों और बचाव दल को तैनात किया गया है। बीबीसी ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि कुछ पर्यटकों को पहले ही बचा लिया गया है। बर्फबारी का यह दौर शुक्रवार शाम से शुरू हुआ और तिब्बत में माउंट एवरेस्ट के पूर्वी हिस्से में और तेज हो गया। यह इलाका पर्वतारोहियों के बीच काफी लोकप्रिय है।जानकारी के मुताबिक करीब 350 ट्रेकर सुरक्षित कुदांग पहुंच गए हैं।

**तैयारी** | बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज

# धार्मिक भव्यता के लिए प्रसिद्ध गरखा पर चढ़ रहा चुनावी रंग

**पटना, (एजेंसियां)।** सारण जिले का गरखा विधानसभा क्षेत्र न सिर्फ अपने सूर्य मंदिर की सांस्कृतिक और धार्मिक भव्यता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि एक महत्वपूर्ण राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के रूप में भी अपनी पहचान रखता है। अनुसूचित जाति की कम संख्या के बावजूद इसकी आरक्षित सीट की स्थिति इसे एक अनूठा और चर्चित विधानसभा क्षेत्र बनाती है।

गंडकी नदी के किनारे बसा यह क्षेत्र अपनी प्राकृतिक सुंदरता, धार्मिक महत्व और जटिल चुनावी गतिशीलता के लिए जाना जाता है। गरखा प्रखंड के नरांव में स्थित सूर्य मंदिर अपनी भव्यता और प्राकृतिक सुंदरता के लिए बिहार समेत अन्य राज्यों में सुप्रसिद्ध है। यह मंदिर अपने भव्य स्वरूप के कारण पूरे देश में जाना जाता है। गरखा के बाजार में स्थित यह सूर्य मंदिर उत्तर बिहार में विशेष तौर पर प्रसिद्ध है। जब गंडकी नदी में पानी का बहाव रहता है, तब यह मंदिर और भी मनोरम दृश्य प्रस्तुत करता है। मंदिर के समीप कैलाश आश्रम में भगवान महादेव विराजमान हैं और महादेव के सामने सूर्य देवता अपने सात घोड़ों के रथ पर सवार श्रद्धालुओं का मन मोह लेते हैं।

विशेषकर छठ पूजा के दौरान, जब अर्घ्य की तैयारी छठ घाटों पर होती है, यह सूर्य मंदिर उत्तर बिहार के सबसे बड़े सूर्य मंदिरों में से एक है, जहां खास पूजा-अर्चना की जाती है। राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो गरखा विधानसभा क्षेत्र बिहार के 243 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। यह क्षेत्र सारण जिले में आता है और सारण लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। गरखा विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। परिसीमन के बाद गरखा विधानसभा क्षेत्र में गरखा




■ बिहार के 243 विधनासभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है गरखा विधानसभा क्षेत्र

सामुदायिक विकास खंड के साथ-साथ छपरा सामुदायिक विकास खंड की 14 ग्राम पंचायतें शामिल कर दी गई हैं। वर्तमान में इस सीट से राजद के सुरेंद्र राम विधायक हैं। गरखा विधानसभा क्षेत्र का आरक्षण तर्क से परे प्रश्न उठाता है क्योंकि यहां अनुसूचित जाति की आबादी मात्र लगभग 13.69 प्रतिशत है, जबकि बिहार में कई अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जाति की आबादी 20 प्रतिशत से अधिक होने के बावजूद वे सामान्य सीटें हैं। गरखा विधानसभा क्षेत्र हमेशा से अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित नहीं था। इसकी स्थापना 1957 में हुई थी और 1967 से यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित की गई। 2008 के परिसीमन में भी इस सीट की स्थिति अपरिवर्तित रही। बिहार के 243 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक गरखा विधानसभा सीट है। यहां इस साल चुनाव होने की संभवना है। गरखा सीट पर भाजपा, जेडीयू, एलजेपी और आरजेडी, कांग्रेस गठबंधन से कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। 2020 के विधानसभा चुनाव में गरखा सीट पर आरजेडी के उम्मीदवार सुरेंद्र राम ने 82874 वोट हासिल कर जीत हासिल की थी। उन्होंने भाजपा के प्रत्याशी ज्ञानचंद मांझी को हराया जिनके हिस्से 73128 वोट आए।

# खेल जगत

## चोटिल मोहम्मद सलीम बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सलीम ग्रोइन (एडक्टर) की चोट के कारण अबू धाबी में बंगलादेश के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, सलीम पुनर्वास के लिए एसीबी के हाई परफॉर्मेंस सेंटर में रिपोर्ट करेंगे। सलीम की जगह दाएं हाथ के मध्यम गति के गेंदबाज बिलाल सामी को बंगलादेश के खिलाफ होने वाले एकदिवसीय मैचों के लिए अफगानिस्तान की टीम में शामिल किया गया है। तेईस वर्षीय सलीम ने अब तक दो एकदिवसीय मैच खेले हैं। उन्होंने ये दोनों मैच जुलाई 2023 में बंगलादेश के खिलाफ खेले थे। उन्होंने आखिरी बार अफगानिस्तान के लिए अपना एकमात्र टेस्ट मैच फरवरी 2024 में कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ खेला था।



# कोलंबो की पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी : हरमनप्रीत कौर

### भारत की बेटियों ने पाकिस्तान से अपना लगातार 12 वां अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट मैच जीत फिर अपना डंका बजाया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत ने वुमैन ऑफ द' मैच नौजवान तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ और ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा द्वारा स्पिन का जाल बुन चटकाए तीन तीन विकेट की बदौलत चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को कोलंबो (श्रीलंका) के प्रेमदासा स्टेडियम में आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप के दूसरे मैच में रविवार रात 88 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज कर उसके खिलाफ अपना दबदबा बरकरार रखा। भारत की अब तक हुए महिला वनडे विश्व कप मे पाकिस्तान पर यह लगातार पांचवीं जीत है। भारत की बेटियों ने पाकिस्तान से अपना लगातार 12 वां अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट मैच जीत फिर अपना डंका बजाया।



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप में लगातार अपनी टीम की लगातार दूसरी जीत पर कहा, ' सच कहूं कि कोलंबो की पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी। हम ज्यादा से ज्यादा वक्त क्रीज पर बिता कर यह देखना चाहते थे कि हम इस पर कितने रन बना सकते हैं। हमारी टीम जब मई में कोलंबो में त्रिकोणीय वनडे खेले थे तब पिचें अलग थीं। पिछले दो दिन

■ **हमारी गेंदबाजों, खासतौर पर क्रांति ने वाकई बढ़िया गेंदबाजी की**

से हुई बारिश के कारण पिच पर गेंद कुछ रुक कर आ रही थी । हमारे लिए अहम था आखिर तक विकेट बचाए रखना, जिससे कि हम अपनी योजना को अमली जामा पहना सके। हमारी गेंदबाजों ने वाकई बढ़िया गेंदबाजी की। खासतौर पर तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने वाकई धारदार गेंदबाजी कर पाकिस्तान की बल्लेबाजों को परेशान किया। अनुभवी तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने दूसरे छोर से दबाव बना कर क्रांति को विकेट चटकाने में मदद की। हमने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में कई कैच टपकाए पर अंत में जब आप मैच जीतते हैं तो बढ़िया महसूस होता है। निचले क्रम में ऋचा घोष ने 30 रन से ज्यादा की अहम पारी खेली।' भारत को अपने अगले दो मैच दक्षिण अफ्रीका (9 अक्टूबर) और ऑस्ट्रेलिया को विशाखापट्टनम में खेलते हैं।

### पाकिस्तान के खिलाफ हाई-वोल्टेज मैच में क्रांति ने रचा इतिहास



**कोलंबो।** महिला विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर शिकस्त दी। कोलंबो में रविवार को खेले गए मुकाबले में क्रांति गौड़ मैच की 'नायिका' रहीं। उन्होंने 3 विकेट लेने के अलावा बल्ले से 8 रन का योगदान दिया। आर प्रेमदासा स्टेडियम में क्रांति गौड़ ने 10 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 47 डॉट बॉल फेंकी। यह 2020 के बाद से महिला वनडे मैच में किसी भारतीय तेज गेंदबाज की ओर से फेंकी गई सबसे ज्यादा डॉट बॉल रहीं। उनके अलावा, रेणुका सिंह ने 45 डॉट गेंदें डालीं। रेणुका ने इस मैच में 10 ओवर फेंके, जिसमें 29 रन दिए। हालांकि, वह कोई विकेट हासिल नहीं कर सकीं। इन दोनों ही गेंदबाजों ने पाकिस्तान के खिलाफ इस हाई-वोल्टेज मैच में मिलकर 92 डॉट बॉल फेंकी।

### आचार संहिता के उल्लंघन पर सिदरा अमीन को लगी फटकार

**कोलंबो।** पाकिस्तान की बल्लेबाज सिदरा अमीन को रविवार को भारत के खिलाफ मैच के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। इसके लिए उन्हें औपचारिक रूप से फटकार लगाई है और उनके नाम एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।अमीन इस मैच में पाकिस्तान के लिए 106 गेंदों में 81 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं थी। अमीन ने आउट होने के बाद अपना बल्ला जोर से पिच पर मारा था। उन्हें आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो कि अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरणों या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग से संबंधित है।इस लेवल 1 के अपराध में खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं। अमीन ने अंपायरों द्वारा आरोप लगाए जाने के बाद मैच रेफरी शैंड्रे फ्रिट्ज द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान को इस मैच में भारत से 88 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। उसे टूर्नामेंट में अभी तक जीत हासिल नहीं हुई है, इससे पहले वह बंगलदेश से हार गया था।

### अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल

# प्रमोद भगत ने भारत को जिताए 3 गोल्ड

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2025 में भारत के शीर्ष पैरा शटलर प्रमोद भगत ने अपना दबदबा दिखाया। उन्होंने इस टूर्नामेंट में देश को 3 गोल्ड मेडल दिलाए हैं।

प्रमोद भगत ने हमवतन मंटू कुमार को एक खिताबी मुकाबले में 21-7, 9-21, 21-9 से शिकस्त देकर पुरुष एकल एसएल3 का खिताब अपने नाम किया। इसके बाद उन्होंने सुकांत कदम के साथ मिलकर पुरुष युगल में पेरू के गेर्सन जेयर वर्गास लॉस्टौनौल और डायना रोजास गोलाक को सीधे सेटों में 21-13, 21-17 से शिकस्त देकर एक और गोल्ड अपने नाम किया। प्रमोद भगत ने मिश्रित युगल एसएल3-एसयू5 वर्ग में तीसरा स्वर्ण पदक जीता। यहां उन्होंने आरती पाटिल के साथ मिलकर रोमांचक फाइनल मुकाबले में जीत हासिल की।

भारत के लिए तीन गोल्ड जीतने के बाद भगत ने कहा कि हर जीत मुझे अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। इस स्तर पर प्रतिस्पर्धा करना और भारत का नाम रोशन करना हमेशा खास होता है। मुझे अपने साथी खिलाड़ियों पर गर्व है। डबल्स में भगत के साथी सुकांत कदम ने भी उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि प्रमोद के साथ खेलना मुझे हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है।



तीन गोल्ड जीतने के बाद भगत ने कहा कि हर जीत मुझे अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है : प्रमोद भगत

कोर्ट पर हमारी समझ हर मैच के साथ और मजबूत होती गई है। यह जीत हमें आगामी प्रतियोगिताओं के लिए बहुत आत्मविश्वास देती है। भगत और कदम के शानदार प्रदर्शन के अलावा, कई भारतीय शटलर ने विभिन्न श्रेणियों में प्रभावित किया। रणजीत सिंह ने तीन ब्रॉन्ज मेडल जीते। उनके अलावा, नुरुल हुसैन खान ने पुरुष एकल डब्ल्यूएच2 में सिल्वर जीता, जबकि उमा सरकार ने महिला एकल एसएल3 में सिल्वर अपने नाम किया।

आरती पाटिल और उमा सरकार की जोड़ी ने महिला युगल एसएल3-एसयू5 में ब्रॉन्ज अपने नाम किया। भारत के शीर्ष पैरा शटलर प्रमोद भगत का यह शानदार प्रदर्शन और भारत के पदकों की संख्या पैरा बैडमिंटन में देश के बढ़ते प्रभुत्व को दर्शाती है, जिससे आगामी अंतरराष्ट्रीय सत्र के लिए आत्मविश्वास से भरा एक शानदार माहौल तैयार होता है।

# विशाखापत्तनम स्टेडियम में मिताली राज और रवि कल्पना के नाम पर होंगे स्टैंड

**विशाखापत्तनम,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। एसीए-वीडीसीए विशाखापत्तनम क्रिकेट स्टेडियम में दो स्टैंड का नाम भारत की दिग्गज महिला क्रिकेटर 'मिताली राज' और 'रवि कल्पना' के नाम पर रखा जाएगा। इन स्टैंड के उद्घाटन समारोह का आयोजन 12 अक्टूबर को भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला वर्ल्ड कप मैच के साथ किया जाएगा। आंध्र प्रदेश के मंत्री नारा लोकेश के साथ अगस्त 2025 में 'ब्रेकिंग बाउंड्रीज' कार्यक्रम में भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना के अनुरोध के बाद यह फैसला लिया गया है। सोमवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि स्मृति मंधाना की अपील पर अमल करते हुए, मंत्री नारा लोकेश ने तुरंत आंध्र क्रिकेट संघ से परामर्श किया, जिसके परिणामस्वरूप विशाखापत्तनम स्टेडियम में महिला क्रिकेट की महान हस्तियों के नाम पर स्टैंड का नामकरण करके उन्हें सम्मानित करने का फैसला लिया गया है। मंत्री नारा लोकेश ने कहा कि स्मृति मंधाना के विचारशील सुझाव ने व्यापक जनभावना को छुआ है। इस विचार को तत्काल अमल में लाना लैंगिक समानता और महिला क्रिकेट के अग्रदूतों को सम्मान देने के प्रति



स्मृति मंधाना के विचारशील सुझाव ने व्यापक जनभावना को छुआ है : नारा लोकेश

हमारे सामूहिक समर्पण को दर्शाता है। आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच से पहले 12 अक्टूबर को 'मिताली राज स्टैंड' और 'रवि कल्पना स्टैंड' का उद्घाटन करेगा। स्टैंड का नाम बदलने से महिला क्रिकेटर्स को सम्मानित करने के साथ खेल में उनके योगदान पर भी प्रकाश डाला जाएगा। इससे देश की बच्चियों को महिला क्रिकेट को एक पेशे के रूप में अपनाने की प्रेरणा भी मिलेगी। भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने अपने करियर में 12 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 1 शतक और 4 अर्द्धशतकों के साथ 699 रन बनाए।

## श्रीयांशी ने अपना पहला बीडब्ल्युएफ सुपर 100 खिताब जीता

**अबू धाबी,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। श्रीयांशी वलीशेट्टी ने शानदार वापसी करते हुए हमवतन तस्नीम मीर को हराकर अल ऐन मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग का खिताब अपने नाम किया। श्रीयांशी वलीशेट्टी ने रविवार को खलीफा बिन जायद स्टेडियम में 49 मिनट तक चले फाइनल में तस्नीम मीर को 15-21, 22-20, 21-7 से हरा कर खिताब जीता। यह श्रीयांशी की 20 वर्षीय पूर्व जूनियर विश्व नंबर 1 खिलाड़ी पर तीन मुकाबलों में पहली जीत और बीडब्ल्यूएफ टूर पर उनका पहला सुपर 100 खिताब है। बाद में, भारत के हरिहरन अम्साकरुनन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ने फाइनल में इंडोनेशिया के पाचवीं वरीयता प्राप्त रेमंड इंद्र और निकोलस जोआक्विन को हराकर पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले सेमीफाइनल में, तस्नीम ने तुर्किये की नेस्लिहान एरिन को 9-21, 21-17, 21-10 से तथा श्रीयांशी ने इंडोनेशिया की चियारा मारवेला हांडोयो को 21-11, 21-12 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई थी।

## 1 दिसम्बर से लंका प्रीमियर लीग की शुरुआत, भारतीय खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) का छठा संस्करण 1 से 23 दिसंबर के बीच खेला जाएगा, जिसमें भारतीय खिलाड़ी भी हिस्सा लेने जा रहे हैं। ऐसे में फैंस इस टी20 लीग से जबरदस्त रोमांच की उम्मीद कर रहे हैं। पहली बार लंका प्रीमियर लीग में भारतीय क्रिकेटर हिस्सा लेंगे, जिनके नाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे। माना जा रहा है कि भारतीय खिलाड़ियों के जुड़ने से इस लीग की लोकप्रियता में इजाफा होगा। लंका प्रीमियर लीग के इस संस्करण में कुल 24 मैच खेले जाएंगे। इस दौरान 20 लीग मैच और 4 नॉकआउट मुकाबले होंगे। यह सभी मुकाबले कोलंबो के आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी के पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और दांबुला के रंगिरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने हैं। इस टूर्नामेंट में पांच फ्रेंचाइजी हिस्सा लेने जा रही हैं। लीग चरण के दौरान सभी फ्रेंचाइजी दो बार आमने-सामने होंगी। राउंड-रॉबिन चरण के बाद, शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी। पहला प्लेऑफ मैच यानी क्वालीफायर 1 शीर्ष दो टीमों के बीच खेला जाएगा। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में प्रवेश करेगी। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर मुकाबले में भिड़ेंगी। एलिमिनेटर मैच की विजेता टीम क्वालीफायर 1 में हारने वाली टीम से क्वालीफायर 2 में भिड़ेगी। क्वालीफायर 2 जीतने वाली टीम फाइनल में अपना स्थान बनाएगी, जहां उसका सामना क्वालीफायर 1 की विजेता टीम से होगा। लंका प्रीमियर लीग की टूर्नामेंट निदेशक सामंथा डोडनवेला ने कहा कि इस संस्करण का समय सावधानीपूर्वक चुना गया है।



# लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत आर्कटिक ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में करेंगे भारत का नेतृत्व

■ **श्रीकांत ने मई में मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में भी जगह बनाई थी**

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत मंगलवार से फिनलैंड के वंता में शुरु हो रहे आर्कटिक ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का नेतृत्व करेंगे।

वंता स्थित एनर्जिया एरिना में आज से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में पुरुष एकल ड्रॉ में सेन के साथ श्रीकांत सहित



पांच अन्य भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी भी शामिल हैं। पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन पिछले महीने हांगकांग ओपन में 2025 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के अपने पहले फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन चाइना मास्टर्स में अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए और उन्हें साल में नौवीं बार पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी श्रीकांत ने मई में मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में भी जगह बनाई थी। जून में यूएस ओपन जीतने वाले और इस सीजन में बीडब्ल्यूएफ टूर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय आयुष शेट्टी भी वंता में खेलेंगे। यह भारतीय युवा खिलाड़ी अपने पहले मुकाबले में पेरिस ओलंपिक 2024 के रजत पदक विजेता कुणालवुत वितिदसर्न से भिड़ेगा। एशियाई खेलों के पुरुष युगल चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शुरुआत में प्रवेश सूची में थे।

# एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय अंडर-17 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम अलेक्जेंडरसन ने एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2026 क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। यह क्वालीफायर टूर्नामेंट किर्गिस्तान के बिश्केक में 13 से 17 अक्टूबर के बीच आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के ग्रुप जी में शामिल भारतीय टीम का मुकाबला 13 अक्टूबर को मेजबान किर्गिस्तान और 17 अक्टूबर को उज्बेकिस्तान से होगा। दोनों मैच डोलेन मुर्जाकोव स्टेडियम में खेले जाएंगे। ग्रुप विजेता टीमें अगले साल चीन में होने वाले 12 टीमों के



फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। अगस्त में भूटान में सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप जीतने के बाद भारतीय टीम ने गोवा में स्थानांतरित होने से पहले बेंगलुरु में अपना प्रशिक्षण शिविर जारी रखा। वे पहले मैच से छह दिन पहले मंगलवार को बिश्केक पहुचेंगे, ताकि किर्गिजस्तान की राजधानी के अपेक्षाकृत ठंडे मौसम के अनुकूल खुद को ढाल सकें।

■ **क्वालीफायर टूर्नामेंट किर्गिस्तान के बिश्केक में 13 से 17 अक्टूबर के बीच आयोजित किया जाएगा**

एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2026 क्वालीफायर के लिए भारत की 23 सदस्यीय टीम इस प्रकार है।

**गोलकीपर :** मुन्नी, सूरजमुनि कुमारी, थमीना फातिमा।

**डिफेंडर :** एलेना देवी सारंगथेम, अलीशा लिंगदोह, बिनीता होरो, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेद लाकड़ा, जॉयशिनी चानू हुइड्रोम, रितु बदाइक, तानिया देवी टोनम्बम।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 मैच से पहले ही बिके सभी पब्लिक टिकट

■ **भारत-ऑस्ट्रेलिया की टीमें 19-25 अक्टूबर के बीच पर्थ, एडिलेड और सिडनी में तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज खेलेंगी**

**मेलबर्न,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत-ऑस्ट्रेलिया की टीमें 29 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच पांच टी-20 मुकाबलों की सीरीज खेलेंगी। इस सीरीज का दूसरा मुकाबला 31 अक्टूबर को मेलबर्न में आयोजित होगा, जिससे पहले ही इस मैच की सभी पब्लिक टिकट बिक चुकी हैं। क्रिकेट



ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने सोमवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया है कि 31 अक्टूबर को होने वाले मैच से करीब तीन हफ्ते पहले ही, मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में दोनों देशों के बीच होने वाले टी20 मुकाबले के लिए पब्लिक टिकटों का आवंटन पूरी तरह से खत्म हो चुका है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार, एमसीजी में खेले जाने वाले इस टी20 मैच के लिए एएफएल सदस्य टिकट सोमवार से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे, जबकि एमसीसी सदस्य टिकट मंगलवार से उपलब्ध होंगे। भारत-ऑस्ट्रेलिया की टीमें 19-25 अक्टूबर के बीच पर्थ, एडिलेड और सिडनी में तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज खेलेंगी। इसके बाद कैनबरा, मेलबर्न, होबार्ट, गोल्ड कोस्ट और ब्रिस्बेन में टी20 सीरीज के पांच मैच आयोजित होंगे।

## बांग्लादेश के खिलाफ पूरी ताकत से उतरेगी इंग्लैंड की महिला टीम

**आईसीसी महिला विश्व कप 2025**

**गुवाहाटी,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां) अपने पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका पर 100 रनों के अंतर से मिली जीत उत्साहित इंग्लैंड की टीम मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के आठवें मैच में बांग्लादेश की महिलाओं के खिलाफ बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को पूरी ताकत के साथ उतरेगी।

गुवाहाटी में होने वाला यह मुकाबला रोमांचक होने वाला है क्योंकि दोनों टीमें अपने शुरुआती मुकाबलों में जीत हासिल कर टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में वर्चस्व की लड़ाई के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड की महिलाओं का पहला मैच संतुलन और नियंत्रण का एक उत्कृष्ट उदाहरण था - टैमी ब्यूमोंट और एमी जोन्स ने आक्रामक लेकिन सोचे-समझे स्ट्रोक प्ले से एक बेहतरीन नींव रखी, जबकि स्पिनरों, सोफी एक्लेस्टोन और लिंसे स्मिथ ने दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजी क्रम को सटीकता से ध्वस्त कर दिया। कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने अपनी टीम का शानदार नेतृत्व किया और सुनिश्चित किया कि इंग्लैंड का दबदबा कभी संदेह में न रहे। इस मुकाबले में कमजोर दिख रही बंगलादेश की महिला टीम, पाकिस्तान की महिलाओं को 113 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज है।

## सार संक्षेप

### वेस्टइंडीज विश्व कप विजेता टीम के सदस्य जूलियन का निधन

**केपटाउन।** वेस्टइंडीज की विश्वकप विजेता टीम के सदस्य और पूर्व ऑलराउंडर बर्नार्ड जूलियन का उत्तरी त्रिनिदाद के वाल्सेन शहर में शनिवार को निधन हो गया।

वह 75 वर्ष के थे। वह वेस्टइंडीज की 1975 की विश्व चैंपियन टीम का हिस्सा थे और उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए 24 टेस्ट और 12 एकदिवसीय मैच खेले। क्रिकेट वेस्टइंडीज के अध्यक्ष डॉ. किशोर शालो ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि बर्नार्ड जूलियन के परिवार, मित्रों और प्रियजनों के प्रति हम अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज इस दुःख की घड़ी में आपके साथ है, और हम आशा करते हैं कि बर्नार्ड को यह एहसास था कि जिस क्रिकेट परिवार को उन्होंने आकार देने में मदद की, वह उन्हें महत्व देता था और प्यार करता था, और उन्हें यह जानकर शांति मिली होगी कि उनका योगदान हमेशा अमर रहेगा। आज से 50 साल पहले, पहले एकदिवसीय विश्व कप में, जूलियन ने ग्रुप चरण में श्रीलंका के खिलाफ 20 रन देकर 4 विकेट लिए थे और इसके बाद सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 27 रन देकर 4 विकेट लिए थे और फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 37 गेंदों पर 26 रन की पारी खेली थी।

### जैनिक सिनर शंघाई मास्टर्स 2025 के तीसरे दौर से बाहर

**नई दिल्ली।** गत चैंपियन जैनिक सिनर शंघाई मास्टर्स 2025 के तीसरे दौर के मैच में नीदरलैंड के टैलोन ग्रीक्सपूर के खिलाफ गंभीर ऐंठन के कारण चोटिल होकर रिटायर्ड हर्ट होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये।

इटली के स्टार जैनिक सिनर कल शंघाई मास्टर्स 2025 में डचमैन टैलोन ग्रीक्सपूर के खिलाफ कड़े मुकाबले में गंभीर ऐंठन के कारण रिटायर्ड हर्ट होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये। जिस समय सिनर चोटिल होकर मुकाबले से हटे उस समय ग्रीकस्पूर 6-7 (3), 7-5, 3-2 से आगे चल रहे थे।

शुरुआती सेट बराबरी का था, जहां ग्रीक्सपूर की तेज सर्विस ने इतालवी खिलाड़ी के लिए हर तरह की मुश्किलें खड़ी कर दीं। कोई भी ब्रेक पॉइंट हासिल नहीं कर सका, जिससे पहला सेट टाईब्रेकर में चला गया और सिनर ने बढ़त हासिल कर ली और गर्मी और उमस भरे मौसम में 1-0 की बढ़त बना ली।

### द्वितीय फ्रेंड्स कप गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का भव्य शुभारंभ

**नई दिल्ली।** द्वितीय फ्रेंड्स कप गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का शुभारंभ आज यहां अंबेडकर स्टेडियम में उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन फ्रेंड्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब द्वारा किया गया है, जिसमें दिल्ली-एनसीआर की एनजीओ और वंचित वर्ग की 16 बालिका टीमें भाग ले रही हैं। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य खेल के माध्यम से सशक्तिकरण, समानता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। उद्घाटन से पहले दिल्ली सॉकर एसोसिएशन के पदाधिकारियों स्वर्गीय भाटिया जी और स्वर्गीय रईस जी को श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखा गया और दिल्ली में फुटबॉल के विकास में उनके अमूल्य योगदान को याद किया गया।

# अर्थ जगत

## भारतीय रुपये में आया नया जोश

**मुंबई।** भारतीय शेयर मार्केट सोमवार के कारोबारी दिन में हरे निशान के साथ शुरू हुआ। घरेलू बाजार में इस पॉजिटिव रुख से सोमवार के शुरुआती कारोबार में रुपया पांच पैसे की बढ़त के साथ 88.74 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले भाव से 5 पैसे की बढ़त दिखाता है। शुक्रवार को रुपया आठ पैसे टूटकर 88.79 पर बंद हुआ था। रुपए के मजबूत होने से इसका सीधा असर भारतीय विदेशी आयात और मुद्रास्फीति पर पड़ेगा। विदेशों से आने वाली चीजों की कीमतों में गिरावट होगी। इस समय भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड वार्ता चल रही है।



### करवा चौथ से पहले और भी महंगे हुए सोना-चांदी

## सोना एक दिन में 9,700 रुपये उछलकर 1.30 लाख के पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार को सोने की कीमत 9,700 रुपये बढ़कर 1.30 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। साथ ही चांदी 1,57,400 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई है। पीटीआई की खबर के मुताबिक, अखिल भारतीय सराफा एसोसिएशन ने यह जानकारी दी है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 1,20,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सराफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 2,700 रुपये बढ़कर 1,22,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।



**चांदी की कीमत भी नए शिखर पर**

चांदी की कीमतों में भी जोरदार तेजी देखी गई। यह सफेद धातु 7,400 रुपये उछलकर 1,57,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गई। शुक्रवार को यह 1,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना लगभग 2 प्रतिशत बढ़कर 3,949 डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। 58 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी 1 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 48.75 डॉलर प्रति औंस के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

**एमसीएक्स पर भाव**

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर, दिसंबर डिलीवरी वाले सोने के वायदा भाव 1,962 रुपये या 1.66 प्रतिशत बढ़कर 1,20,075 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गए। इसी तरह, फरवरी 2026 अनुबंध में भी तेजी 7वें सत्र तक जारी रही, जो 2,017 रुपये या 1.69 प्रतिशत बढ़कर 1,21,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह पीली धातु वायदा में 3,222 रुपये प्रति 10 ग्राम या 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

### घरेलू वायदा कारोबार में सोना पहली बार 1.20 लाख के पार

खबर के मुताबिक, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में अतिरिक्त कटौती की बढ़ती स्वीकार्यता के बीच मजबूत वैश्विक रुझानों के चलते सोमवार को घरेलू वायदा कारोबार में सोने की कीमतें पहली बार 1.20 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गईं। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी सरकार के मौजूदा बंद और बढ़ते व्यापार एवं भू-राजनीतिक तनाव भी सुरक्षित निवेश वाली इस परिसंपत्ति की मांग को बढ़ा रहे हैं।

### त्योहारी सीजन में भारी बढ़ोतरी से राहत!

## डीजीसीए ने एयरलाइंस को दिया बड़ा निर्देश



**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन आते ही लोगों को महंगी टिकटों की चिंता सताने लगती है। दीपावली और छठ जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान हवाई किराए में जबरदस्त बढ़ोत्तरी देखने को मिलती है। हालांकि, इस साल यात्रियों को राहत मिल सकती है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि एयरलाइन कम्पनियां प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त उड़ानों की व्यवस्था करेंगी, ताकि त्योहारों के दौरान हवाई किराए में बढ़ोतरी को रोका जा सके। वहीं, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि हवाई किराए की निगरानी और अनावश्यक बढ़ोत्तरी पर रोक लगाना डीजीसीए की जिम्मेदारी है।

**एयरलाइन कम्पनियों से हुई सकारात्मक चर्चा-** डीजीसीए ने एयरलाइनों के साथ हुई बैठक को सकारात्मक बताया। डीजीसीए के अनुसार, एयरलाइनों ने अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने का वादा किया है, ताकि त्योहारी सीजन में यात्रियों को सस्ती यात्रा उपलब्ध कराई जा सके। आंकड़ों के अनुसार, इंडिगो 42 सेक्टरों में लगभग 730 अतिरिक्त उड़ानें, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस 20 सेक्टरों में 486 अतिरिक्त उड़ानें, जबकि स्पाइसजेट 38 सेक्टरों में 546 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। इससे त्योहारों में बढ़ने वाले किराए को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी और यात्रियों को सामान्य किराए पर यात्रा करने का मौका मिलेगा।

**सख्त निगरानी रखेगा डीजीसीए-** अक्टूबर से दिसंबर के बीच भारत में यात्रा का पीक सीजन रहता है, जिससे कई रूट्स पर भारी भीड़ और टिकटों की कीमतों में उछाल देखा जाता है। इस बार डीजीसीए ने स्पष्ट किया है कि एयरलाइनों की उड़ानों और हवाई किरायों पर सख्त निगरानी रखी जाएगी, ताकि यात्रियों को समय पर और सस्ती टिकट मिल सके। एविएशन एनालिटिक्स फर्म सिरियम के अनुसार, भारतीय एयरलाइंस अक्टूबर महीने में 22,945 घरेलू उड़ानें संचालित करने की योजना बना रही हैं, जो पिछले साल की तुलना में करीब 2.1 प्रतिशत कम है।

### क्यों बढ़ते हैं त्योहारों में हवाई किराए

भारत में त्योहारी सीजन के दौरान लोग अपने परिवारों के साथ त्योहार मनाने के लिए बड़े पैमाने पर यात्रा करते हैं। दीपावली और छठ जैसे पर्वों के समय यात्रा की मांग कई गुना बढ़ जाती है। मांग अधिक और उड़ानों की संख्या सीमित होने के कारण टिकटों की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। हालांकि, इस साल डीजीसीए और एयरलाइनों की संयुक्त पहल से उम्मीद है कि यात्रियों को महंगे टिकटों से राहत मिलेगी और वे सामान्य किराए पर यात्रा कर सकेंगे।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र की जुलाई-सितंबर तिमाही में ऋण वृद्धि 16.8 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 16.8 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के साथ 2.54 लाख करोड़ रुपए की ऋण वृद्धि दर्ज की है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 30 सितंबर 2024 तक कुल अग्रिम 2.17 लाख करोड़ रुपए था। पुणे स्थित इस बैंक ने बताया कि उसकी कुल जमा राशि 12.1 प्रतिशत बढ़कर 3.09 लाख करोड़ रुपए हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही के अंत में यह 2.76 लाख करोड़ रुपए थी। बैंक का कुल कारोबार 14.2 प्रतिशत बढ़कर 5.64 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 4.94 लाख करोड़ रुपए था। बीओएम का चालू खाता एवं बचत खाता में कुल जमा का 50.35 प्रतिशत रहा, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही के अंत में यह 49.29 प्रतिशत था। सितंबर 2025 के अंत तक बैंक का ऋण जमा अनुपात 71.7 प्रतिशत से बढ़कर 82 प्रतिशत हो गया।




## शेयर बाजार ने दिखाई धमक, सेंसेक्स 583 अंक उछलकर बंद

### निफ्टी 25 हजार के पार, ये प्रमुख स्टॉक्स चमके

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार ने सप्ताह के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार, 6 अक्टूबर को शानदार बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स आखिर में 582.95 अंकों की तेज बढ़ोत्तरी के बाद 81,790.12 के लेवल पर बंद हुआ। इसी तरह, एनएसई का निफ्टी भी सत्र के आखिर में 183.4 अंकों की तेजी के साथ 25,077.65 के लेवल पर बंद हुआ। बाजार में तेजी बैंक शेयरों में मजबूत खरीदारी और सकारात्मक वैश्विक संकेतों के चलते दर्ज की गई। निफ्टी में सबसे ज्यादा बढ़त मैक्स हेल्थकेयर, श्रीराम फाइनेंस, अपोलो हॉस्पिटल्स, टीसीएस, टेक महिंद्रा के शेयरों में देखने को मिली, जबकि टाटा स्टील, अदानी पोर्ट्स, पावर ग्रिड कॉर्प, आईटीसी और एनटीपीसी के शेयरों में गिरावट रही।

**इन सेक्टर्स के स्टॉक्स में दिखी ये हलचल-** खबर के मुताबिक, सेक्टरों में आईटी इंडेक्स 2 प्रतिशत, हेल्थकेयर इंडेक्स 1 प्रतिशत, प्राइवेट बैंक इंडेक्स 1.2 प्रतिशत, ऑयल एंड गैस इंडेक्स 0.7 प्रतिशत और पीएसयू बैंक इंडेक्स 0.4 प्रतिशत बढ़ा, जबकि मेटल, मीडिया और एफएमसीजी में 0.3-0.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.7 प्रतिशत बढ़ा, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ।



**आईटी और बैंकिंग शेयरों में रही तेजी-** निवेशकों की ओर से वैल्यू बायिंग के चलते निफ्टी ने बीते तीन कारोबारी सत्रों में 466 अंकों (1.89 प्रतिशत) की मजबूती दर्ज करते हुए सोमवार को एक बार फिर 25 हजार का स्तर हासिल कर लिया। सेंसेक्स की प्रमुख कम्पनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व और इटरनल जैसे शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 88. 78 |
| एक यूरो | 104. 44 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 119. 97 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 58. 59 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 106 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 108 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-110 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -74 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो

### सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-124050 चांदी -154500

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-124050 चांदी -154500

### दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
**फोन- 4067270, 9826035338**

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 9500-10000, फाइन 105000-11000, एकस्ट्रा बोल्ड 11500-12000, चना दाल एवरेज 7200-7400 चना दाल मार्का 7300-7500, मसूर दाल एवरेज 7600-7700, मसूर दाल फाइन 8200-8300, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9500-10000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 11000-11200। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3200-3400, बेस्ट 3400-3600, बीपीटी चालू 4000-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5500-5600 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5000-5200, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 3500-4000, बेस्ट 4000-4200, मोगरा- 5000-5800, दुबार- 5500-6000, तिबार- 6000-7500, बासमती 7500-8500, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4350-4400, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

### लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6000, 8 एम एम 5780, 10 एम एम 5660,12 एम एम, 5600 एवं 16 एम 5600 रु.। तार- 75 रु. किलो।

## चीन से नजदीकी भी नहीं आई काम, हाई टैरिफ से इकोनॉमी का हो गया बड़ा नुकसान!

**नई दिल्ली।** देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए किए जा रहे लगातार प्रयासों के बीच सेवा क्षेत्र से निराशाजनक खबर आई है। हाल ही में हुए जीएसटी सुधारों से जहां घरेलू मांग और कारोबारी गतिविधियों में तेजी की उम्मीद जताई जा रही थी, वहीं सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर सितंबर में धीमी पड़ गई है।

एचएसबीसी द्वारा जारी भारत सेवा पीएमआई सर्वेक्षण के अनुसार, सितंबर 2025 में सेवा क्षेत्र का व्यावसायिक गतिविधि सूचकांक (पीएमआई) घटकर 60.9 पर आ गया, जबकि अगस्त में यह 15 साल के उच्च स्तर 62.9 पर था। हालांकि यह स्तर 50 अंक के तटस्थ स्तर से ऊपर है, जो यह दर्शाता है कि अर्थव्यवस्था में अभी भी वृद्धि जारी है, लेकिन यह वृद्धि अब पहले की तुलना में धीमी गति से हो रही है। सर्वेक्षण के अनुसार, सेवा क्षेत्र की सुस्ती की एक प्रमुख वजह नए ऑर्डर और कारोबारी गतिविधियों की धीमी रफ्तार है। इसके साथ ही भारतीय सेवाओं की अंतर्राष्ट्रीय मांग में नरम सुधार देखने को मिला है। सितंबर में निर्यात ऑर्डरों में वृद्धि तो दर्ज की गई, लेकिन यह मार्च के बाद से सबसे कमजोर स्तर पर रही। कम्पनियों ने कहा कि अन्य देशों में कम कीमतों पर सेवाओं की उपलब्धता से प्रतिस्पर्धा बढ़ी है, जिससे भारत की बाहरी बिक्री पर दबाव पड़ा। मूल्य स्तर के मोर्चे पर स्थिति थोड़ी बेहतर रही। सर्वेक्षण में बताया गया कि मुद्रास्फीति की गति मार्च के बाद से सबसे धीमी रही और यह दीर्घकालिक औसत के अनुरूप थी। सितंबर में भारतीय सेवाओं की कीमतें कमजोर दर से बढ़ीं, जिससे उपभोक्ताओं को कुछ राहत मिली।



सितंबर के दौरान रोजगार सृजन भी धीमा रहा। सर्वे में शामिल कम्पनियों में से 5 प्रतिशत से भी कम ने नई भर्तियों की सूचना दी। इसका मतलब है कि सेवा क्षेत्र में रोजगार वृद्धि सीमित रही और नई नौकरियों के अवसर घटे।

## कैट, मेराकी लाइफ स्टाइल एग्जीबिशन की एक अनोखी पहल

### स्वदेशी, हस्तशिल्प आर्ट, मेड इन इंडिया पर आधारित व्यापारी मेले का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** कैट एवं मेराकी लाइफस्टाइल संस्था द्वारा होटल गुलजार में दो दिवसीय स्वदेशी, हस्तशिल्प आर्ट, मेड इन इंडिया पर आधारित व्यापारी मेले का आयोजन किया गया। इस व्यापारिक मेले का उद्घाटन जबलपुर की राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मिक एवं जबलपुर के मेयर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं विधायक अभिलाष पाण्डेय द्वारा किया गया। व्यापारिक मेले में करीब 50 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए हैं। अत्यधिक स्टॉल महिला उद्यमी द्वारा लगाए गए हैं। इस मेले में महिला सशक्तिकरण की एक अनोखी पहचान देखने को मिली है। इस मौके पर श्रीमती सुमित्रा बाल्मिक ने करीब 25 से अधिक उद्यमी महिलाओं एवं मेले में आए हुए उपभोक्ताओं को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलवाई गई। जबलपुर मेयर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने भी कई दुकानदारों एवं उपभोक्ताओं को मेड इन इंडिया एवं त्यौहार की खरीदी बाजार जाकर करेंगे, अपने गली मोहल्ले की दुकानों से सामान खरीदेंगे, की शपथ दिलाई। कैट टीम से जितेंद्र पचौरी, दीपक सेठी, राजीव बड़ेरिया एवं टीम मेराकी से सीमा सिंह चौहान, प्रतिभा जैन, नम्रता भाटिया सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## कैश ऑन डिलिवरी पर एक्स्ट्रा चार्ज! ग्राहकों को ठगना अब ई-कॉमर्स कम्पनियों को पड़ेगा महंगा

**नई दिल्ली।** देश में तेजी से लोकप्रिय हो रही ई-कॉमर्स कम्पनियों का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन इसी के साथ इन प्लेटफॉर्म्स के कामकाज को लेकर सवाल भी उठने लगे हैं। हाल के महीनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें ग्राहकों से कैश ऑन डिलिवरी विकल्प चुनने पर अतिरिक्त शुल्क वसूला जा रहा है। अब सरकार ने इस पर सख्त रुख अपनाया है और ऐसी कम्पनियों के खिलाफ जांच तेज कर दी है.

**सरकार के निशाने पर आए ई-प्लेटफॉर्म्स-** उपभोक्ता मामलों का विभाग उन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स की जांच कर रहा है, जो ग्राहकों से नकद भुगतान के विकल्प पर अतिरिक्त चार्ज लेते हैं। केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने हाल में एक ट्वीट में ऐसे मामलों को डार्क पैटर्न करार दिया है,यानी ऐसी भ्रामक रणनीतियां, जिनसे उपभोक्ताओं को गुमराह कर अतिरिक्त भुगतान करवाया जाता है। जोशी ने कहा कि सरकार उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए सख्त कदम उठाएगी और ई-कॉमर्स क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आवश्यक सुधार करेगी।



**नए कानून की तैयारी में सरकार**

सरकार पहले ही ई-कॉमर्स कम्पनियों को चेतावनी दे चुकी है कि वे उपभोक्ताओं के साथ अनुचित व्यवहार न करें। इसके साथ ही, डार्क पैटर्न्स और अतिरिक्त शुल्क वसूली जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए नए कानून लाने की तैयारी भी चल रही है। सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि उपभोक्ताओं को खरीदारी के दौरान पूर्ण पारदर्शिता मिले और उन्हें किसी भी तरह से छिपे हुए शुल्क या भ्रामक विकल्पों से गुमराह न किया जाए। कुल-मिलाकर, ई-कॉमर्स कम्पनियों पर सरकार की इस सख्ती से उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में ऑनलाइन खरीदारी को अधिक पारदर्शी और उपभोक्ता-हितैषी बनाया जा सकेगा।

### कैश ऑन डिलिवरी पर वसूले जा रहे हैंडलिंग चार्ज

यह विवाद तब सामने आया जब सोशल मीडिया पर कई उपभोक्ताओं ने स्क्रीनशॉट साझा किए, जिनमें कुछ कम्पनियों द्वारा पेमेंट हैंडलिंग चार्ज के नाम पर अतिरिक्त शुल्क वसूला गया था। एक्स प्लेटफॉर्म पर कई यूजर्स ने जोमैटो, स्विगी और जेप्टो जैसी ऐप्स पर रेन फीस और अन्य अतिरिक्त चार्ज को लेकर भी नाराजगी जताई।

इन शिकायतों के बाद सरकार अब इस मुद्दे पर एक्शन मोड में है। जोशी ने शुक्रवार को ट्वीट किया कि इन मामलों की गहन जांच की जाएगी और जो कम्पनियां उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन कर रही हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**मकान बेचना है**
मिनी ड्यूप्लेक्स- 27 प्लाट 14x32.5= 450 वर्गफुट लगभग सुभाष नगर महाराजपुर महर्षि विद्या मंदिर के पीछे जबलपुर में बेचना है-
संपर्क: केदार प्रसाद बिजपुरिया
8109324186
9303003069
र.नं.- 1024

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु कॉम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान युवक की हत्या

## आक्रोशित लोगों ने लाश रखकर किया प्रदर्शन



**जबलपुर, देशबन्धु।** माढ़ोताल थानांतर्गत दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान आपसी रंजिश के कारण पांच युवकों ने एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी युवकों की तलाश प्रारंभ कर दी है।

माढ़ोताल डीएसपी बीएस गठोरिया ने बताया कि राजीव गांधी वार्ड नम्बर 5 में स्थित दुर्गा प्रतिमा को विसर्जन के लिए हनुमानताल ले जाया जा रहा था। विसर्जन जुलूस रात लगभग 10 बजे मोहल्ले में स्थित टॉल के सामने पहुंचा।

इसी दौरान विसर्जन जुलूस में शामिल ईश्वरी प्रसाद बंशकार गली में चला गया। गली में पहले से खड़े फुलवर भट्ट, अरुण भट्ट, अरुण जैन, राज भट्ट तथा शिवम चक्रवर्ती उसके साथ आपसी रंजिश के कारण गाली-गलौज करने लगे। युवक ने विरोध किया तो सभी ने मिलकर उस पर लाठी तथा धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे प्रारंभिक जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश प्रारंभ कर दी है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद युवक की लाश को परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। पीड़ित परिजनों तथा आक्रोशित क्षेत्रीय लोगों ने चुंगी नाका में लाश रखकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। पीड़ित पक्ष को समझाइश देने के बाद उन्होंने प्रदर्शन समाप्त कर दिया और शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए। आरोपी के संभावित ठिकानों में दबिश जारी है और उन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## टेमर भीटा में दो मौत के बाद प्रदर्शन



जबलपुर, देशबन्धु। विगत दिवस प्रतिमा विसर्जन के दौरान हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत के बाद सोमवार को क्षेत्रीयजनों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर कैंट विधायक अशोक रोहाणी मौके पर पहुंचे और लोगों की समस्या सुनी। क्षेत्रीयजनों ने बताया कि शांति समिति की बैठक में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने पर चर्चा हुई थी फिर भी हादसा हुआ।

## गढ़ा दशहरा चल समारोह में हुए हादसे के बाद क्षेत्रीजनों का विरोध



**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा दशहरा चल समारोह में स्वागत मंच का ट्रेस गिरने से एक महिला की मौत हो गई और एक 11 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। इस हादसे पर समितियों में आरोप प्रत्यारोप की स्थिति बनी है। शिव शक्ति समिति के तनिष्क पांडे के द्वारा गढ़ा चल समारोह समिति एवं रामलीला समिति पर भारी अनियमितताओं का आरोप लगाया गया एवं भारी जन समूह के साथ काले झंडे दिखाकर प्रशासन और गढ़ा चल समारोह एवं रामलीला समिति के मुरदाबाद के नारे लगाए गए एवं शांतिपूर्ण रूप से पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में धरना प्रदर्शन किया।

# उलटी-दस्त व हैजा फैलने से 41 बीमार

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले के ग्राम उमरिया में उल्टी-दस्त व हैजा फैल जाने से लगभग 41 लोग बीमार हो गए। जिनका इलाज शासकीय जिला अस्पताल सहित अन्य निजी अस्पतालों में चल रहा है। संक्रामक बीमारी के फैलने के बाद स्वास्थ्य विभाग सहित पीएचई विभाग में हड़कम्प की स्थिति बन गई।

आनन-फानन में स्वास्थ्य और पीएचई विभाग की टीम ग्राम पहुंची और वहां का दौरा किया। बताया जाता है कि यह बीमारी दूषित पानी पीने के कारण फैली है। ग्राम उमरिया में बीते तीन दिन पहले ही पानी की टंकी की साफ-सफाई की गई थी। बावजूद इसके लोगों में संक्रामक बीमारी फैलने से पीएचई विभाग पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में अब दहशत बढ़ती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने एडवाजरी जारी करते हुये सभी अपील की है कि अपने घरों में पानी जमा न होने दें। साथ ही आसपास साफ-सफाई रखें।



# जॉइनिंग लेटर के एवज में मांगी 50 हजार की रिश्वत

## परियोजना अधिकारी सहित 4 महिला अधिकारियों पर प्रकरण दर्ज

**जबलपुर, देशबन्धु।** आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर चयनित होने के बावजूद भी जॉइनिंग लेटर जारी करते हुए महिला एवं बाल कल्याण विभाग की परियोजना अधिकारी तथा तीन सुपरवाइजर इनाम के तौर पर 50 हजार रुपये की मांग कर रही थी। लोकायुक्त ने उन्हें 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा। लोकायुक्त ने सभी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की।

लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक जबलपुर अंजुलता पटले से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूजा उइके का महिला एवं बाल विकास विभाग में ग्राम उमरघोड़ में वरीयता के आधार पर आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर चयन हुआ था। जॉइनिंग लेटर देने के बाद परियोजना अधिकारी जुन्नारदेव सीमा पटेल उम्र 40 साल ने सुपरवाइजर लक्ष्मी पंडोल तथा बिंदु माहोरे के माध्यम से इनाम के रूप में 50 हजार की मांग कर रही थीं, जिसकी शिकायत पीड़िता ने लोकायुक्त में की थी। शिकायत का सत्यापन करने पर सही पाई गई थी। पीड़िता रिश्वत की पहली किश्त 20 हजार रुपये लेकर परियोजना अधिकारी जुन्नारदेव के कार्यालय पहुंची। पीड़िता को रिश्वत की राशि सुपरवाइजर आरती आम्रवंशी को देने के लिए कहा गया। आरती ने जैसे ही रिश्वत की रकम लेकर अपने पास रखी,



तभी लोकायुक्त की टीम ने दबिश देकर उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। लोकायुक्त की टीम ने चारों महिला कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 तथा 13 के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की। लोकायुक्त के ट्रैप दल में निरीक्षक उमा कुशवाहा, निरीक्षक शशि मुस्कले, निरीक्षक जितेन्द्र यादव सहित अन्य शामिल थे।

# खाद्य विभाग की खोबा मण्डी में ताबड़तोड़ कार्रवाई

## कई दूकानों से लिया खोवा-पेड़ा के सैंपल

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के द्वारा त्यौहारों के अवसर पर अधिक मात्रा में विक्रय होने वाले मावा, मिठाइयों तथा नमकीन आदि की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये खाद्य सुरक्षा प्रशासन को निरंतर निरीक्षण तथा नमूना संग्रहण के निर्देश दिये गये हैं। निर्देश के पालन में सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा शरद पूर्णिमा के अवसर पर जिले में विक्रय हो रहे खोवा तथा पेड़ा के नमूने एकत्र किये गये। लिये गये नमूनों में खोवा मण्डी कमानिया गेट स्थित शिखरचंद राकेश कुमार खोवा भण्डार से खोवा, महावीर दूध भण्डार से खोवा पेड़ा, गरीबदास नेमा खोवा वाले से खोवा, सचिन नेमा से खोवा पेड़ा, रियल इंदौर सेव भण्डार से खोवा पेड़ा तथा बूंदी लड्डू पाटन रोड़ स्थित न्यू साई राम स्वीट्स से मावा पेड़ा, कटंगी रोड़ स्थित तिवारी बेकरी एण्ड स्वीट्स से मावा पेड़ा, धनवंतरी नगर स्थित श्री कृष्ण स्वीट्स से पेड़ा, सुदर्शन डेयरी से



मावा, बरगी स्थित श्री गुरुदेव स्वीट्स से मावा, ओम साईराम डेयरी से मावा, रांझी स्थित बबली स्वीट्स एण्ड नमकीन से खोवा पेड़ा तथा पनीर, राज स्वीट्स से खोवा पेड़ा तथा मावा, आईटीआई चुंगीनाका, कटंगी रोड़ स्थित जयसवाल स्वीट्स से मावा पेड़ा, मुन्ना होटल से मावा पेड़ा, सिहोरा स्थित कृष्णा दूध डेयरी से मावा, बनारसी स्वीट्स से मावा पेड़ा तथा चावला रेस्टोरेंट से मावा पेड़े के नमूने लिये गये । कलेक्टर जबलपुर के निर्देशानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण तथा नमूना संग्रहण की कार्यवाही दीपावली तक नियमित रूप से जारी रहेगी।

## किसान की मौत पर आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के खमरिया थाना क्षेत्रांतर्गत खेत में बनी एक झोपड़ी में आकाशीय बिजली गिरने से एक 60 वर्षीय किसान की झुलसकर मृत्यु होने की घटना समाने आई है। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, सदस्य डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकलपीठ ने जनहित में प्रथम दृष्टया मानव अधिकारों के उल्लंघन का मामला मानकर,जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर, मृतक के उत्तराधिकारियों को देय आर्थिक सहायता, मुआवजा दिये जाने के संबंध में जांच कराकर कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

# कोटा में विजिलेंस टीम के छापे से मची अफरातफरी

## 2 टीटीई से 25 हजार जब्त किये, प्रकरण दर्ज

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे बोर्ड दिल्ली मुख्यालय द्वारा नियम विरुद्ध कार्य करने और कर्मचारियों की मनमानी किए जाने पर शिकंजा कसना शुरू किया जा रहा है। रेलवे बोर्ड दिल्ली के कार्यपालक निदेशक (सतर्कता) दिलीप सिंह ने इस संबंध में पमरे के जबलपुर जोन सहित अन्य सभी जोनल महाप्रबंधक कार्यालय में पदस्थ मुख्य सतर्कता अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे नियमविरुद्ध कार्य करने और विभाग को नुकसान पहुंचाने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई कर रोक लगाई जाए।

इसी कड़ी में मुख्य सतर्कता अधिकारी जबलपुर नीरज कुमार के निर्देशन में 5 अक्टूबर को ट्रेन नंबर 12471 स्वराज एक्सप्रेस, जो कि बांद्रा से कोटा के लिए संचालित की जा रही थी, उस ट्रेन में कंडक्टर एवं एक उपमुख्य टिकट निरीक्षक को अचानक सतर्कता निरीक्षकों की टीम ने पकड़ा और इन दोनों कर्मचारियों की शासकीय राशि एवं निजी राशि का भौतिकी सत्यापन किया गया।

इस दौरान जब इनकी राशि की गिनती की गई तो एक कंडक्टर के पास 16 हजार 798 रुपये और दूसरे टिकट निरीक्षक के पास से 7580 रुपये की राशि अधिक पाई गई। इन दोनों कर्मचारियों से जब मुख्य सतर्कता निरीक्षकों की टीम ने पूछताछ की तो यह दोनों इस राशि के संबंध में किसी भी प्रकार का संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। इस राशि को बुकिंग कार्यालय में जमा कराया गया है। मुख्य सतर्कता निरीक्षकों की टीम द्वारा इन दोनों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार, ये दोनों कर्मचारी पश्चिम रेलवे मुम्बई जोन के हैं। मामले को पश्चिम रेलवे मुम्बई भेजा जाएगा।

# कई ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन की अवधि 4 दिन बढ़ी

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम-मध्य रेलवे के कोटा रेलवे स्टेशन में चल रहे पुनर्विकास कार्य के कारण यात्रियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। विभाग ने इन कार्यों के कारण कई ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन की अवधि को 4 दिन के लिए बढ़ाया गया है। इसके चलते जबलपुर-अजमेर दयोदय सहित अन्य ट्रेनें 8 अक्टूबर तक कोटा स्टेशन के स्थान पर सोगरिया स्टेशन होकर संचालित की जाएंगी।

**ये ट्रेनें सोगरिया होकर चलेंगी-** जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस ट्रेन नं. 12181, अजमेर- जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस नं. 12182, भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस नं. 14814, जोधपुर-भोपाल नं. 14813 एवं कोटा-सवाई माधोपुर मेमू नं. 61621


**यह ट्रेनें सोगरिया तक ही आकर रुकेंगी-** बीना-कोटा 11604, इंदौर-कोटा 22984, बीना-कोटा 61634 एवं इटावा-कोटा 19812।

**माधव नगर अस्थायी ठहराव-** सतगुरु बाबा नारायण शाहजी की बरसी के पर्व पर यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इन ट्रेनों का ठहराव 8 से 11 अक्टूबर तक माधवनगर में 1 मिनट का दिया गया है।

**यह ट्रेनें रुकेंगी** 1. 11273/11274 इटारसी-प्रयागराज-छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस 2. 11271/11272 इटारसी-भोपाल-इटारसी विन्ध्याचल एक्सप्रेस 3. 11265/11272 जबलपुर-अंबिकापुर जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस।

# छात्रावास की खिड़की से लटका मिला छात्रा का शव

## हॉस्टल में फैली दहशत, दीवार पर लिखा सब मरोगे




**सीधी, देशबन्धु।** जिले के एक छात्रावास में छात्रा की मौत का मामला सामने आया है। शहर के एक हॉस्टल में 11वीं में पढ़ने वाली छात्रा का शव खिड़की से लटकता देखा गया। घटना रविवार समय शाम के 4 के आसपास घटित हुई। बजाया जा रहा है कि मृतका कल्पना जायसवाल पिता राम कृपाल जायसवाल निवासी ग्राम पैगम्पा थाना बहरी जो सीधी जिले के शहर में स्थित मैथिली बालिका छात्रावास क्रमांक एक में अपने पांच अन्य सहेलियों के साथ रहती थी। वह कक्षा ग्यारहवीं में एग्रीकल्चर विषय से अध्ययनरत थी। घटना के समय रविवार होने की वजह से उसकी दो अन्य सहेलियां छुट्टी में घर गई हुई थीं। दो बाजार गई हुई थीं।

### दीवार पर लिखा संदेश देख छात्राओं में भय

जब सहेलियां बाजार से लौटी तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। उनके होश तो तब उड़ गये जब बगल की दीवार में लिखा था सब मरोगे। छात्रा का शव दुपट्टे से लटकता हुआ खिड़की से महज 4:30 फीट में मिला। उसके शरीर का आधे से अधिक भाग जमीन पर था। मृतका के साथ रह रही संतोषी सेन एवं हॉस्टल इंचार्ज अमृता सिंह ने बताया कि मृतका का किसी से कोई बात विवाद नहीं था। वह शांत प्रवृति की छात्रा थी। वहीं दूसरी ओर बाबा पुरुषोत्तम जायसवाल ने बताया कि जिस तरह से संदिग्ध परिस्थितियों में मृतका का शव मिला है, ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता यह हत्या है या आत्महत्या। मामले को लेकर के कोतवाली थाना प्रभारी कन्हैया सिंह बघेल ने बताया कि प्रथम दृश्य यह आत्महत्या का मामला लगता है। जांच के उपरांत जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।


आवश्यकता है
मशीन विभाग में कार्य करने हेतु मशीनमैन की आवश्यकता है।
इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति पूरे विवरण एवं फोटो के साथ व्यक्तिगत सम्पर्क करें:-
अच्छा वेतन योग्यतानुसार
कार्मिक प्रबंधक - 9424643421
श्रीजी प्रिंटर्स, दैनिक देशबन्धु, नौदरापुल, जबलपुर


# बाइक से आए नकाबपोश बदमाशों ने चलाई दनादन गोलियां

**सतना, देशबन्धु।** शहर के हालात इन दिनों ठीक नहीं चल रहे। कोलगवां थाना अंतर्गत टिकुरिया टोला में सोमवार की दोपहर फिर से दानदन गोलियां चली हैं। दो दिन पहले बदला लेने की नीयत से डीजे संचालक को गोली मारने के बाद अब दीगर बदमाशों ने फिर से इसी इलाके में फायरिंग करते हुए दहशत का माहौल बनाया है। खबर पाते ही टीआई सुदीप सोनी मौके पर पहुंचे। जहां गोलियों के निशान और चली हुई गोली के खोखे मिले हैं।

वारदात का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें मोटर साईकिल पर पीछे बैठा बदमाश कार को निशाना बनाने के बाद हवाई फायर करते नजर आया। यह बात सामने आई है कि यह वारदात भी पुराने विवाद को लेकर हुई है। चर्चा ऐसी है कि ध्रुव पटारिया और देव पटारिया का विवाद चंदन द्विवेदी से होने के बाद गोलियां चलाई गई हैं। सूत्र बता रहे हैं कि जब गोली चलाने की वारदात हुई तब चंदन द्विवेदी बदमाशों की गाड़ी के आगे भाग रहा था। गली में मुड़ जाने पर



बाइक सवार हवाई फायर कर तेज रफ्तार निकल गए। इस बड़ी दूसरी वारदात ने पुलिस के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। यहां बता दें कि दो दिन पहले ही डीजे संचालक अंकुर गुप्ता को जान से मारने की नीयत से उस पर गोली चलाई गई थी। फिलहाल अंकुर रीवा में भर्ती है और यहां अपराधियों की बार बार धमकी मिलने पर अंकुर के परिजन सोमवार की दोपहर ही एडिशनल एसपी शिवेश सिंह बघेल से मिलकर अपराधियों को पकड़ने की मिन्नत कर चुके हैं।


सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 92
मिडियम ब्रॉयलर - रु. 100
छोटा ब्रॉयलर - रु. 106
मो.- 9039925999

J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 110
मुर्गा मीडियम - रु. 104
मुर्गा बड़ा - रु. 96
मुर्गा जम्बो - रु. 96
मो.-9039925000, 9425800409

FOR PRIVATE SCREENING CALL +917999968989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888, 4069889
समदड़िया सिनेमा
BOOK YOUR TICKET & FOOD NO WhatsApp SAMDREEYACINEMA+917999968989





KANTARA CHAPTER-2
09:30AM 10:30AM
12:30PM 01:30PM
02:30PM 03:45PM
05:00PM 07:00PM
08:15PM 09:40PM
10:30PM 11:15PM





SUNNY SANSKARI KI TULSI KUMARI
09:30AM 10:30AM
12:00PM 02:30PM
04:30PM 05:30PM
08:15PM 10:45PM





AVATAR THE WAY OF WATER (Re-release) 3Dhindi
01:30PM





JOLLY LLB.3
07:00PM